राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 30 जून 2026

वर्ष 07, अंक 263, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बंचा लीजिये कप्तान साहब! मार डालेंगे ससुराल वाले...02

20.98 करोड़ के कारोबार का समन मिला तो उड़े होश....11

# यूपी में बाबर नहीं अब रामराज चलेगा-योगी आदित्यनाथ

● मुरादाबाद से सीएम योगी का विपक्ष पर वार, बोले- यूपी में बाबर नहीं, रामराज चलेगा

● यूपी में बाबर नहीं अब रामराज चलेगा... मुरादाबाद में सीएम योगी का सपा पर हमला

## मुरादाबाद में 'व्यापारी कल्याण दिवस' पर 365 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण



**लखनऊ -उत्तर प्रदेश** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में 'व्यापारी कल्याण दिवस' पर 365 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद अब कर्फ्यू से नहीं, ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में जाना जाता है. सीएम योगी ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी में बाबर का नहीं, राम राज चलेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुरादाबाद में दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आयोजित 'व्यापारी कल्याण दिवस' एवं 365 करोड़ से रुपए अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि नौ साल पहले मुरादाबाद की पहचान कर्फ्यू और गंदगी से होती थी, लेकिन आज का मुरादाबाद अपनी पहचान बदल चुका है. इसके साथ उन्होंने सपा, कांग्रेस और बसपा पर हमला बोला और साफ कहा कि यूपी में बाबर का राज नहीं, राम राज चलेगा.

सीएम योगी ने कहा कि आज का मुरादाबाद यहां के युवाओं, व्यापार और एक ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में जाना जाता है.नौ साल पहले के मुरादाबाद और आज के मुरादाबाद में जमीन-आसमान का अंतर है. उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के पास अपना विश्वविद्यालय है. मुरादाबाद यहां की युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभाओं के लिए जाना जा रहा है. किसानों की नवाचार के लिए अपनी पहचान बना रहा है. अब यहां की सड़कें चौड़ी हैं।

**ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है यूपी**

उन्होंने कहा कि यह तब संभव हो पा रहा है, जब आपने अच्छे लोग चुने हैं. आज विकास हो रहा है. गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. जो योजनाएं हमारी संज्ञान में आती हैं. उस पर कार्यवाही होती है. उन्होंने कहा कि 2017 से पहले कहां तात्कालीन मुख्यमंत्री के पास इतनी फुर्सत थी. जनता-जनार्दन का हालचाल लेने की फुर्सत कहां थी। उसी में जो भूले भटके मिल गये. जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा कहां जाता था। इस पैसे में कैसे डकैती होती है, मनमाना खर्च होता था. सीएम योगी ने कहा कि पहले नौजवानों के पास नौकरी नहीं थी. यह हाल था कि 'देख सपाई, बिटिया घबराई' का माहौल चलता था. बेटी और व्यापारी मजबूर थे. शासन का कोई विजन नहीं था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है।

**यूपी में अब चलेगा रामराज**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा (SP) और बसपा (BSP) के पास कोई विजन नहीं है. उनके लिए विजन का मतलब सिर्फ उनका परिवार है. यूपी में दंगे नहीं होते हैं. यूपी में बाबर का राज नहीं चलेगा, अब राम राज चलेगा.पिछ्ली सरकारों की सोच कब्रिस्तान की सोच थी। अब यूपी में सब चंगा (बढ़िया) है. उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी या व्यापारी जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराता है. तो सरकार 10 लाख का बीमा कवर भी दिया जाता है. उन्होंने कहा कि व्यापारियों की शक्ति प्रदेश की प्रगति का आधार है। परिवर्तन लाने के लिए पीएम मोदी के विजन को जमीन पर उतारा जा रहा है।

# भव्यता के साथ मनाई गई भामाशाह जयंती, उत्कृष्ट करदाताओं को मिला 'भामाशाह सम्मान'

● भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में व्यापारियों और उद्यमियों की अहम भूमिकाः नंदी

● ईमानदारी से कर देने वाले व्यापारी आधुनिक युग के भामाशाहः मंत्री





**ब्यूरो प्रयागराज।** दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर सोमवार को जिला पंचायत सभागार में 'व्यापारी कल्याण दिवस' भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के सर्वाधिक राजस्व कर देने वाले व्यापारियों एवं समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उद्यमियों को 'भामाशाह सम्मान' से सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद सेंट एंथोनी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को भव्यता प्रदान की।

मंत्री नंदी ने प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रतिष्ठानों एवं उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में मेसर्स मिनिस्ट्रियल ऑफ रेलवे, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, डेज मेडिकल कॉर्पोरेट प्रा. लि., मदन कलेक्शन, एआरसी ऑटोमोबाइल्स, श्री साई एजेंसीज, आइडियल सिक्योरिटी प्रा. लि., राज राजेश्वरी सेल्स सर्विस, लल्लू जी एंड संस तथा मिलन बीड़ी वर्क्स प्रमुख रहे।

अपने संबोधन में मंत्री नंदी ने कहा कि दानवीर भामाशाह केवल महान दानी ही नहीं, बल्कि कुशल आर्थिक प्रबंधक भी थे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उनकी जयंती को 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय व्यापारियों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी और उद्यमी आज के युग के वास्तविक भामाशाह हैं, क्योंकि उनके द्वारा दिए गए कर से ही राष्ट्र और प्रदेश का विकास संभव हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 'भय नहीं, उत्साह चाहिए–देश को भामाशाह चाहिए।' प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और भारत हर चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। जीएसटी व्यवस्था को व्यापारियों के लिए अधिक सरल बनाया गया है तथा उत्तर प्रदेश आज 'रेवेन्यू सरप्लस स्टेट' और 'नए भारत का ग्रोथ इंजन' बनकर उभर रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, रेलवे, जलमार्ग और औद्योगिक विकास की बदौलत निवेश का अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। देश-विदेश की बड़ी कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं और राज्य एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारियों द्वारा जमा किए गए कर से गरीबों के कल्याण की योजनाएं संचालित होती हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, शौचालय निर्माण तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक करदाताओं के योगदान से ही पहुंचता है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में टैक्स संग्रह में हुई ऐतिहासिक वृद्धि व्यापारियों की ईमानदारी और परिश्रम का प्रमाण है। जिलाधिकारी ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगा तथा उद्योग स्थापना और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत परिसर में संस्कृति विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवन, हल्दीघाटी युद्ध, ताम्रपत्रों एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों पर आधारित चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित लोगों ने बड़ी रुचि के साथ देखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त राज्यकर राम प्रवेश प्रसाद, शमशेर जमदग्नि, प्रदीप सोनी, संयुक्त आयुक्त अच्छेलाल विश्वकर्मा, प्रबल कुमार, नरेन्द्र कुमार, अतुल पोरवार, उपायुक्त (प्रशासन) विजय कुमार पाण्डेय सहित राज्यकर विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चाइनीज मांझा बेचने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, तीन लाख का मांझा बरामद



**कानपुर।** अपराध शाखा की स्वाट टीम, तथा थाना कलक्टरगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 29.06.2026 को प्रतिबन्धित मांझा बेचने वाले 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना कलक्टरगंज पर अभियोग पंजीकृत कराया। पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध थाना कलक्टरगंज से विधिक कार्यवाही करायी गयी। उन्होंने बताया कि यह मांझा बहुत ही खतरनाक है और कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। इस मांझे के चपेट में आने से कोई न कोई घायल होता रहता है। दिनांक 29.06.2026 को महेश पन्ना बिल्डिंग पीपल वाली कोठी नयागंज चौराहा थाना कलक्टरगंज में मुखबिर की सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों को कुल 150 प्रतिबन्धित मांझा की चरखी के साथ गिरफ्तार किया गया, जो कि बेचना अवैध है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3,00,000 रूपये है। नकुल खन्ना पुत्र रमेश किशोर खन्ना निवासी बी 304 रतन आर्बिट इन्द्रानगर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर उम्र 37 वर्ष, करन गुप्ता पुत्र स्व0 सुशील गुप्ता निवासी 69/33 दाना खोरी थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### शंकर सावित्री मंदिर के वार्षिकोत्सव में किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन



**प्रतापगढ़।** डेरवा के समीप कसहर ग्रामसभा में सोमवार को पुरातन शंकर सावित्री शिवमंदिर का विशाल भण्डारे का आयोजन कर मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया, जहां सैकड़ों की संख्सा में शिवभक्तो ने मौजूद रहकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, जटाशंकर शुक्ला, मनीष तिवारी, पत्रकार संतोष पाण्डेय, लांजिकल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शिवसागर शुक्ला, रामबहादुर मिश्रा, विनोद कुमार तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, मुन्ना गुप्ता, पन्सेपाल आदि सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहकर प्रसाद ग्रहण किया।

# 'अयोध्या की बात करते हैं, मथुरा पर क्यों चुप हैं?' मुख्यमंत्री योगी

● मुख्यमंत्री योगी का अखिलेश पर पलटवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को धार्मिक शहर बनाने के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है. मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा अयोध्या को लेकर आवाज उठा रही है और मथुरा पर घनघोर चुप्पी साध रखी है. असल में सपा अध्यक्ष सिर्फ वहां बोलते हैं जहां, उन्हें वोट बैंक दिखता है. जहां सच बोलना पड़े तो वहां खामोश हो जाते हैं. यही सपा की राजनीति का सबसे बड़ा सिद्धांत है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रश्न यह है कि मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुद्दे पर चुप्पी क्यों? क्या यह मौन सिद्धांतों का है, या फिर वोट बैंक की मजबूरी का? सपा अध्यक्ष की 'सेलेक्टिव पीड़ा' को अच्छे से समझा जा सकता है. यही तुष्टिकरण की राजनीति का असली चेहरा है. उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा साफ हो जाएगी. क्योंकि जनता एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनाएगी. उन्होंने अखिलेश यादव को राम लला के दर्शन करने की सलाह दी और कहा कि ऐसा करने से उन्हें सद्बुद्धि मिलेगी।

**अखिलेश कैसा धार्मिक शहर बनाएंगे?**

सीएम योगी ने कहा, 'कल मैं SP अध्यक्ष अखिलेश यादव का एक बयान पढ़ रहा था. वह दावा कर रहे थे कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो वह अयोध्या को धार्मिक शहर बना देंगे।' मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा, 'आप कैसा धार्मिक शहर बनाएंगे? आपकी ही सपा सरकार में ही राम भक्तों पर गोली चलाने का आदेश दिया था. आज, जब अयोध्या त्रेता युग की महिमा को याद दिला रही है, तो आपको अचानक इसमें दिलचस्पी हो रही है. अब मथुरा के बारे में बात कीजिए।

**CM योगी ने सपा प्रमुख को दी चुनौती**

अखिलेश को चुनौती देते हुए योगी ने कहा, 'अगर आप सच में खुद को धार्मिक व्यक्ति के तौर पर पेश करना चाहते हैं, तो मथुरा-वृंदावन के बारे में खुलकर बोलिए. भगवान कृष्ण की जन्मभूमि भी सम्मान की हकदार है. आपमें हिम्मत नहीं है; मुल्लाओं और मौलवियों के सामने झुकने के अलावा, आपके पास राज्य के विकास या अयोध्या, मथुरा और काशी की पहचान बनाए रखने का कोई एजेंडा नहीं है।

## आगरा मेट्रो दे रही युवाओं को टेलेंट दिखाने का मौका, कोच में मना सकते हैं बर्थडे पार्टी

**आगरा।** मेट्रो के प्रति लोगों में रुझान बढ़ाने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है। छह किमी लंबे प्राथमिकता वाले कारिडोर में हर दिन छह हजार से सात हजार यात्री सफर करते हैं। जन्म दिवस समारोह मनाने के बाद शो योर टैलेंट कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार या फिर रविवार को होता है। इसमें कोई भी युवा अपना टैलेंट दिखा सकता है। शहर में 30 किमी लंबा मेट्रो ट्रैक बन रहा है। पहला कारिडोर 14 और दूसरा 16 किमी लंबा है। डेढ़ साल पूर्व ताज पूर्वी गेट से लेकर बिजलीघर चौराहा तक मेट्रो का संचालन शुरू हुआ था। मेट्रो में आप अपना जन्म दिवस भी मना सकते हैं। इसकी जानकारी पूर्व में देनी होगी। 500 रुपये की फीस निर्धारित की गई है। अब तक एक हजार से अधिक लोग मेट्रो में अपना जन्म दिवस मना चुके हैं। मेट्रो के प्रति रुझान को लेकर शोर योर टैलेंट कार्यक्रम शुरू किया गया है। उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के संयुक्त महाप्रबंधक, जनसपर्क पंचानन मिश्र ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार या फिर रविवार को यह कार्यक्रम होता है।

## कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही फार्म एन फूड कृषि सम्मान पुरस्कार 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

» लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में |0 जून को आयोजित होगा भव्य कृषक एवं वैज्ञानिक समान समारोह

उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ और कृषि वैज्ञानिकों को किया जाएगा समानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ×0 जून, 2026 मंगलवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले भव्य ''फार्म एन फूड कृषि सम्मान पुरस्कार 2026'' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। दिल्ली प्रेस समूह की प्रतिष्ठित कृषि-केंद्रित पत्रिका और मीडिया मंच फार्म एन फूड द्वारा आयोजित यह प्रादेशिक समारोह लखनऊ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी रोड, बाबूगंज, हसनगंज स्थित ऐतिहासिक मालवीय हॉल में प्रातः 09:×0 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रदेश भर से कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारक प्रतिभाग करेंगे। इस विशेष पुरस्कार समारोह का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों, कृषि उद्यमियों, शोधकर्ताओं, कृषि वैज्ञानिकों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) तथा कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना है। समारोह के दौरान कृषि विज्ञान केंद्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक भी उपस्थित रहकर उपस्थित कृषकों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत खेती और भारत सरकार तथा रा'य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे ताकि किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि दिल्ली प्रेस समूह द्वारा वर्ष 2024 में क्षेत्रीय स्तर पर फार्म एन फूड कृषि सम्मान पुरस्कार की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत देश के विभिन्न रा'यों जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार और झारखंड में सफल एवं प्रेरक आयोजन किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में माननीय कृषि मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैकड़ों कृषकों और कृषि से जुड़ी संस्थाओं का उत्साहवर्धन किया जाएगा।

**सम्पर्क सूत्र- डा0 मनोज चन्द्रा**

# रामपुर व बरेली के दौरे पर सीएम योगी, विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को रामपुर और बरेली के दौरे पर रहेंगे, जहां वे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 30 जून को रामपुर व बरेली के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री मुरादाबाद से सीधे रामपुर पहुंचेंगे, जहां शाहाबाद में वह रामपुर के मिलक एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों में 690 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी इंटरमीडिएट/हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देंगे। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्र परिजनों को अनुदान राशि देंगे। मुख्यमंत्री सामाजिक विकास में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों का सम्मान भी करेंगे। रामपुर के बाद मुख्यमंत्री बरेली पहुंचेंगे, जहां वह सर्किट हाउस में बरेली मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा और नए कार्यों की कार्ययोजना के संबंध में बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बरेली के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोर की मौत, दो अन्य घायल

● छोटे बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम, माता-पिता और बड़े भाई का रो-रोकर हुआ बुरा हाल






**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढ़िया टोला सोहनी में सोमवार की सुबह प्रकृति काल बनकर टूटा। सुबह करीब साढ़े सात बजे गरज-चमक और भारी बारिश के बीच खेत में गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दो घायलों का उपचार चल रहा है। किशोर की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर परिजनों की चीख-पुकार से गूंज उठा और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सोनौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह हनुमानगढ़िया गांव के सिवान में तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हो रही थी। इसी दौरान गांव निवासी सुरेश चौरसिया का 12 वर्षीय पुत्र आयुष चौरसिया खेत में धान की नर्सरी उखाड़ रहा था। तभी अचानक कड़कड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली सीधे उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। आकाशीय बिजली का झटका इतना जोरदार था कि पास के ही खेत में काम कर रहे उसके सगे चाचा महेश चौरसिया (28) पुत्र तूफानी और पड़ोसी अनीता (36) पत्नी गोविंद पासवान भी इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। खेत में मौजूद अन्य ग्रामीणों ने आनन-फानन में तीनों को रतनपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद आयुष को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से झुलसे महेश और अनीता का अस्पताल में इलाज जारी है।

बुझ गया घर का चिराग, गांव में पसरा सन्नाटा

मृतक आयुष दो भाइयों में सबसे छोटा था और स्थानीय स्कूल में पढ़ता था। उसकी मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची की पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां मुन्नी देवी व पिता सुरेश चौरसिया और बड़े भाई आरुष का रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता अपने लाडले की इस तरह अचानक हुई मौत पर सुध-बुध खो बैठे हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और चूल्हे तक नहीं जले। इस संबंध में भगवानपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर और अस्पताल पहुंची थी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोर की मौत हुई है। विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबी वृद्ध महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**बस्ती।** बस्ती जिले केपरशुरामपुर थाना क्षेत्र के जाटौलिया ग्राम निवासिनी गिरिजा देवी पत्नी स्व. सुखराम यादव (60 वर्ष) की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गिरिजा देवी सुबह अपने घर से किसी काम के लिए बाहर जा रही थीं। जैसे ही वह घर से बाहर निकलीं, तभी घर के सामने बनी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। इससे वह मलबे में दब गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गए और रोने-बिलखने लगे। घटना की सूचना ग्राम प्रधान जगदीश मौर्य ने परशुरामपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, मृतका गिरिजा देवी के पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। उनके परिवार में एक पुत्र शिवनाथ यादव और दो पुत्रियां जानकी व अनीता हैं। दोनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है, जबकि पुत्र शिवनाथ की शादी अभी नहीं हुई है।

## उन्नाव अपडेटः अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र में एसटीएफ लखनऊ, आबकारी विभाग और औरास पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की गई।पुलिस ने पिकअप डाला (UP32WN 6732) चालक रंजीत मौर्य (22 वर्ष), निवासी ग्राम टिकरा वाउ, थाना औरास को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 92 पेटी (2,208 हाफ बोतल) एवं 50 पेटी (600 फुल बोतल) रॉयल स्टैग शराब बरामद हुई। यह शराब केवल चंडीगढ़ राज्य में बिक्री के लिए थी। जिसे अवैध रूप से बिहार ले जाया जा रहा था। जांच में सामने आया कि वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट (UP82 WN 6782) लगी थी। जबकि वास्तविक नंबर UP32 WN 6732 है। पुलिस के अनुसार शराब तस्करी में अजय और विपिन (दोनों निवासी ग्राम टिकरा वाउ) भी सहयोगी बताए गए हैं। जो चंडीगढ़ से शराब लोड कराने का काम करते थे। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि शराब कन्नौज के औरलिया गांव से लोड कर बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बलरामपुर में मंजूरी के बाद 135 बेटियों को मिलेगा शादी अनुदान, खाते में भेजी जाएगी 20-20 हजार की धनराशि

**बलरामपुर।** मार्च में शादी रचाने वाली 11 बेटियों के खाते में 20-20 हजार रुपये शादी अनुदान भेज दिया गया है। 135 को शीघ्र ही लाभ मिलेगा। पिछड़ा वर्ग परिवार की बेटियों के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में शादी अनुदान योजना संचालित है। चालू वित्तीय वर्ष में 423 लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने के लिए 84 लाख 60 हजार रुपये का बजट विभाग को मिला है। योजना का लाभ पाने के लिए अब तक 260 परिवारों ने आवेदन किए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया कि पिछले वर्ष लक्ष्य पूरा हो जाने के कारण 11 बेटियों को लाभ नहीं मिल सका था। बजट मिलने व जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद प्राथमिकता के आधार पर पूर्व में ही इन बेटियों के खाते में अनुदान की धनराशि भेजी गई है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा नाम कुमारी शीलम पुत्री यमुना निवासी कोयलसा भानपुर पोस्ट सलटोआ जनपद बस्ती निवासी है आधार कार्ड में नाम संध्या चौधरी पुत्री यमुना हो गया जोगलत है शैक्षिक प्रमाण पत्र में नामकुमारी शीलम पुत्री यमुना नाम से जाना जाए।

**कुमारी शीलम पुत्री यमुना निवासी कोयलसा भानपुर पोस्ट सलटोआ जनपदबस्ती यू, पी**

**मो,न,8953787169**

# बंचा लीजिये कप्तान साहब! मार डालेंगे ससुराल वाले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केमुण्डेरवां थाना क्षेत्र की जमोहरा गांव निवासी फरहत जहां (24) पुत्री मकसूद आलम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपनी जांन बचांने की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि उसका इसी गांव के कमरूद्दीन के बेटे मो. कैफ से सात आठ साल से प्रेम सम्बन्ध था। वादे के अनुसार वह शादी से इनकार करने लगा तो वह 28 जनवरी को थाने पर गई। इसकी जानकारी मो. कैफ और उसके परिवार को हुई तो रेप के मुकदमे से बंचने के लिये कोर्ट मैरिज के लिये राजी हुये। 10 जून को कोर्ट मैरिज हुआ। लेकिन मो. कैफ उसे घर ने ले जा रहा था। दो दिन बाद वह रोजगार के सिलसिले मे नेपाल चला गया। फरहत जहां का कहना है कि वह 28 जून को जिद करके अपने ससुराल चली गई। इससे मो. कैफ के धर वाले आगबबूला हो गये।

उसके भाई मो. सैफ, मो. फैज, बहन रेशमा, सायबा और मां हुमैरा खातून ने उसे बुरी तरह मारा पीटा। मामला एक ही गांव का है इसलिये जानकारी होने पर फरहत जहां के परिवार वाले भी मौके पर पहुंचे, देखा मो. कैफ के घर वाले ईट पत्थर लेकर खड़े थे, डर के मारे कोई घर के अंदर नही गया। पिता मकसूद आलम ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मियों ने दोनो पक्षों से बातचीत कर मामला शांत कराया और चौकी पर जाने को कहा।

पुलिस के जाने के बाद फरहत जहां को मो. कैफ के परिवार वालों ने फिर से बुरी तरह मारा पीटा। वह बेहोश गई। मारपीट का वीडियो भी साक्ष्य के रूप मे मौजूद है। फरहत जहां का कहना है कि उसकी जान का खतरा है। रेप के मुकदमे से बंचाने के लिये मो. कैफ के परिवार ने एक गंभी साजिश रची और कोर्ट मैरिज करवा दिया। फरहत जहां से पुलिस अधीक्षक से जांन बचाने और सुसगंत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग किया है।

## चकेरी पुलिस ने 20 हजार के ईनामी अभियुक्त वाहिद को किया गिरफ्तार

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध कानपुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज चकेरी थाना पुलिस ने 20 हज़ार के ईनामिया अपराधी टांडा निवासी वाहिद उर्फ वाजिद को गिरफ्तार कर लिया है। एडीसीपी ईस्ट शिवा सिंह ने पत्रकारों को बताया, अभियुक्त वाहिद उर्फ वाजिद के विरुद्ध पहले से टांडा,चंदौली व कानपुर में 10 मुकदमे दर्ज़ हैं। अभियुक्त वाजिद विगत 4 वर्षों से गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार चल रहा था जिसकी कमिश्नरेट कानपुर पुलिस को तलाश थी। आखिरकार आज अभियुक्त वाहिद उर्फ वाजिद चकेरी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अभियुक्त वाहिद उर्फ वाजिद को अग्रिम विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय भेजा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक जयवीर सिंह, सचिन यादव,कांस्टेबल सर्वेश कुमार,अमित चौधरी एवं सर्विलांस टीम पूर्वी जोन के उप निरीक्षक सुरदीप सिंह डागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक विकास त्यागी,राहुल कुमार,हेड कांस्टेबल अजय कुमार सिंह,कांस्टेबल हरिओम, गौरव कुमार,प्रशांत कुमार व सतेंद्र कुमार ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने हाईवे पर काम कर रहे तीन लोगों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले केराष्ट्रीय राजमार्ग पर पैचिंग का कार्य कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार डीसीएम ने कुचल दिया। हादसे में कार्य में लगे एक मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इंजीनियर सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पहले अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। बाद में गंभीर रूप से घायल इंजीनियर को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना छावनी थाना क्षेत्र के बबुरहवा गांव के पास की है।

मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार/सोमवार की देर रात एनएचआई द्वारा सड़क पर पैचिंग का कार्य चल रहा था। इसी बीच डीसीएम संख्या यूपी 42 ईटी 3401, जो फैजाबाद की तरफ से बस्ती की ओर जा रही थी, छावनी थाना क्षेत्र के बबुरहवा गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो गई। इसके चलते पैचिंग कार्य में लगे सुजीत कुमार पुत्र तारा शंकर, निवासी नई बाजार, अहरौरा, जिला मिर्जापुर, उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, कृष्ण वीर पुत्र देशराज, निवासी जिरौली, जिला भरतपुर (राजस्थान) तथा अश्वनी प्रताप सिंह पुत्र जितेंद्र प्रताप सिंह, निवासी सन्नावा, जिला रायबरेली, गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एनएचआई के कर्मियों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल अश्वनी प्रताप सिंह का इलाज मेडिकल कॉलेज अयोध्या में, जबकि कृष्ण वीर का इलाज केजीएमयू, लखनऊ में चल रहा है।

# सदर हिमांशु कुमार द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण गृह (किशोर), पचपेड़िया मार्ग, बस्ती का निरीक्षण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में आज दिनांक 29-06-2026 को माननीय जनपद न्यायाधीश श्री शमसुल हक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बस्ती श्री संदीप, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेंद्र कुमार-प्रथम एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्री राज बाबू, क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी, उप जिलाधिकारी बस्ती सदर हिमांशु कुमार द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण गृह (किशोर), पचपेड़िया मार्ग, बस्ती का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान संप्रेक्षण गृह एवं रसोईघर में साफ-सफाई दुरूस्त पायी गयी। बच्चों द्वारा बताया गया की उनको समय से उचित आहार मिल जाता है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह निरीक्षण के दौरान समिति के निर्देशों का अनुपालन आख्या ससमय प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि बच्चों के बिस्तर की बेडशीट प्रत्येक सप्ताह साफ की जाती है जिसे प्रत्येक तीन दिवस के अन्तराल पर साफ करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी तथ्य ज्ञात हुआ कि दो बच्चो ने पालीटेक्निक एडमिशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। बाल सम्प्रेक्षण गृह में जनपद बस्ती के 28 किशोर, संतकबीरनगर के 25 किशोर एवं जनपद सिद्धार्थनगर के 44 किशोर कुल 97 किशोर निरूद्ध थे। निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संप्रेक्षण गृह के समस्त कमरों एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया तथा कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश, बस्ती द्वारा बच्चो के विकास हेतु आहार, विहार एवं खेल-कूल कराने हेतु भी निर्देशित किया गया तथा उनके मनोरंजन हेतु टी.वी. पर क्रिकेट मैच देखने की व्यवस्था करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## कबीर ने समाज को पाखंड और भेदभाव के खिलाफ किया जागरूकः चंद्रभूषण

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर सोमवार को संत कबीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि संत कबीर ने अपने विचारों से भारतीय समाज को पाखंड, जातिवाद और छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने निर्गुण भक्ति के माध्यम से सामाजिक समता और भाईचारे का संदेश दिया। यादव ने कहा कि कबीर ने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों को तर्क और विवेक के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा धार्मिक आडंबरों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कबीर की समतावादी सोच आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है और सामाजिक सद्भाव का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर व्यास यादव, सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक 'गुड्डू' गोंड, अयोध्या वर्मा, राजेंद्र दूबे, नगीना यादव, अमित 'टुनटुन' यादव, तालिम अंसारी, मुन्ना अंसारी, शंकर गोंड, कौशल यादव और नारायण प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिकायत पर सिर्फ आश्वासन, मुर्गी फार्म के दुर्गंध और विवाद से परेशान महिला ने लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महुलानी बुजुर्ग गांव में आबादी के बीच चल रहे कथित अवैध मुर्गी फार्म को लेकर एक बेवा महिला ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसकी परेशानी लगातार बनी हुई है। गांव निवासी मंजू मौर्या पत्नी स्वर्गीय बिहारी लाल ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोसी मो. नईम पुत्र मुनव्वर अली द्वारा उनके घर के बगल में मुर्गी फार्म संचालित किया जा रहा है, जिससे दुर्गंध, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिला का आरोप है कि उनके पति की मृत्यु के बाद वह अपने पुत्र के साथ रह रही हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, पहले भी आरोपी द्वारा उन्हें परेशान किया गया और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो घर के पास ही मुर्गी फार्म शुरू कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि फार्म पर आने-जाने वाले लोगों के कारण उन्हें असुरक्षा महसूस होती है। मंजू मौर्या का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जाती है और घर छोड़कर चले जाने का दबाव बनाया जाता है।

उन्होंने अपनी शिकायत में जान-माल की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्गी फार्म में मरने वाली मुर्गियों को नहर के किनारे फेंक दिया जाता है, जिन्हें आवारा कुत्ते खींचकर आसपास ले आते हैं। इससे गांव में संक्रमण और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। फार्म से निकलने वाली बदबू के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, यह फार्म गांव की आबादी, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर, विद्यालय, कोचिंग संस्थान और चौराहे के आसपास स्थित है। उनका कहना है कि आबादी के बीच फार्म संचालित होने से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंजू मौर्या ने बताया कि उन्होंने 17 मई 2026 को गंदगी और परेशानी को लेकर शिकायत की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और कप्तानगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। महिला ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए, नियम विरुद्ध संचालित हो रहे मुर्गी फार्म पर कार्रवाई की जाए और उसे आबादी क्षेत्र से हटाया जाए। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद प्रशासन जांच कर कब तक कार्रवाई करता है।

# आभूषण चोरी की कई वारदातों का खुलासा,चोर और चोरी का माल खरीदने वाला सर्राफा कारोबारी गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाने की पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में आभूषण चोरी करने वाले शातिर चोरों व आभूषण खरीदने वाले सर्राफा कारोबारी को गिरफ्तार कर सोने का आभूषण व करीब करीब 3,67,000 रूपये कीमत का 25 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज कुमार सोनी पुत्र घनश्याम सोनी ग्राम अलीपुर बाजार थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा उम्र करीब 34 वर्ष को फुटहिया से तथा अभियुक्त राहुल पुत्र मोतीचन्द्र वर्मा ग्राम मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती स्थाई पता ग्राम मुण्डेरा बाबू थाना तरकुलवा जनपद देवरिया सर्राफा कारोबारी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त राहूल के पास से 25 ग्राम गला हुआ सोना, चोरी की दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी बिछुआ चांदी का, एक चांदी की अंगुठी, पांच सोने की नाक की कील व 30500 रूपया नगद व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल वाहन संख्या यूपी 51 एएफ 9260 सुपर स्पेलेण्डर बरामद किया गया। इस गुडवर्क से कोतवाली, नगर तथा पैकोलिया थाने मे दर्ज चोरी के मामलों का सफल अनावरण हुआ है।

पूछताछ में अभियुक्त सूरज कुमार सोनी ने बताया कि 04 मार्च 2026 को ग्राम प्रसादपुर थाना नगर मे चोरी किया था, 25 अप्रैल 2026 को ग्राम मरवट काली माता मन्दिर थाना हरैया क्षेत्र से चांदी का मुकुट अपने सहयोगी के साथ हम दोनो लोग रात्रि मे चुराया था। 30 अप्रैल 2026 को मै अपने सहयोगी कृष्ण चन्द सोनी पुत्र प्रेम सागर सोनी ग्राम नरहरिया स्टेट थाना पुरानी बस्ती जनपपद बस्ती के साथ ग्राम दयालपुर मे सोने के जेवर व चांदी के जेवरात व अन्य सामान को व नकदी को चोरी किया था। इसके अतिरिक्त अपने सहयोगी कृष्ण चन्द्र सोनी के साथ मिलकर गोण्डा, बलरामपुर व बस्ती मे विभिन्न तिथियो मे चोरी किया। 21 मई 2026 को लक्ष्मी बाई नगर बभनान थाना पैकोलिया के अन्तर्गत नकदी व सोने के आभूषण चुरा लिया था व चोरी के सोने चांदी का आभूषण को ले जाकर रामेश्वर वर्मा उर्फ राहुल पुत्र मोती चन्द्र वर्मा ग्राम मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती की दुकान पर बेच दिया था। मेरा सहयोगी साथी कृष्ण चन्द्र सोनी पुत्र प्रेम सागर सोनी ग्राम नरहरिया स्टेट थाना पुरानी बस्ती 17 जून .26 से जेल मे बन्द है। उसी का जमानत कराने के लिए पूर्व मे किये गये चोरी से इकट्ठा किये गये सोने व चांदी के अन्य जेवरात को आज 29 जून को बेंचने जा रहा था। आज पुलिस ने पकड़ लिया।

# दोपहर 12 बजे तक पीएचसी में लटके रहे ताले, केवल प्रसव कक्ष खुला मिला

● स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल, मरीज होते रहे परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज तराई/बलरामपुर।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलहरिया हिसामपुर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए, जब दोपहर 12 बजे तक अस्पताल में अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित मिले। मौके पर केवल प्रसव कक्ष खुला मिला शेष चिकित्सा अधिकारी कक्ष औषधि वितरण कक्ष जांच कक्ष सहित सभी कक्ष बंद पाएगे मरीजों द्वारा बताया गया कि केवल स्टाफ नर्स अपने कक्ष में मौजूद हैं जबकि अस्पताल के कई कमरों पर ताले लटके मिले। अस्पताल पहुंचे लोगों के अनुसार इलाज कराने आए मरीज और उनके परिजन काफी देर तक कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहे। इस दौरान अस्पताल परिसर में सन्नाटा पसरा रहा।

अस्पताल की स्थिति को लेकर मौके पर जीएफ कैमरे से तस्वीरें भी ली गई, जिनमें कई कमरों पर ताले लगे दिखाई दिए। बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे के बाद डॉक्टर को छोड़कर अन्य कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में कर्मचारियों के समय से न पहुंचने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। लोगों का आरोप है कि समय पर डॉक्टर और कर्मचारी न मिलने से मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है।

मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि फार्मासिस्ट दोपहर 12 बजे तक अस्पताल पहुंच गए थे तथा एक डॉक्टर अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन यदि अस्पतालों में कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो इसका सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ता है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

# फर्जी जनजातियों के खिलाफ लड़ाई होगी और तेज

● थारू संगठन ने किया युवा विंग का विस्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के विशुनपुर विश्राम स्थित चौधरी लाइब्रेरी में रविवार को थारू संगठन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के हितों, संगठन के विस्तार तथा फर्जी जनजाति प्रमाणपत्रों के विरुद्ध संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा युवा नेतृत्व को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक बलराम चौधरी (बीएसएनएल) ने की, जबकि संचालन सचिव मंगल प्रसाद राणा ने किया। बैठक में संगठन के कोर कमेटी पदाधिकारियों, महिला विंग एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फर्जी जनजातियों के विरुद्ध संगठन की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के युवाओं को नेतृत्व से जोड़ने के लिए संगठन के युवा विंग का विस्तार किया गया। पूर्व में प्रदेश युवा अध्यक्ष बनाए गए हिमेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बलरामपुर जनपद से आलोक कुमार चौधरी को जिला युवा अध्यक्ष तथा श्रीमती श्वेता चौधरी को महामंत्री चुना गया।

संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए ब्लॉक स्तर पर नए एवं ऊर्जावान युवाओं को जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान थारू भवन निर्माण के लिए समाज के लोगों ने सहयोग की घोषणा की। पिंगल प्रसाद ने 100 बोरी सीमेंट देने तथा अजय प्रताप ने 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। संगठन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राणा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य मिलकर फर्जी जनजातियों के विरुद्ध संघर्ष, ग्रामीण विकास तथा युवाओं के कौशल विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

बैठक के समापन पर संरक्षक धनीराम जी ने भीषण गर्मी में उपस्थित होकर सामाजिक दायित्व निभाने वाले सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महामंत्री हरीराम चौधरी, विंदुलाल विधायक, श्यामलाल,भगगन जी पूर्व प्रधान, रामसुंदर गुरुजी, बिन्देश्वरी, सर्वेश चौधरी, तेज बहादुर, सोशल मीडिया प्रभारी राजन, प्रेम कुमार, बैजनाथ गुरुजी, महिला विंग की फूलमती प्रधान (चंदनपुर) एवं नीलम प्रधान (कोहर गड्डी) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# अमेठी में धूमधाम से मनाया गया व्यापारी कल्याण दिवस, उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान

● व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर जनपद के 10 सर्वाधिक करदाताओं को किया गया सम्मानित

दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर प्रेरणा सभागार विकास भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद अमेठी में सोमवार को विकास भवन सभागार, गौरीगंज में दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, सम्मान और राष्ट्र निर्माण में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को समर्पित रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व व्यापारियों ने आत्मसात किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्ष अमेठी चन्द्रमा देवी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह तथा उपायुक्त उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र निर्माण और आर्थिक विकास में व्यापारियों एवं करदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि व्यापारी वर्ग केवल आर्थिक गतिविधियों का संचालन ही नहीं करता, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसी क्रम में दानवीर शिरोमणि भामाशाह के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके अतुलनीय त्याग को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि मेवाड़ के ओसवाल जैन परिवार में जन्मे भामाशाह मातृभूमि के प्रति समर्पण और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक थे। जब मुगल शासन के विरुद्ध संघर्ष के दौरान महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संचित संपत्ति राष्ट्रहित में समर्पित कर दी थी। उनके इस त्याग और योगदान के कारण महाराणा प्रताप पुनः अपनी सेना को संगठित कर स्वतंत्रता संग्राम को आगे बढ़ाने में सफल हुए। कार्यक्रम में कहा गया कि भामाशाह का जीवन आज के व्यापारी समाज एवं करदाताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा राष्ट्रहित में योगदान देने की भावना को सुदृढ़ करता है। समारोह में उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके उपरांत विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं अधिवक्ताओं द्वारा मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न श्रेणियों के 10 उत्कृष्ट करदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ईमानदारी से कर भुगतान करने वाले व्यापारी और करदाता राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं तथा उनके योगदान से विकास कार्यों को गति मिलती है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। रजनीश तिवारी द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार में देशप्रेम और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित कर दिया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग के उपायुक्त राज्य कर पीयूषकांत श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त नीरज कुमार सिंह, सहायक आयुक्त संदीप कुमार श्रीवास्तव, राज्य कर अधिकारी अंकुर द्विवेदी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी, प्रमुख व्यापारी, अधिवक्ता एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि व्यापारी समाज, प्रशासन और करदाता मिलकर जनपद तथा राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते रहेंगे तथा आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### तुलसा देवी पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ विशाल भण्डारा, श्रद्धालुओ ने किया प्रसाद ग्रहण



**लखनऊ।** तेलीबाग वृन्दावन कालोनी सेक्टर 5 ई -1 में श्रीमद् भागवत कथा का समापन के पश्चात हवन पूजन आरती कर क्षमा याचना सहित विशाल भंडारा सभी भक्त गणो द्वारा कराया गया ,जिसमे हजारो की संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर आयोजित भंडारे में आये हुए सभी सम्मानित गणो को प्रसाद के रूप में अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी ने अंग वस्त्र धारण कराया । इस शुभ अवसर पर कई नेतागण , पत्रकार , वकील , समाज सेवक तथा भक्त गण उपस्तिथ होकर भगवताचार्य अरविन्द शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बैंक में रुपये जमा करने आई महिला से टप्पेबाजी, 11 हजार लेकर फरार हुआ शातिर

**लालगंज (रायबरेली)।** करुणा बाजार चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में रुपये जमा करने पहुंची एक महिला सोमवार को टप्पेबाजों का शिकार हो गई। शातिर युवक झांसा देकर महिला से 11 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। डलमऊ थाना क्षेत्र के चकमलिक भीटी गांव निवासी गीता देवी पत्नी रामकुमार बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में रुपये जमा करने आई थीं। इसी दौरान बैंक में मौजूद एक अज्ञात युवक ने उनसे बातचीत शुरू की। युवक ने महिला से कहा कि रुपये जमा करने से पहले नंबर लगवाना पड़ेगा और उसे बैंक से बाहर ले गया। पीड़िता के अनुसार, पानी की टंकी तिराहे के पास पहुंचने पर युवक ने रुमाल में लिपटी कागज की गड्डी देते हुए बताया कि इसमें 80 हजार रुपये हैं, जिन्हें वह उसके खाते में जमा करा दे। इसके बदले उसने महिला से उसके पास मौजूद 11 हजार रुपये ले लिए। कुछ देर बाद जब महिला बैंक के अंदर पहुंची तो युवक वहां से गायब हो चुका था। गड्डी खोलने पर ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच मार्ग पर जनता बाजार के पास रविवार देर रात सड़क किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने रात करीब 11 बजे सड़क किनारे एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पूरे चौहानन मजरे गौरा रुपई गांव निवासी धीरेन्द्र बहादुर सिंह (55) पुत्र कृष्णपाल सिंह के रूप में हुई। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक नशे का आदी था। बताया जा रहा है कि रविवार को उसने गांव के बड्डे गोड़िया की झोपड़ी में आग भी लगा दी थी। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। पत्नी मनोरमा सिंह और पुत्र हिमांशु का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# जलवायु की असामान्य परिस्थितियों के दृष्टिगत कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की विशेष एडवाइजरी

● कम वर्षा और अनियमित मौसम में सफल फसल उत्पादन के लिए कृषकों को दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

खरीफ फसलों को सूखे से बचाने तथा जल संरक्षण की उन्नत तकनीकों को अपनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** वर्तमान में जलवायु की असामान्य परिस्थितियों के कारण मानसून की समय से सक्रियता प्रभावित हो रही है, जिससे वर्षा की अनिश्चितता एवं सामान्य से कम वर्षा संभावित है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में अभी तक मानक वर्षा से 56 प्रतिशत वर्षा कम हुई है, जिससे लगभग सभी जनपद प्रभावित हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा सम्यक रणनीति तैयार कर कृषकों को सफल फसलों के उत्पादन हेतु विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। विभाग ने किसानों से अल-निनो के देशव्यापी प्रभाव और विषम मानसून की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर इन सुझावों का पालन करने और अपनी फसलों का समय से बीमा कराने की अपील की है। विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, धान की खेती केवल उन्हीं स्थानों पर करने का सुझाव दिया गया है जहां पानी के सुनिश्चित साधन उपलब्ध हैं। वर्षा आधारित खेती के लिए धान के स्थान पर श्री अन्न, मक्का, उर्द, मूंग, तिल और अरहर जैसी फसलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है। धान की रोपाई वाले खेतों में एक फीट ऊंची मेड़ बनाने की सलाह दी गई है ताकि वर्षा का जल संचित हो सके और नर्सरी में पानी का ठहराव न होने देने के निर्देश दिए गए हैं। कम पानी में बेहतर उत्पादन के लिए धान की सीधी बुआई (डीएसआर) पद्धति अपनाने तथा कम दिनों में तैयार होने वाली प्रजातियों जैसे सीआर धान-100, 101, 103, आईआर-64 और एनडीआर-97 का चयन करने को कहा गया है। रोपाई हेतु 20 से 25 दिन की पौध को दो-तीन पौधा प्रति हिल और तीन-चार सेंटीमीटर की गहराई पर लगाने का सुझाव दिया गया है। आकस्मिक फसल योजना के अंतर्गत कम जल मांग वाली और सूखा सहनशील फसलों पर विशेष बल दिया गया है। ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो और रागी जैसी श्री अन्न फसलें केवल वर्षा के जल से अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं और इनमें कीटों तथा रोगों का प्रकोप भी कम होता है। दलहनी फसलों में अरहर की बुआई मेड़ या रिज बनाकर करने की सलाह दी गई है ताकि वर्षा जल का सदुपयोग हो सके।

कम समय में अधिक उत्पादन के लिए मूंग की मालवीय जन क्रांति, विराट, स्वाति तथा उर्द की पंत उर्द 12, 8, 9 और वल्लभ उर्द प्रजातियों को उपयुक्त बताया गया है। इसी प्रकार तिलहनी फसलों में तिल की तरुण, प्रगति, शेखर; मूंगफली की उत्कर्ष, प्रकाश, अम्बर और सोयाबीन की पीके-472, 416 तथा पंतसोयाबीन-26 जैसी विषम परिस्थितियों के प्रति सहिष्णु प्रजातियों की खेती को किसानों के लिए लाभकारी बताया गया है। जल एवं नमी संरक्षण के संबंध में किसानों को गहरी जुताई से बचने और सूखी पत्तियों, पुआल अथवा प्लास्टिक शीट से मल्चिंग करने का सुझाव दिया गया है। मिट्टी में जैविक व कंपोस्ट खाद के साथ-साथ पूसा हाइड्रो जेल का प्रयोग करने की सलाह दी गई है, जो अपने वजन से तीन सौ गुना अधिक पानी सोखकर नमी बनाए रखता है। उन्नत सिंचाई प्रबंधन के तहत केवल सायंकाल या रात में ही नाली अथवा बेसिन विधि से सिंचाई करने और पानी बचाकर केवल फसलों की क्रांतिक अवस्था पर ही सिंचाई करने को कहा गया है। यथासंभव ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई विधियों को अपनाने और मिश्रित खेती के तहत मक्का के साथ अरहर या मूंग उगाने पर जोर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी आकस्मिकता से बचने के लिए 31 जुलाई से पूर्व निर्धारित वित्तमान के मात्र दो प्रतिशत प्रीमियम पर अपनी अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करा लें।

सम्पर्क सूत्र- डा0 मनोज चन्द्रा

## मत्स्य विभाग की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए

● योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए

मत्स्य पालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाए -डॉ. संजय कुमार निषाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विकास विभाग के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मत्स्य पालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और उन्हें नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाए ताकि मत्स्य उत्पादकता बढ़े और उनकी आय में वृद्धि हो। मत्स्य विकास मंत्री ने प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करने तथा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं अन्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए अधिकारियों को कहा कि लाभार्थियों के चयन, अनुदान वितरण तथा विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। डॉ. निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रदेश सरकार मत्स्य पालकों एवं मछुआ समुदाय के उत्थान के प्रति दृढ़संकल्पित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव मत्स्य विकास, मुकेश मेश्राम द्वारा मंत्री जी को बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में ससमय कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मत्स्य विकास से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करें। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। समीक्षा बैठक में एन.एस. रहमानी, निदेशक मत्स्य, अनिल कुमार संयुक्त निदेशक, पुनीत कुमार उप निदेशक मत्स्य, एजाज अहमद उप निदेशक मत्स्य, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र- निधि वर्मा

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सफल अभ्यर्थियों को दीं शुभकामनाएं

● बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुशल प्रबंधन से समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई परीक्षा, कुलपति को मिली बधाई

स्नातक में मेरठ की काव्य मसीह, परास्नातक में बलिया के शिवम यादव और पीएचडी में मऊ के अमन सिंह रहे प्रथम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊः** बांदा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए गए 2026 का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। यह परिणाम आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के हाथों उनके विधानसभा स्थित कार्यालय में बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की उपस्थिति में जारी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा में सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही, उन्होंने पूरी शुचिता और पारदर्शी तरीके से परीक्षा का कुशल संचालन करने तथा समयबद्ध ढंग से परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एसवीएस राजू और उनकी पूरी टीम को विशेष रूप से बधाई दी। इस वर्ष 2026 का आयोजन बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा द्वारा सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस बार प्रवेश परीक्षा प्रदेश के कुल 12 जनपदों में आगामी 17 एवं 18 जून को आयोजित की गयी थी। इसमें 17 जून को आयोजित हुई स्नातक (यूजी) प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 27 केंद्र तथा 18 जून को आयोजित हुई परास्नातक (पीजी), पीएचडी एवं एमबीए की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 18 केंद्र बनाए गए थे। इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार, परीक्षा के लिए कुल 18,827 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 90 प्रतिशत यानी कुल 16,349 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। इस उपस्थित संख्या में से कुल 14,802 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा क्वालीफाई की है। सफल होने वाले कुल अभ्यर्थियों में 73 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी तथा 27 प्रतिशत महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। विभिन्न स्तरों पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों का विवरण देते हुए बताया गया कि स्नातक (यूजी) स्तर पर कंकरखेड़ा, मेरठ की काव्य मसीह ने प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि कन्नौज की प्राची द्विवेदी ने द्वितीय और रामपुर के मोहम्मद कैफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परास्नातक (पीजी) स्तर पर बलिया के शिवम यादव ने प्रथम स्थान और उन्नाव की आस्था यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, पीएचडी स्तर पर मऊ के अमन सिंह ने प्रथम स्थान तथा मथुरा के अभिषेक गौतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और अपने जिले का मान बढ़ाया है।

सम्पर्क सूत्र- डा0 मनोज चन्द्रा

## पूरे प्रदेश में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**लखनऊः** दानवीर भामाशाह की जयंती पर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सोमवार को व्यापारी कल्याण दिवस पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं और इनका उद्देश्य समाज में राष्ट्र प्रथम की भावना को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक ''नेशन फर्स्ट'' की भावना के साथ कार्य करेगा, तब भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद माफिया तंत्र पर प्रभावी कार्रवाई कर भयमुक्त व्यापार का वातावरण तैयार किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का दायरा भी तेजी से बढ़ा है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण महाकुंभ है, जहां लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में व्यापारी, जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सम्पर्क सूत्र- केवल

## प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा 176 पर्यटन विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही

● विकास और विरासत को जोड़कर प्राचीन धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता-जयवीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा प्रदेश में पर्यटन के विस्तार एवं विकास हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य विकास निगम लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न जनपदों में स्वीकृत 176 परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें राज्य योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन, विकास सहभागिता योजना, नैमिष तीर्थधाम, उ0प्र0 शुक्रतीर्थ विकास परिषद, जिला योजना तथा चित्रकूट धाम विकास परिषद की योजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही इन परियोजनाओं की डेडलाइन भी तय कर दी गयी है। परियोजनाओं को पूरा करने में विलम्ब के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक जिम्मेदार होगे। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आस्था के साथ विरासत का संरक्षण एवं सांस्कृतिक पुनरोत्थान हेतु यह योजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। इनका मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश के आस्था स्थलों का जीर्णोद्धार करके श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं सृजित कराना है। इस तरह विकास को आस्था से जोड़कर पर्यटन को बढ़ावा देना है। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में पर्यटकों के आगमन में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2025 में 01 अरब लगभग 56 करोड़ पर्यटक आये। इसमें 36 लाख विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य योजना के अंतर्गत सीतापुर, हरदोई, बलिया, चित्रकूट, उन्नाव, बांदा, कानपुर देहात, ललितपुर, देवरिया, झांसी, पीलीभीत, चन्दौली, रायबरेली, ललितपुर, शाहजहांपुर, झांसी, बरेली, बलरामपुर, गोरखपुर, देवरिया, अयोध्या, चन्दौली, आगरा, चन्दौली, चन्दौली तथा मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत झांसी, इटावा तथा उ0प्र0 चित्रकूटधाम विकास परिषद की योजनाएं शामिल है। इसी प्रकार राज्य योजना के अंतर्गत हापुड़, कानपुर देहात, वाराणसी, ललितपुर, आजमगढ़, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सुलतानपुर, श्रावस्ती, बिजनौर, बहराइच, शाहजहांपुर, बदायूं, मऊ, अमरोहा, कन्नौज, फर्रूखाबाद, कासगंज, शामली, गोरखपुर, बरेली, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर की परियोजनाएं शामिल हैं।

इसी प्रकार जिला योजना के अंतर्गत रायबरेली, गोण्डा, बलिया तथा हरदोई की पर्यटन विकास योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार शुक्रतीर्थ विकास परिषद मुजफ्फरनगर तथा राज्य योजना अंतर्गत सहारनपुर, उन्नाव, रामपुर, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, जालौन, अलीगढ़, एटा, सीतापुर, सम्भल, बलरामपुर, मऊ तथा झांसी में संचालित परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें अधिकांश परियोजनाओं की भौतिक प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक है और निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है।

सम्पर्क सूत्र- केवल

## साक्ष्य आधारित शिक्षा सुधारों का नया अध्याय लिखेगी योगी सरकार, सेमिनार मंगलवार को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा सुधारों को योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ साक्ष्य आधारित नीति निर्माण, प्रभावी कक्षा-कक्षीय शिक्षण और सीखने के परिणामों में सतत सुधार को नई दिशा देने की रणनीति पर तेजी से कार्य कर रही है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे रिपोर्ट-2025, उत्तर प्रदेशश् पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संवाद एवं सेमिनार आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय श्नीति से व्यवहार तक संवादश् रखा गया है, जिसका उद्देश्य साक्ष्यों को क्रियान्वयन में बदलते हुए शिक्षा सुधारों को सीधे कक्षा-कक्ष तक पहुंचाना है। सेमिनार की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा करेंगे। इसमें शिक्षा नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शैक्षिक विशेषज्ञों, एसआरजी, एआरपी, बीईओ, शिक्षकों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। राज्य स्तर पर प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, अधिगम सुधार और भविष्य की शैक्षणिक रणनीतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सेमिनार का प्रमुख आकर्षण टीएलपीएस उत्तर प्रदेश राज्य रिपोर्ट-2025 का विमोचन होगा। एलएलएफ द्वारा प्रदेश में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के अंतर्गत किए गए राज्यव्यापी अध्ययन के निष्कर्ष, प्रमुख अंतर्दृष्टियां और अनुशंसाएं प्रस्तुत की जाएंगी। इन निष्कर्षों के आधार पर विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को और प्रभावी बनाने की दिशा तय की जाएगी। सेमिनार में प्रभावी शिक्षण के 10 प्रमुख शिक्षण अभ्यासों पर संवाद होगा। साथ ही अधिगम अंतर को कम करने के लिए कैच-अप रणनीतियों, परख के निष्कर्षों पर आधारित शैक्षणिक सुधारों तथा साक्ष्य आधारित निर्णय प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त निपुण उत्तर प्रदेश 2.0 की दिशा में भविष्य की रणनीतियों पर भी विचार किया जाएगा। राज्य स्तरीय सेमिनार में राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अपने नवाचारी शिक्षण अनुभव साझा करेंगे। इसके अलावा एसआरजी, एआरपी, बीईओ तथा अन्य शैक्षणिक नेतृत्वकर्ताओं के अनुभवों के साथ कक्षा-कक्ष से उभरती वास्तविक सफलता की कहानियों को भी मंच मिलेगा। इन अनुभवों के आधार पर शिक्षण की प्रभावी पद्धतियों को व्यापक स्तर पर लागू करने की रणनीति तैयार की जाएगी। प्रदेश में निपुण भारत मिशन, शिक्षक क्षमता संवर्धन, गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल संसाधनों के उपयोग और विद्यालयी गुणवत्ता सुधार के लिए चल रहे प्रयासों के बीच यह राज्य स्तरीय संवाद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। साक्ष्य आधारित नीति, प्रभावी शिक्षण अभ्यास और जमीनी अनुभवों के समन्वय से तैयार होने वाली रणनीतियां शिक्षा सुधारों को नई गति देंगी तथा उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, परिणामोन्मुख और बाल-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेंगी।

सम्पर्क सूत्र- धर्मवीर खरे

## स्वदेशी अपनाने और स्वावलंबन का दिया संदेश



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर स्थित स्वावलंबन केंद्र में सोमवार को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से बैठक आयोजित की गई।इसमें युवाओं और महिलाओं को स्वदेशी अपनाने तथा स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रांत संयोजक अमित सिंह वत्स ने की। बैठक में अमित सिंह वत्स ने कहा कि युवाओं को केवल रोजगार तलाशने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें ऐसा उद्यम शुरू करना चाहिए जिससे वे दूसरों को भी रोजगार दे सकें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार आर्थिक आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत माध्यम है। इसके लिए स्वावलंबन केंद्र से जुड़कर प्रशिक्षण और आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती में स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि लोग स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें तो स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद लोगों ने स्वदेशी के महत्व पर चर्चा की और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, राजू सिंह एडवोकेट, पंकज पांडेय, विवेक सिंह, बाबू तिवारी, सत्यम सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, प्रभात, त्रिलोक चंदी, सुलोचना देवी, सुशीला, रंगोली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नव भारतीय किसान संगठन ने मण्डलायुक्त को सौंपा 10 सूत्रीय मांग पत्र

● लखनऊ के बख्शी तालाब क्षेत्र में भू-माफियाओं के अवैध कब्जे और बढ़ते प्रदूषण को लेकर जताया गहरा रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





नव भारतीय किसान संगठन (आ0) ने सोमवार को किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगों को लेकर लखनऊ के मण्डलायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल शुक्ला और लखनऊ जिला अध्यक्ष राजू रावत के नेतृत्व में सौंपे गए इस 10 सूत्रीय मांग पत्र में प्रशासन से तत्काल दखल देने और जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**अवैध कब्जों और तहसील प्रशासन की मिलीभगत का आरोप**

सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने लखनऊ के बख्शी तालाब (बीकेटी) क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कब्जों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। जिला अध्यक्ष राजू रावत ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन की कथित मिलीभगत से भू-माफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों, तालाबों और खलिहानों पर जबरन कब्जा किया जा रहा है और अवैध भू-खनन धड़ल्ले से जारी है। ज्ञापन में कमलाबाद बढ़ौली, शाहपुर, पल्हरी, मुबारकपुर और परसऊ जैसे ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न गाटा संख्याओं का विशेष उल्लेख करते हुए इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है।

**फैक्ट्री प्रदूषण और आवारा पशुओं से त्रस्त हैं किसान**

संगठन ने पहाड़पुर कम्हरॉवा रोड पर स्थित पुरुषोत्तम राम फूड इण्डस्ट्रीज (प्रा0लि0) ग्लूकोस फैक्ट्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन के अनुसार, इस फैक्ट्री से होने वाले वायु, ध्वनि और जल प्रदूषण के कारण स्थानीय ग्रामीणों में बीमारियां फैल रही हैं और आसपास की उपजाऊ भूमि बंजर हो रही है। प्रदूषण अधिकारियों की कथित निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए गए हैं। इसके अलावा, क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे भारी नुकसान और नागरिकों पर हो रहे हमलों को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है।

**आर्थिक राहत और बुनियादी ढांचे में सुधार की मांग**

किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए संगठन ने निम्नलिखित प्रमुख मांगें मण्डलायुक्त के समक्ष रखी हैं: बिजली व कर्जः ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और 400 यूनिट तक बिजली बिल पूरी तरह माफ हो। साथ ही, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए। फसल मूल्य व पेंशनः गन्ने का सरकारी खरीद मूल्य बढ़ाकर ?600 प्रति क्विंटल किया जाए और सामाजिक सुरक्षा के तहत विधवा पेंशन की राशि ?5000 प्रति माह की जाए। महिला थानाः बख्शी तालाब में वर्तमान में एक छोटे से कमरे में संचालित हो रहे महिला थाने को अविलंब नए बने भवन में स्थानांतरित (शिफ्ट) किया जाए। सब्जी मण्डीः छठे मील पर चरागाह की जमीन (गाटा संख्या 851क, 852ख) पर माफियाओं के कब्जे में चल रही निजी सब्जी मण्डी को खाली कराकर वहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं।

**मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग**

ज्ञापन के अंत में नव भारतीय किसान संगठन ने माननीय मुख्यमंत्री से संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के लिए समय दिलाने का भी अनुरोध किया है, ताकि किसानों की इन समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष रखा जा सके। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इन जायज मांगों पर जल्द ही उचित प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की गई, तो किसान बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए विवश होंगे

## जलापूर्ति की हकीकत जानने गांव-गांव जाएंगे जलशक्ति मंत्री

● 15-16 जुलाई को ललितपुर, झांसी, जालौन के गांवों का करेंगे निरीक्षण

18-19 जुलाई को सुल्तानपुर, जौनपुर, मीरजापुर व सोनभद्र का दौरा करेंगे जलशक्ति मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊः** जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में निर्धारित मानकों के मुताबिक नल से जल की सप्लाई हो रही है या नहीं। इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह खुद फील्ड पर उतरेंगे। 15 से 25 जुलाई के बीच जलशक्ति मंत्री एक दर्जन से अधिक जिलों का दौरा करेंगे और गांवों का निरीक्षण कर खुद जलापूर्ति और पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगे। सोमवार को इसके निर्देश जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। दौरे में जलशक्ति मंत्री के साथ नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरे में मंत्री और अधिकारी गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। इस दौरान विभिन्न गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। 15-16 जुलाई के बीच जलशक्ति मंत्री ललितपुर, झांसी, जालौन के गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान मंत्री औचक निरीक्षण कर गांवों में पहुंचेंगे। 18-19 जुलाई को जलशक्ति मंत्री सुल्तानपुर, जौनपुर, मीरजापुर और सोनभद्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान भी गांवों में जाकर ग्रामीणों से फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही रात्रि विश्राम भी मंत्री और अधिकारी करेंगे। 24 जुलाई को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मथुरा में संत संवाद करेंगे। इसमें यमुना की सफाई को लेकर संतों की राय ली जाएगी। साथ ही यमुना के आसपास के ग्रामीणों को भी इस संवाद में शामिल किया जाएगा। ग्रामीणों को नदियों की सफाई के लिए जागरूक भी किया जाएगा। संवाद के बाद विभाग की ओर यमुना किनारे बसे गांवों में नदी सफाई के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना है। सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अगर किसी भी जिले में जलापूर्ति की शिकायत आती है, तो चीफ इंजिनियर और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी चीफ इंजिनियर खुद एक-एक परियोजना की समीक्षा करें और जवाबदेही निर्धारित करें। ताकि गर्मी में सभी को साफ जल नल से मुहैया हो सके। विभागीय समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी चीफ इंजिनियर अपने स्तर पर भी गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन करें। इन आयोजनों में ग्रामवासियों को जलापूर्ति की व्यवस्था सौंपने के साथ-साथ ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति भी सचेत किया जाए।

सम्पर्क सूत्र- इंजेश सिंह

# मत्स्य पालन से रुखसाना ने हाथरस में लिखी महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की नई इबारत

भारत में नीली क्रांति को एक नई गति देने और पारंपरिक मछुआरों व मछली पालकों की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) संचालित की जा रही है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग द्वारा क्रियान्वित यह योजना भारतीय मत्स्य क्षेत्र में एक बड़ा निवेश कार्यक्रम है। देश में टिकाऊ, पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना इस योजना का मूल संकल्प है। यह संपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम दो प्रमुख घटकों के माध्यम से धरातल पर कार्य करता है, जिसमें शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित 'केंद्रीय क्षेत्र की योजना' और केंद्र व राज्यों के बीच निर्धारित अनुपात में खर्च साझा करने वाली 'केंद्र प्रायोजित योजना' शामिल हैं। इस व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्य की योजना में पारंपरिक मत्स्य पालन के तौर-तरीकों को बदलकर उसमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में देश भर में बड़ी संख्या में रीसर्क्युलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) और नवीन बायो-फ्लॉक इकाइयों को मंजूरी दी गई है, जो बेहद कम पानी और सीमित भूमि क्षेत्र में भी उच्च घनत्व के साथ अधिक मछली उत्पादन सुनिश्चित करती हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से नए आइस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज और मूल्य-संवर्धित प्रसंस्करण उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घरेलू विपणन तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए हजारों की संख्या में अत्याधुनिक रिटेल फिश मार्केट और मोबाइल कियोस्क को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अपनी राज्य स्तरीय नीतियों और योजनाओं के साथ समेकित किया है। 'मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना' और उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ मत्स्य नीति के माध्यम से राज्य सरकार मछुआरों के कल्याण, मत्स्य बीजों की उपलब्धता और अंतर्देशीय जल संसाधनों (तालाबों व पोखरों) के पट्टे आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी व सुलभ बना रही है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख मत्स्य उत्पादन केंद्र बनाने के लिए बुनियादी ढांचा विकास और वित्तीय रियायतों पर विशेष ध्यान दे रही है। केंद्रीय योजना के प्रावधानों के अनुरूप ही राज्य का मत्स्य विभाग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला लाभार्थियों को अधिकतम 60 प्रतिशत तक की विशेष वित्तीय सब्सिडी का लाभ समय पर प्रदान कर रहा है, जबकि अन्य सामान्य श्रेणियों के लिए 40 प्रतिशत अनुदान देय है।

मछुआरों और मछली पालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा से व्यापक स्तर पर जोड़ा गया है, ताकि बैंकों से कार्यशील पूंजी के लिए आसानी से और बेहद कम ब्याज दर पर ऋण मिल सके। इसके अतिरिक्त, वार्षिक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि या लीन पीरियड के दौरान मछुआरा परिवारों को भुखमरी और कुपोषण से बचाने के लिए विशेष आजीविका और पोषण सहायता प्रदान की जाती है। छोटे मछली पालकों को संगठित कर बाजार में मोलभाव की शक्ति बढ़ाने के लिए मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठन तेजी से किया जा रहा है।

योजना की इसी कल्याणकारी नीति, दूरदर्शी सोच और राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन और प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है। विकास खंड सासनी के अंतर्गत मस्जिद वाली गली कसाना की निवासी श्रीमती रुखसाना पत्नी श्री शहजाद आज आधुनिक मत्स्य पालन और विपणन के क्षेत्र में एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। इस चुनौतीपूर्ण दौर में जब ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के पारंपरिक साधन अत्यंत सीमित हो रहे थे, उन्होंने स्थानीय संसाधनों का कुशलता से उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नया, साहसिक और अनुकरणीय प्रयास प्रारंभ किया।

श्रीमती रुखसाना ने पुरुषों के वर्चस्व वाले इस पारंपरिक व्यवसाय क्षेत्र में कदम रखकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया, बल्कि ग्रामीण समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार का एक नया, आधुनिक और सम्मानजनक मार्ग प्रशस्त किया। उनकी इस चुनौतीपूर्ण लेकिन गौरवमयी सफलता की यात्रा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, जिसका वास्तविक क्रियान्वयन वर्ष 2023-24 में सुनिश्चित हुआ, मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत उनका चयन आधुनिक मत्स्य विक्रय के लिए 'कियोस्क निर्माण' की विशिष्ट परियोजना के लिए किया गया।

एक महिला लाभार्थी होने के नाते नियमानुसार रुखसाना को इस आधुनिक कियोस्क निर्माण की कुल परियोजना लागत पर 60 प्रतिशत का भारी अनुदान प्राप्त हुआ, जिसके तहत उन्हें 06.00 लाख की एक बड़ी वित्तीय सहायता राशि सीधे तौर पर डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। इस बड़ी सरकारी मदद, मत्स्य विभाग के तकनीकी सहयोग और जिला प्रशासन हाथरस के निरंतर मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने ग्राम सासनी देहात, नानउ रोड स्थित परियोजना स्थल पर अपने सपनों के व्यवसाय की एक मजबूत, स्वच्छ और वैज्ञानिक बुनियाद रखी। इस आधुनिक कियोस्क के निर्माण के पश्चात उन्होंने पूरी व्यावसायिक कुशलता, लगन और निष्ठा के साथ मत्स्य विक्रय के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया।

श्रीमती रुखसाना ने पारंपरिक खुले बाजारों के ढर्रे से पूरी तरह हटकर उपभोक्ताओं की सुविधा, हाइजीन, स्वच्छता और उत्तम गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया, जिससे बेहद कम समय में पूरे हाथरस जनपद में उन्होंने अपनी एक विशिष्ट और विश्वसनीय पहचान बना ली। आज उनके इस आधुनिक कियोस्क और उनके काम करने के व्यवस्थित व स्वच्छ तरीके की स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा खूब सराहना की जाती है। समय के साथ उन्होंने स्थानीय बाजार की मांग और उपभोक्ताओं की पसंद को गहराई से समझा और अपने व्यवसाय का निरंतर विस्तार किया। वर्तमान में वे इस आधुनिक कियोस्क यूनिट में उच्च प्रोटीन युक्त पंगेशियस मछली के साथ-साथ भारतीय मेजर कार्प (जैसे रोहू, कतला और नैन) जैसी लोकप्रिय और मांग वाली मत्स्य प्रजातियों का भी नियमित रूप से बड़े पैमाने पर विक्रय कर रही हैं।

वर्तमान में श्रीमती रुखसाना के इस उद्यम की व्यापारिक स्थिति अत्यंत उत्साहजनक और सुदृढ़ है। उनके कियोस्क से प्रतिदिन लगभग 50 किलोग्राम पंगेशियस मछली के साथ-साथ भारी मात्रा में भारतीय मेजर कार्प मछलियों का विक्रय सुगमता से हो जाता है। इस निरंतर उपभोक्ता मांग और बढ़ती बिक्री के माध्यम से वे प्रतिदिन ?07 हजार से ?08 हजार का शानदार व्यापार कर लेती हैं। सभी प्रकार के परिचालन खर्चों, परिवहन और निवेश लागत को निकालने के बाद उन्हें प्रतिदिन लगभग ?02 हजार से ?03 हजार की शुद्ध आय प्राप्त होती है, जो ग्रामीण परिवेश में एक महिला के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस बेहतरीन और नियमित शुद्ध कमाई से श्रीमती रुखसाना न केवल अपने परिवार के सभी खर्चों, बच्चों की उच्च शिक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति अत्यंत सम्मानजनक तरीके से कर रही हैं, बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अपने इस सफल उद्यम के माध्यम से उन्होंने स्थानीय स्तर पर अन्य 02 बेरोजगार युवाओं को भी प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे उन परिवारों के जीवन में भी आर्थिक स्थिरता आई है। उनकी मेहनत ने एक मिसाल कायम की है कि एक महिला उद्यमी किस प्रकार आत्मनिर्भर बनकर समाज के अन्य वंचित वर्गों के लिए भी संबल बन सकती है।

श्रीमती रुखसाना स्वयं गर्व से साझा करती हैं कि उनके द्वारा सृजित ये रोजगार और यह सकारात्मक आर्थिक बदलाव उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग, जिला प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों के सक्रिय सहयोग, समय पर मिले मार्गदर्शन तथा निरंतर तकनीकी प्रेरणा से ही संभव हो सका है। उनकी इस सफलता ने सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक तालमेल से तो ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियां आज राज्य के कोने-कोने में ऐसी हजारों आत्मनिर्भर ग्रामीण महिलाओं को नई पहचान दे रही हैं, जो न केवल देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत कर रही हैं, बल्कि नीली क्रांति के सपने को भी साकार कर रही हैं।

**जनपद-हाथरस**

# अयोध्याः राम मंदिर का दान और संपत्ति की खरीदारी-'श्रद्धा के पैसे' का हिसाब

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला

अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पुलिस को बहुत बड़ी सफलता मिली है। रविवार को सात ठिकानों पर छापेमारी के दौरान आरोपियों की संपत्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद कर उन्हें जब्त कर लिया गया है। अब पुलिस इनकी जांच करेगी और वित्तीय लेनदेन की समीक्षा करेगी। इन सात अभियुक्तों के घरों से पुलिस को सोने चांदी के गहने, सिक्के व नकदी भी मिली है जो यह साबित कर रही है कि कहीं न कहीं मंदिर की दान चोरी में इनका हांथ है। रामलला के दर्शन के लिए रोज लाखों श्रद्धालु आते हैं। दानपात्रों में नकद, गहने, चेक सब गिरता है। लेकिन अब वही 'श्रद्धा का पैसा' विवाद में है। एक तरफ ट्रस्ट की करोड़ों की जमीन खरीदारी, दूसरी तरफ चढ़ावा गिनने वाले कर्मचारियों की करोड़ों की संपत्ति। दान कितना आता है? विदेश से लेकर घर तक- विदेशी दान- महाकुंभ के दौरान अकेले जनवरी-फरवरी 2025 में अमेरिका समेत 6 देशों से 57 लाख रुपये का विदेशी दान मिला।

समर्पण निधि से अब तक देश-विदेश के करोड़ों भक्तों ने आस्था से दान दिया है। भाजपा नेता रजनीश सिंह के मुताबिक ये पैसा 'किसी व्यक्ति का नहीं, करोड़ों भक्तों की श्रद्धा का प्रतीक है'। शुरुआत 1 रुपये से ट्रस्ट को पहला दान मोदी सरकार ने 1 रुपये नकद देकर किया था। ट्रस्ट ने क्या खरीदा? चार महीने में 36.61 करोड़ की जमीन। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तेजी से जमीन खरीद रहा है। पिछले 4 महीने अयोध्या के हैबतपुर में 5 जगहों पर 4.29 एकड़ जमीन खरीदी गई। जिसकी कुल कीमतः 36.61 करोड़ रुपये है। सबसे बड़ी डील-11,194 स्क्वायर फीट की एक जमीन अकेले।

रानोपाली में भी 5,490 स्क्वायर फीट की जमीन अलग से ली गई है। ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर विस्तार और सुविधाओं के लिए जमीन ली जा रही है। विवाद का केंद्रः चढ़ावे की 'चोरी' और करोड़ों की संपत्ति यही सबसे बड़ा मुद्दा है। आरोप है कि दानपात्रों से करोड़ों रुपये गायब हुए। 14,500 की नौकरी, करोड़ों की संपत्ति- नोट गिनने वाले 24 प्राइवेट कर्मचारियों की सैलरी सिर्फ 14,500 रुपये महीना है। लेकिन उनमें से कुछ ने 1.5 करोड़ की जमीन, 40 लाख का प्लॉट खरीद लिया। कैसे पकड़े गए- 18-20 हजार सैलरी वाले दो कर्मचारियों की डेढ़ करोड़ की जमीन खरीद से पूरा मामला खुला।

**कौन शामिल-** लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी दान गिनती प्रक्रिया में थे। सीसीटीवी फुटेज में पैसे चुराते पकड़े गए। कितना घोटाला? आशंका 200 करोड़ रुपये से अधिक की है। अब तक 5 कर्मचारियों से 2 करोड़ नकद, 1 कार, 3 आईफोन बरामद हुए हैं। जांच कहां तक पहुंची? एसआईटी और राजनीति क्या कहती है - एसआईटी का गठन - योगी सरकार ने मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय एसआईटी बनाई। 15 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है और आठ में से सात लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है जिनके पास से काफी संपत्ति के सबूत मिले हैं। ट्रस्ट की शिकायत पर 8 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 306, 316, 317, 61 के तहत केस दर्ज हुआ है।

सपा का आरोप- अखिलेश यादव ने कहा कि चंदे के पैसों से मकान खरीदे गए हैं। उन्होंने हाईकोर्ट के रिटायर जज से जांच कराने की मांग की है। ट्रस्ट का बयान- नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि ये विवाद 'जमीन खरीद विवाद' से भी ज्यादा गंभीर है। उन्होंने एक अनुभवी सीईओ की नियुक्ति की जरूरत बताई।

पारदर्शिता की मांगः हिसाब कौन देगा? भाजपा नेता रजनीश सिंह ने पीएम को पत्र लिखकर ट्रस्ट के बनने से अब तक का पूरा वित्तीय लेन-देन वेबसाइट पर सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका तर्क है कि 'हर भक्त को यह जानने का नैतिक और लोकतांत्रिक अधिकार है कि दान में मिले पैसे, गहनों का इस्तेमाल कैसे हुआ '। आस्था बनाम जवाबदेही- राम मंदिर सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, करोड़ों लोगों की आस्था है। ट्रस्ट जमीन खरीदकर विस्तार कर रहा है, ये ठीक है। लेकिन अगर 14,500 सैलरी वाला कर्मचारी करोड़पति बन रहा है, तो सवाल उठना लाजमी है। एसआईटी की रिपोर्ट तय करेगी कि ये 'व्यक्तिगत गबन' है या सिस्टम की चूक। फिलहाल 8 लोग सलाखों के पीछे हैं, और करोड़ों श्रद्धालु हिसाब मांग रहे हैं।

# 'एक्टिंग कोई कॉरपोरेट नौकरी नहीं', 8 घंटे की वर्कशिफ्ट डिमांड पर दीपिका पादुकोण को मिला पहले डायरेक्टर का साथ



**लखनऊ।** बॉलीवुड में नंबर वन एक्ट्रेस की कुर्सी पर काबिज अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हमेशा से अपने मुद्दों को लेकर मुखर रही हैं। दीपिका खुलकर अपनी बात रखती हैं और यही चीज उन्हें बाकियों से अलग बनाती है। अब आपको याद ही होगा कि कुछ महीने पहले दीपिका ने 8 घंटे की वर्कशिफ्ट को लेकर अपनी बात रखी थी। इसको लेकर हर तरफ बवाल हुआ। कईयों ने दीपिका का साथ दिया तो कई इस पर चुप रहे और अब एक मशहूर डायरेक्टर ने दीपिका के इस बयान का समर्थन दिया है।

**डायरेक्टर ने दिया दीपिका का साथ**

फिल्मों में काम करने के निर्धारित समय को लेकर दीपिका का साथ देने वालों की फेहरिस्त काफी लंबी है। अब इसी में जुड़ा फिल्ममेकर इंद्रजीत लंकेश का नाम। ये वही इंद्रजीत लंकेश हैं जिन्होंने दीपिका को ओम शांति ओम से पहले ब्रेक दिया था। 2006 में इंद्रजीत की फिल्म 'ऐश्वर्या' में दीपिका ने काम किया था।

पिंकविला की सहयोगी वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में इंद्रजीत ने दीपिका का साथ देते हुए कहा कि, 'अगर आप किसी आर्टिस्ट के साथ, खासकर दीपिका के साथ 6 घंटे शूट करते हैं, तो उसके बाद डायरेक्टर तो कैमरे के पीछे रहकर अगले 4 घंटे दूसरा सीन शूट कर सकता है। लेकिन आर्टिस्ट ऐसा नहीं कर सकता। उनके चेहरे पर थकान दिखने लगती है। इसलिए आप सीन्स की प्लानिंग और शेड्यूलिंग इस तरह कर सकते हैं कि उन्हें ब्रेक मिले। और ब्रेक देना बहुत जरूरी है। खासकर तब, जब आप एक मां हों और आपका छोटा बच्चा हो। आप बच्चे के लिए कोई केयरटेकर रख सकते हैं, लेकिन मां का प्यार और उनकी देखभाल सबसे जरूरी होती है।'

**'एक्टिंग कोई कॉरपोरेट नौकरी नहीं'**

अपनी बात को आगे रखते हुए इंद्रजीत लंकेश ने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि उनके इस कदम से न सिर्फ वर्किंग मदर्स को बल्कि इंडस्ट्री के हर एक्टर को फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि, 'दीपिका ने जो 8 घंटे के काम की बात उठाई है, वह मुझे बहुत अच्छी लगी। उन्होंने हर महिला और हर आर्टिस्ट के लिए स्टैंड लिया है। कैमरे के सामने आपको ही आना होता है। अगर आप 8 घंटे से ज्यादा काम करेंगे, तो स्क्रीन पर थके हुए और बीमार दिखेंगे। कल को लोग आपको ही देखेंगे, क्योंकि पर्दे पर आप एक्टिंग कर रहे हैं। डायरेक्टर तो कैमरे के पीछे रहकर अपनी कहानी कह रहा है। लेकिन कैमरे के सामने आप होते हैं, और थके हुए चेहरे को कोई नहीं बचा सकता।'

आपको बता दें कि, दीपिका ने जब 8 घंटे वर्क शिफ्ट की मांग की तो कई फिल्ममेकर्स को उनकी ये बात नागवार गुजरी। इसके बाद दीपिका ने कल्कि पार्ट 2 और संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म को छोड़ दिया। इस मुद्दे पर खूब बहस हुई। वहीं कंगना रनौत, यामी गौतम और सबा आजाद समेत कई एक्ट्रेसेस ने दीपिका का साथ दिया था। दीपिका जल्द ही अल्लू अर्जुन के साथ 'राका' में दिखने वाली हैं और इस फिल्म की चर्चा पहले ही काफी हो गई है।

# उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहा है आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति

**लखनऊ** भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थापित उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) आज देश की सबसे महत्वाकांक्षी औद्योगिक परियोजनाओं में से एक बन चुका है। यह परियोजना न केवल रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक रक्षा विनिर्माण मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिला रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस परियोजना को गति प्रदान कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में निवेश, रोजगार और तकनीकी नवाचार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 06 प्रमुख नोड्स- झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ और आगरा में विकसित किया जा रहा है। इन सभी केंद्रों का चयन उनकी रणनीतिक स्थिति, बेहतर सड़क संपर्क और एक्सप्रेसवे नेटवर्क से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में उद्योगों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, सड़क नेटवर्क और अंतिम-मील कनेक्टिविटी विकसित की जा रही हैं। इससे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त हो रहा है।

डिफेन्स कॉरिडोर की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यापक औद्योगिक एवं तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र है। परियोजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर तथा आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। ये संस्थान रक्षा अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से युवाओं को रक्षा विनिर्माण से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग भागीदारों के साथ समन्वय स्थापित कर निवेशकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है।

प्रदेश में रक्षा उद्योगों के विकास के लिए अब तक लगभग 2047.87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। यह भूमि रक्षा उत्पादन इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों और सहायक उद्योगों की स्थापना के लिए उपयोग में लाई जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 202 रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन एमओयू के माध्यम से लगभग 35,370.59 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 54,063 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है।

डिफेन्स कॉरिडोर में उद्योग स्थापना की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है। 177 रक्षा उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. में से अब तक 62 उद्योगों को कुल 1078.38 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 12,294.45 करोड़ रुपये का निवेश और 14,108 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। आज वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निवेशकों का पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी विभिन्न परियोजनाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्तमान में डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, अडानी डिफेन्स सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज सहित कुल आठ संस्थाओं द्वारा रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है। इन इकाइयों के संचालन से प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पहले से ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एवीआईएल तथा अन्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की मजबूत उपस्थिति है। इन संस्थानों की मौजूदगी से रक्षा उद्योगों को आपूर्ति श्रृंखला, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान सहायता प्राप्त हो रही है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन के लिए एक सशक्त और विश्वसनीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।




डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण पहलू बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास भी है। झांसी और चित्रकूट जैसे जिलों में उद्योगों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है तथा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त हो रही है। लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे बुंदेलखंड में यह परियोजना औद्योगिक क्रांति का आधार बन रही है। आज जब भारत रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निवेश, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिक आधारभूत संरचना के समन्वय से यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दे रही है, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को भी मजबूती प्रदान कर रही है। आने वाले वर्षों में यह कॉरिडोर आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरेगा।

**सरिता वर्मा, सूचना अधिकारी**

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। परिवार में किसी शुभ समाचार से प्रसन्नता मिलेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं।

**वृषभ** आज धैर्य और संयम से काम लेने की आवश्यकता है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में लाभ के नए अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, खान-पान का ध्यान रखें। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**मिथुन** दिन व्यस्त रहेगा, लेकिन मेहनत का पूरा फल मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आर्थिक लाभ के योग हैं। मित्रों से सहयोग मिलेगा। यात्रा के दौरान सावधानी बरतें। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्क** आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति या सम्मान मिलने के संकेत हैं। निवेश सोच-समझकर करें। सेहत में सुधार रहेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है।

**सिंह** आज आत्मविश्वास के बल पर कठिन कार्य भी पूरे कर लेंगे। व्यापार में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** आज योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला** आज भाग्य का साथ मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। व्यापार में विस्तार की योजना सफल हो सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** आज कार्यक्षेत्र में चुनौतियां आएंगी, लेकिन सूझबूझ से उन्हें पार कर लेंगे। आर्थिक मामलों में लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**धनु** आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। नौकरी और व्यापार दोनों में उन्नति के योग हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। परिवार में खुशहाली रहेगी।

**मकर** आज मेहनत के अनुरूप परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। धैर्य बनाए रखें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कुंभ** आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ और नौकरी में प्रशंसा मिलने के योग हैं। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिल सकता है। मित्रों के साथ समय आनंददायक रहेगा।

**मीन** आज मानसिक शांति बनी रहेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमारे जीवन के सच्चे नायकों को समर्पित

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को पूरे भारत में अत्यंत सम्मान और कृतज्ञता के साथ मनाया जाता है। यह दिन उन सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है जो अपने ज्ञान, अनुभव, सेवा और समर्पण से लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित बनाते हैं। यह दिवस महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती तथा पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था और इसी दिन वर्ष 1962 में उनका निधन हुआ। चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के लिए वर्ष 1991 से भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरुआत की गई।

डॉक्टर केवल बीमारी का उपचार करने वाले व्यक्ति नहीं होते बल्कि वे जीवन के रक्षक, समाज के मार्गदर्शक और मानवता की सेवा के सबसे बड़े प्रतीक होते हैं। जब कोई व्यक्ति शारीरिक या मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होता है तब डॉक्टर ही उसे नई आशा और नया विश्वास प्रदान करते हैं। उनकी मुस्कान, उनका आत्मविश्वास और उनका अनुभव मरीज तथा उसके परिवार के लिए संबल बन जाता है। दिन हो या रात, त्योहार हो या अवकाश, डॉक्टर अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर सेवा में लगे रहते हैं। यही कारण है कि उन्हें धरती पर भगवान का दूसरा रूप भी कहा जाता है। आज के समय में चिकित्सा केवल उपचार तक सीमित नहीं रह गई है। आधुनिक डॉक्टर रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना डॉक्टरों की जिम्मेदारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। उनका उद्देश्य केवल रोग का इलाज करना नहीं बल्कि लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है।

डॉक्टर हमारे जीवन के हर चरण में हमारे साथ खड़े रहते हैं। जन्म के समय नवजात शिशु की पहली जांच से लेकर वृद्धावस्था तक वे हर आयु वर्ग के लोगों की देखभाल करते हैं। बच्चों की बीमारियों से लेकर बुजुर्गों की जटिल स्वास्थ्य समस्याओं तक डॉक्टर पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। मधुमेह, हृदय रोग, गुर्दा रोग और कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए डॉक्टर केवल चिकित्सक नहीं बल्कि प्रेरणा और विश्वास का स्रोत भी होते हैं।

आपातकालीन परिस्थितियों में डॉक्टरों का योगदान सबसे अधिक दिखाई देता है। सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, महामारी अथवा किसी भी स्वास्थ्य संकट के दौरान डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि किस प्रकार डॉक्टरों ने अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात मरीजों की सेवा की और हजारों लोगों का जीवन बचाया। उनका यह समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल डॉक्टरों को सम्मानित करने का अवसर नहीं बल्कि समाज को यह याद दिलाने का भी दिन है कि डॉक्टर भी इंसान हैं। वे भी मानसिक तनाव, शारीरिक थकान और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करते हैं। लंबे समय तक लगातार काम करना, कठिन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण निर्णय लेना और हर दिन अनेक मरीजों की जिम्मेदारी निभाना आसान नहीं होता। इसलिए डॉक्टरों के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना मरीजों की देखभाल करना। स्वस्थ डॉक्टर ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

देश के अस्पताल और स्वास्थ्य संस्थान इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाता है। मरीज और उनके परिवार धन्यवाद पत्र, शुभकामना संदेश और छोटे-छोटे उपहार देकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग अपने अनुभव साझा करके डॉक्टरों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। यह सब डॉक्टरों के मनोबल को बढ़ाने और उनके योगदान को समाज के सामने प्रस्तुत करने का माध्यम बनता है।

हम सभी अपने जीवन में किसी न किसी डॉक्टर के प्रति आभार अवश्य व्यक्त कर सकते हैं। एक साधारण धन्यवाद संदेश, एक शुभकामना पत्र, एक प्रेरणादायक अनुभव साझा करना या किसी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में भाग लेना भी डॉक्टरों के प्रति सम्मान प्रकट करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। यदि हम नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, चिकित्सकों की सलाह का पालन करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तो यह भी उनके कार्य के प्रति हमारा सम्मान होगा।

आज देश के अनेक आधुनिक अस्पताल केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि अनुसंधान, नई तकनीक, आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं ताकि वे चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम जानकारी और तकनीकों का उपयोग कर मरीजों को सर्वोत्तम उपचार दे सकें। टीम भावना, आधुनिक सुविधाएं और मानवीय संवेदनाएं मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाती हैं।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमें यह भी सिखाता है कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि हम स्वच्छता अपनाएं, संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें, समय पर टीकाकरण करवाएं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की अनदेखी न करें तो अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉक्टरों के मार्गदर्शन का पालन करके हम स्वयं भी स्वस्थ रह सकते हैं और दूसरों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

आज जब चिकित्सा विज्ञान निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है तब डॉक्टरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में भी डॉक्टरों की मानवीय संवेदनाएं, अनुभव और निर्णय क्षमता का कोई विकल्प नहीं है। उनकी करुणा, सेवा भावना और समर्पण ही उन्हें समाज का सबसे सम्मानित वर्ग बनाते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि उन सभी चिकित्सकों के प्रति हमारी सामूहिक श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। आइए इस अवसर पर हम सभी अपने डॉक्टरों के प्रति सम्मान, विश्वास और कृतज्ञता व्यक्त करें तथा उनके योगदान को सदैव याद रखें। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही एक स्वस्थ, सुरक्षित तथा समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में हमारा महत्वपूर्ण कदम भी होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रुपईडीह- गोण्डा

पत्रांक 640 / लेखा0 / पंचम राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त/2026-27/ दिनांक 20/06/2026

## अल्प कालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग / जिला पंचायत / अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत रुपईडीह को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्तावित / अनुमोदित कार्ययोजना 2026-27 में निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदाये प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.6.2026 से 05.07. 202 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर 04 बजे अपराह्न प्राप्त कर सकते हैं। निविदाये दिनांक 0.7.0.7.2.026 को अपराह्न 03 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाये उसी दिन अपराह्न 03 बजे उपस्थित निविदाताओं / प्रतिनिधि के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्रम0 | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि | निविदा फॉम का मूल्या 12% जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की समयवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत हिन्दूनगरबाकी में डामर रोड से अशोक सिंह के कोठर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 3.73 | 7500 | 560 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में रामधन के घर से शिवाला तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4,81 | 9700 | 560 | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत बभनी सराय में सम्मय स्थान से मनी सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4.85 | 9700 | 560 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत दुल्लहापुर पहाड़ी में नहर से जुम्मन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.25 | 14500 | 560 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत भटपुरवा में मस्जिद से निजामुद्दीन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.63 | 9300 | 560 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत वीरपुर झलईया पासी पुरखा मेन रोड खडंजा मार्ग से काली जी स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.78 | 17600 | 560 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत नौशहरा बिर्तिहा में पक्की रोड से ओम प्रकास के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6,90 | 13800 | 560 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत भटपुरवा में केसई पुरवा में प्रधानमंत्री रोड नहर से शमसुद्दीन के घर होते हुये मकतब तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.60 | 13200 | 560 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत निधिनगर में उदयराज के घर से राम कृपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.61 | 11300 | 560 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत शिवगढ़ में गोबरे के खेत से महेंद्र कान्त के खेत तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.25 | 14500 | 560 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द पुरानी इंटरलाकिंग से केवलपुर बार्डर से छोटेपुरवा से घनश्याम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.65 | 19300 | 560 | 3 माह |
| 12 | रूपईडीह में हरमजन पी0डब्लू डी0 रोड से विकास के चक तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.41 | 4900 | 560 | 3 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत भैरमपुर में जूनियर स्कूल के पीछे सी.सी. रोड से खुशी राम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.65 | 19300 | 560 | 3 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत पकड़ी मारूडीह में कालूपुरवा के अंकित तिवारी के घर से सी.सी. रोड होते हुये पूरण तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.44 | 10900 | 560 | 3 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत बिछुड़ी सरौना संपर्क मार्ग से अन्तेस्ती स्थल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.65 | 19300 | 560 | 3 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत छितौनी में रामपति पाण्डेय के घर से काली माता स्थान तक इण्टर लाकिंग कार्य | 4.56 | 9200 | 560 | 3 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत लयबुड़वा कर्नलगंज/आर्यनगर संपर्क मार्ग से के. के. शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.01 | 18100 | 560 | 3 माह |
| 18 | ग्राम पंचायत कौडिया में शुक्ल कौडिया से राम बिहारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.86 | 13800 | 560 | 3 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत हरखापुर नहर पुलिया से स्टेशन कैम्पस तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.14 | 8300 | 560 | 3 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत भवनियापुर उपद्धयाय में श्री शिव कात्यायनी स्कूल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.08 | 4200 | 560 | 3 माह |
| 21 | ग्राम पंचायत नौशहरा में पक्की सड़क से अगनू पाण्डेय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.56 | 13200 | 560 | 3 माह |
| 22 | ग्राम पंचायत असिधा/लदोवा मस्जिद से आर्यनगर मार्ग तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.60 | 19200 | 560 | 3 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत परसपुर एहलावा पिच रोड से अजय कुमार के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.48 | 11000 | 560 | 3 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत फरेन्दाशुक्ल में सी.सी. रोड से बालमुकुन्द के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.00 | 2000 | 560 | 3 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत सहजनवा मेन रोड से प्रदीप शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.63 | 5300 | 560 | 3 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत बिछुड़ी में शिवबक्श सिंह के घर से शिव मन्दिर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.28 | 12600 | 560 | 3 माह |
| 27 | ग्राम पंचायत भावनियापुर उपद्धयाय मजरा छिछुली में PWD रोड से दाताराम शुक्ला के खेत से शिव विवाह स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.53 | 11100 | 560 | 3 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत भटपी सदानंद के घर से नहर पुलिया तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.09 | 8200 | 560 | 3 माह |
| 29 | ग्राम पंचायत रंजीतनगर में कैलाश के घर से केशवपुरवा पश्चिम सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.60 | 13200 | 560 | 3 माह |
| 30 | ग्राम पंचायत सेवरहा मौजा सेवरही में राकेश तिवारी के घर से राम कुमार के घर होते हुए नाला तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.61 | 19300 | 560 | 3 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत छितौनी में पुलिस चौकी कैम्पस में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.64 | 11300 | 560 | 3 माह |
| 32 | ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक डिहवा में राम नाथ के घर से डिवहार बाबा स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.88 | 13800 | 560 | 3 माह |
| 33 | ग्राम पंचायत पुरैनिया में आर्यनगर खरगूपुर सम्पर्क मार्ग के पीछे तालाब से राम लोचन कश्यप के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.52 | 9100 | 560 | 3 माह |
| 34 | ग्राम पंचायत भुलईडीह में रामजीव के घर से PWD रोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.25 | 14500 | 560 | 3 माह |
| 35 | ग्राम पंचायत नरहरिया में इमामुल के खेत से अनीस के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.25 | 14500 | 560 | 3 माह |
| 36 | ग्राम पंचायत फत्तेगढ़ सम्पर्क मार्ग से प्रदीप के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.73 | 17500 | 560 | 3 माह |
| 37 | ग्राम पंचायत कुरसहा में PWD रोड से निक्की तिवारी के धर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.80 | 15600 | 560 | 3 माह |
| 38 | ग्राम पंचायत उसरैना के दाताराम पुरखा में PWDरोड से प्रर्गेश्वरनाथ मन्दिर होते हुये गाँय तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.63 | 11300 | 560 | 3 माह |
| 39 | ग्राम पंचायत वीरपुर भोज मालिक राग के घर से स्कूल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.19 | 6400 | 560 | 3 माह |
| 40 | ग्राम पंचायत खनवापुर में RCC रोड पप्पू शुक्ला के घर से राम शंकर के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.74 | 19500 | 560 | 3 माह |
| 41 | ग्राम पंचायत रनियापुर PWD रोड से जगत राम तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.48 | 11000 | 560 | 3 माह |
| 42 | ग्राम पंचायत छितौनी में गोण्डा-बहराईच मेन रोड से पप्पू शुक्ला के घर होते हुए स्कूल तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.47 | 11000 | 560 | 3 माह |
| 43 | ग्राम पंचायत बेलवा करमडीह में बाबू राम के घर से काली माता स्थान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.22 | 18500 | 560 | 3 माह |
| 44 | ग्राम पंचायत निबिडा परसापुर में पी0डब्लू डी रोड से ओम प्रकाश के घर होते हुए अशोक घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.10 | 6200 | 560 | 3 माह |
| 45 | ग्राम पंचायत मोपाल पुर में पहलवान के घर से साधू के घर होते हुए देवी प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.56 | 13200 | 560 | 3 माह |
| 46 | ग्राम पंचायत पिपरा मोघर में पी0डब्लू डी0 रोड से चन्द्र भान दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 560 | 3 माह |
| 47 | ग्राम पंचायत वीरपुर भोज में जमील के घर से सुरेश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.95 | 17900 | 560 | 3 माह |
| 48 | ग्राम पंचायत लोनावा दरगाह अली नगर में रज्जब अली के घर से हफीज अकबर के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.97 | 12000 | 560 | 3 माह |
| 49 | ग्राम पंचायत भरिया लबेदपुर में इण्टरलाकिंग मार्ग से मरघट तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.42 | 14900 | 560 | 3 माह |
| 50 | ग्राम पचायत कमड़ावा में प्रधानमंत्री सड़क से अशोक तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य | 8.09 | 16200 | 560 | 3 माह |
| 51 | ग्राम पंचायत मनोरामा में भजनजीत के घर से राम कुमार के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 9.90 | 19800 | 560 | 3 माह |
| 52 | ग्राम पंचायत दुल्लापुर पहाड़ी के चौव्हा में संतोष तिवारी के घर से राजा दीक्षित के घर होते हुए तालाब तक भूमिगत नाली निमार्ण कार्य | 6.26 | 12600 | 560 | 3 माह |
| 53 | ग्राम पंचायत हरखापुर में पक्की सड़क से टल्लू मिश्रा के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.08 | 14200 | 560 | 3 माह |
| 54 | ग्राम-पंचायत रुपईडीह, पिपराचौबे, पुरैनिया, दूल्हापुर पहाड़ी, कुरासी, भुडकुड़ा, सरहरा, फरेन्दा शुक्ल, परना बगुलहा व बल्हीजोत में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 55 | कार्य का नाम-कार्य का नाम विकास खण्ड रूपईडीह के ग्राम पंचायत भोपालपुर, कुरसहा, अनेगी, टडवा गुलाम, तिरैमनोरमा, पण्डरी पारा सराय, निबिहा परसपुर, बेलवा बाजार, छितौनी व गौसिहा में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 56 | ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक, पिपरा बाजार, रूकमन्द पुर, कल्यानपुर, 56 उसरैना, बनगाई, मनोहरजोत, नौव्वा गांव, मंगलनगर व पूरेपाठक में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 57 | ग्राम पंचायत कोंचवा, कौड़िया, बेलवा भान, लैबुडवा, जेठपुरवा, 57 तेलियाकोट, हरखापुर, गुदगुदियापुर, पकड़ी मारूहडीह, भैरमपुर में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 58 | ग्राम पंचायत सहजनवा, बिछड़ी, असिधा, अन्नतपुर, पररापुर ऐलहवा, भुलईडीह, मुड़कुड़ी, गौनरिया, पचुरखी मनोहरजोत व भोलाजोत में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 59 | ग्राम पंचायत अमडोहवा, कमडांवा, सिसई जंगल, लोनावा दरगाह, वीरपुर भोज, खनवापुर, बभनी सराय, बराहेमा, परसदा व चौहट्टा में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 60 | ग्राम पंचायत लाल नगर, हरिश्चन्द्रपुर, भंगहा, देवरिया खाम, बलुआ 60 ककरा, रनियापुर, नरहरिया, छिटनापुर, विशुनपुर बलभरिया व खरगूपुर इमिलिया में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 61 | ग्राम पंचायत खरगुपुर डींगूर, पचरन, मिश्रौलिया, नरायनपुर माफी, सुसगंवा, विरमापुर, फतेहगढ़, पिपरा भोघर, देवरिया कला व रंजीत नगर में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 62 | ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया, भटपुरवा, नौशहरा, तेंदुआ चौखड़िया, महादेव कलां, परसौरा महेशपुर, भवानीपुर उपाध्याय, भटपी, बेलवा कर्मडीह व भरिया लबेदपुर में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 63 | ग्राम पंचायत जमुनही हरदोपट्टी, मघवा नगर, झूरी कुईयां, सेवरहा, 63 पिरवर तारा, हिन्दू नगर बाकी, निधि नगर, बलवंतनगर, देवतहा व इटहिया नवी जोत में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 7.95 | 15900 | 560 | 3 माह |
| 64 | ग्राम पंचायत भवानीपुर खुर्द, शिवगढ़, पेडारेगढ़वा, केवलपुर, देवरहना, व रज्जन पुर में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य | 4.77 | 9600 | 560 | 3 माह |

**नियम एवं शर्तो का विवरणः-**

1- प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कालम 05 में अंकित धरोहर की धनराशि का 02 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0 । बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा जो खण्ड विकास अधिकारी रुपईडीह के पक्ष में बंधक होगा। शेष धरोहर राशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय अथवा बिल से कटौती कर ली जाएगी।

2- निर्धारित समय सीमा के पश्चात स्वीकार नहीं की जाएगी।

3- निविदा फर्म पर किसी प्रकार की कंटिंग परिलेख मान्य नहीं होगा।

4- निविदा फर्म पर दर उल्लेख अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

5- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

6- निविदाता को निविदा के साथ टी-6 बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7- भुगतान के समय नियमानुसार टी0डी0एस0 जी0एस0टी0 एल0एफ0 की कटौती कर ली जाएगी।

**(विनीत कुमार)**
**उपजिलाधिकारी/ प्रभारी**
**खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र**
**पंचायत रूपईडीह, गोण्डा**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत रुपईडीह**

# डेटा आधारित निर्णय प्रणाली ही विकसित भारत की मजबूत नींव : डॉ. पी.के. मिश्रा

- जीडीपी, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तथा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक सहित प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों को नए आधार वर्ष के साथ अद्यतन किया जा रहा है,
- ताकि वे भारत की विकसित होती अर्थव्यवस्था को अधिक सटीक रूप से प्रतिबिंबित कर सकें: डॉ. पी.के. मिश्रा
- डॉ. पी.के. मिश्रा ने उच्च गुणवत्ता, गोपनीयता, पारदर्शिता और आँकड़ों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत संस्थागत ढाँचे विकसित करने के प्रयासों को याद किया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में विश्वसनीय, पारदर्शी और वैज्ञानिक आँकड़ों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत ञ्च2047' के विजन को साकार करने के लिए शासन व्यवस्था को पूरी तरह डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली की ओर अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के तीव्र डिजिटल परिवर्तन से तैयार हो रहे प्रशासनिक आँकड़ों के विशाल भंडार का प्रभावी उपयोग देश की नीतियों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को अधिक प्रभावशाली और परिणामोन्मुख बनाएगा। डॉ. मिश्रा सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 20वें सांख्यिकी दिवस-2026 समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा महान सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के अवसर पर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. मिश्रा ने प्रो. पी.सी. महालनोबिस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की आधुनिक सांख्यिकीय प्रणाली की मजबूत नींव रखी। भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) की स्थापना तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) जैसी ऐतिहासिक पहलों ने भारत को विश्व की अग्रणी सांख्यिकीय प्रणालियों में स्थान दिलाया। उन्होंने कहा कि महालनोबिस के योगदान ने केवल भारत ही नहीं, बल्कि अनेक विकासशील देशों की नीति निर्माण प्रक्रिया को भी नई दिशा प्रदान की। उन्होंने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को उसके विजन दस्तावेज 2026-31, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्रगति रिपोर्ट तथा श्रम बाजार एवं अनौपचारिक उद्यमों के प्रथम शहर-स्तरीय अनुमानों के प्रकाशन पर बधाई दी। साथ ही प्रसिद्ध सांख्यिकीविद् प्रो. अरूप बोस को सुखात्मे राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शुभकामनाएं भी दीं।

**प्रशासनिक आँकड़े बनेंगे राष्ट्रीय संपदा**

इस वर्ष के सांख्यिकी दिवस का विषय 'प्रशासनिक आँकड़ों की क्षमता का उपयोग' रहा। इस विषय पर विस्तार से बोलते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत में डिजिटल गवर्नेंस के विस्तार से विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और सरकारी योजनाओं के माध्यम से विशाल मात्रा में प्रशासनिक डेटा उपलब्ध हो रहा है। यदि इस डेटा का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण किया जाए तो इससे योजनाओं की बेहतर निगरानी, लक्षित लाभार्थियों तक सेवाओं की प्रभावी पहुंच तथा समयबद्ध निर्णय लेने में उल्लेखनीय सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आँकड़ों को केवल रिकॉर्ड के रूप में नहीं बल्कि रणनीतिक राष्ट्रीय संपदा के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वित और परस्पर संगत डेटा इकोसिस्टम विकसित करना आवश्यक है।

**सांख्यिकीय प्रणाली में हुए व्यापक सुधार**

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कई दशकों तक उत्कृष्ट कार्य करने के बावजूद भारत की सांख्यिकीय प्रणाली को समय के साथ कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इनमें पुराने हो चुके डेटासेट, आँकड़ों के प्रकाशन में विलंब, बिखरी हुई सांख्यिकीय व्यवस्था, गुणवत्ता में असमानता तथा पेशेवर क्षमता की कमी जैसी समस्याएं शामिल थीं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एमओएसपीआई ने विशेषज्ञ संस्थानों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद सुधार प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान प्राप्त 216 महत्वपूर्ण सिफारिशों को स्वीकार कर समयबद्ध तरीके से लागू किया गया। इन सुधारों के परिणामस्वरूप उपयोगकर्ता आधारित नए सर्वेक्षण शुरू किए गए, आँकड़ों के प्रकाशन की प्रक्रिया में तेजी लाई गई तथा सांख्यिकीय कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा गया।

**जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी के आधार वर्ष होंगे अपडेट**

प्रधान सचिव ने बताया कि भारत की बदलती अर्थव्यवस्था को अधिक सटीक रूप से दर्शाने के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) तथा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों के आधार वर्ष को अद्यतन किया जा रहा है। इससे आर्थिक गतिविधियों का अधिक वास्तविक आकलन संभव होगा और नीति निर्माण की गुणवत्ता में सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षणों को अब कंप्यूटर-सहायता प्राप्त व्यक्तिगत साक्षात्कार (सीएपीआई) प्रणाली से जोड़ा गया है। साथ ही जिला स्तर तक विश्वसनीय अनुमान तैयार करने के लिए सैंपलिंग डिज़ाइन में भी बदलाव किए गए हैं। उच्च-आवृत्ति वाले सर्वेक्षण शुरू किए गए हैं ताकि नीति निर्माताओं को समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध हो सके।



**डिजिटल प्लेटफॉर्म से मजबूत होगा डेटा इकोसिस्टम**

डॉ. मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय मेटाडेटा संरचना 2.0, मशीन-पठनीय डेटा मानक, ओपन एपीआई तथा ई-सांख्यिकी, जीओआईस्टेट्स, पैमाना और ई-साक्षी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रशासनिक डेटा इकोसिस्टम को मजबूत बना रहे हैं। इन पहलों से विभिन्न विभागों के बीच सुरक्षित डेटा साझाकरण, बेहतर पारस्परिक संगतता तथा वास्तविक समय में नीति निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

**एआई के दौर में गुणवत्ता और गोपनीयता सर्वोपरि**

उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सांख्यिकीय विश्लेषण और नीति निर्माण के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान कर रही है, लेकिन इसके उपयोग के दौरान डेटा की गुणवत्ता, गोपनीयता, पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक होगा। मजबूत संस्थागत ढांचे के बिना एआई का प्रभावी और जिम्मेदार उपयोग संभव नहीं है।

**पीएमओ और एमओएसपीआई ने मिलकर किया सुधार**

डॉ. मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2020 से प्रधानमंत्री कार्यालय और एमओएसपीआई ने मिलकर सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार के लिए लगातार कार्य किया। उन्होंने विशेष रूप से मंत्रालय के युवा अधिकारियों की उस टीम की सराहना की जिसने बिना किसी नई समिति या बाहरी सलाहकार की सहायता के विशेषज्ञ संस्थानों की सिफारिशों को व्यावहारिक सुधारों में बदलकर सफलतापूर्वक लागू किया।

**विश्वसनीय आँकड़ों पर आधारित होगा विकसित भारत**

अपने संबोधन के समापन में डॉ. मिश्रा ने कहा कि सुशासन की वास्तविक पहचान तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित निर्णयों से होती है। उन्होंने प्रो. पी.सी. महालनोबिस की विचारधारा को याद करते हुए कहा कि शासन व्यवस्था में आँकड़ों की विश्वसनीयता सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने प्रसिद्ध सांख्यिकीविद् प्रो. सी.आर. राव के कथन– 'सभी निर्णय, अपने तर्क में, सांख्यिकी ही होते हैं '–का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक महत्वपूर्ण निर्णय की गुणवत्ता आधिकारिक आँकड़ों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत, पारदर्शी और वैज्ञानिक सांख्यिकीय प्रणाली के माध्यम से भारत न केवल विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि विकास की यात्रा में कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

# सिद्धार्थनगरः संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता किशोरी का मिला शव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर 13के टोला महदेइया में रविवार की दर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 17 वर्षीय किशोरी का शव उसके अपने ही कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता हुआ मिला शव। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, महदेइया गांव निवासी लक्ष्मण गुप्ता की 17 वर्षीय पुत्री सविता गुप्ता के परिजन रविवार की शाम किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इस दौरान सविता घर पर बिल्कुल अकेली थी।

जब परिजन कुछ देर बाद काम निपटाकर वापस घर लौटे, तो उन्होंने सविता को आवाज दी। भीतर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद जब वे उसके कमरे के पास पहुंचे और दरवाजा खोला, तो उनके होश उड़ गए। सविता कमरे में छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटक हुई थी। बेटी को इस हालत में देख परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष मिथलेश राय का कहना है कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच हर पहलुओं से की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## वन विभाग ने घर से एक अजगर को किया रेस्क्यू



**सिंगाही।** बेलरायां वन रेंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद स्थित निंबुआ फार्म में सोमवार को एक घर के अंदर करीब 10 फीट लंबा अजगर घुस आने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार निंबुआ फार्म निवासी दयाल सिंह के घर में अचानक अजगर दिखाई देने पर परिवार के लोगों में दहशत फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर बेलरायां वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़ लिया। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि घर के अंदर मिला करीब 10 फीट लंबा अजगर सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वन्यजीव दिखाई देने पर घबराने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें और स्वयं उन्हें पकड़ने का प्रयास न करें। रेस्क्यू अभियान में वन कर्मी अजमत और हकीमुद्दीन की अहम भूमिका रही।

## खेलों से व्यक्ति का होता है शारीरिक और मानसिक विकास - डॉक्टर कौशल वर्मा



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** अहमदनगर में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे गोला नगर में स्थित सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक, समाजसेवी एवं जाने माने भाजपा नेता डॉक्टर कौशल वर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनमें जोश भरते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉक्टर नें बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश मिलता है। खेलों से शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है।खेल मैदान में आठवें दिन अहमदनगर मास्टर इलेवन एवं भल्लिया बुजुर्ग की टीमों ने सात ओवर का मैच खेला। अहमदनगर मास्टर इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग की जिसमें सात ओवर में ही सारे प्लेयर आउट हो गए। जिसमें टीम 45 रन ही बना पाई।वहीं भल्लिया बुजुर्ग ने पांच ओवर में में ही निर्धारित लक्ष्य से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की है। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह, जगदीश वर्मा,आनंद वर्मा के अलावा आयोजन कमेटी के हर्षित मिश्रा, वाजिद अली, साहिल, शोयब ,सफ़ी अहमद समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## खुटार रोड पर खूनी बवाल! दो पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे, कई घायल, पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया

**गोला गोकर्णनाथ।** शहर के खुटार रोड पर रविवार रात करीब 9 बजे दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में कई लोग घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में उग्र हो गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है तथा पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

## मैगलगंज थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**लखीमपुर खीरी-** थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम अलियापुर में अवैध खनन के खिलाफ खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में प्रयुक्त एक रीपर चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सीज किए गए वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना मैगलगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

# बंद पड़ी साधन सहकारी समिति से रातों-रात 245 कुंतल गेहूं ट्रक में लोड होने का आरोप, जांच की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** विकास क्षेत्र निघासन के ग्राम सिंगहा खुर्द में नवनिर्मित साधन सहकारी समिति से कथित रूप से रात के अंधेरे में सरकारी गेहूं ट्रक में लोड किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बंद पड़ी समिति से करीब 245 कुंतल गेहूं गुपचुप तरीके से बाहर भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सिंगहा खुर्द में करीब पांच वर्ष पहले साधन सहकारी समिति का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही समिति में ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि समिति का संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। फुटहा फार्म निवासी सरदार मेवा सिंह और अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि रविवार रात बंद पड़ी साधन सहकारी समिति में ट्रक पहुंचा और सरकारी बोरी समेत कुछ खुले बोरों में भरा करीब 245 कुंतल गेहूं लोड किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि गेहूं लोड होने की सूचना निघासन एसडीएम राजीव निगम को फोन के माध्यम से दी गई थी, लेकिन आरोप है कि सूचना के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। मामले को लेकर विभागीय निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की जांच कराकर गेहूं की स्थिति स्पष्ट करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निघासन एसडीएम राजीव निगम से मामले की सही जानकारी करने के लिए फोन से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाकर मामले की सही जानकारी देना मुनासिब नहीं समझा। अब सवाल उठता है की समिति में खरीद नहीं हुई तो गोदामों में इतना गेहूं कहा से आया और ट्रक में लोड होकर बिना तिरपाल से ढका गेहूं कहां गया।

# मथुरा से बरेली आ रही रोडवेज बस का ड्राइवर भूला रास्ता, यात्रियों से अभद्रता, जांच शुरू

**● मथुरा से बरेली आ रही रोडवेज बस का चालक रास्ता भटक गया और यात्रियों को दहशत में यात्रा करनी पड़ी। यात्रियों ने चालक पर मनमानी और अभद्रता का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की है, जिस पर जांच शुरू हो गई है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली।** परिवहन निगम के चालक की मनमानी के चलते मथुरा से आ रहे यात्रियों को कासगंज से बरेली तक दहशत में यात्रा करनी पड़ी। चालक रास्ता भूल गया तो सोरो से एक व्यक्ति को रास्ता दिखाने के लिए बुला लिया, वह भी गलत रास्ते पर ले जाने लगा। यात्रियों के शोर मचाने पर फिर बस को सोरो में लाया गया। आरोप है कि यात्रियों से अभद्रता भी की गई। यात्रियों ने उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की है। एआरएम का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार शाम रुहेलखंड डिपो की बस मथुरा से 25 यात्रियों को लेकर बरेली के लिए रवाना हुई थी। बस यात्रियों की ओर से परिवहन निगम के उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत के अनुसार सोरो में बस चालक ने रास्ता बताने के लिए वहीं के एक लोकल व्यक्ति को बस में बैठा लिया। बस मुख्य मार्ग से हटकर ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने लगी तो यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद बस फिर सोरो आ गई और रास्ता दिखाने वाला व्यक्ति उतरकर चला गया। इस पर चालक से यात्रियों की कहासुनी होने लगी। आरोप है कि चालक-परिचालकों ने शिकायत करने वाले यात्रियों को धमकी भी दी। इसके बाद कुछ दूर आगे बढ़ने पर ढाबा पर बस को रोक दिया गया। यहां से बस चली तो चालक तेज रफ्तार से बस को भगाने लगा, कई जगह बस डिवाइडर से टकराने से बची। सोरो से लेकर बरेली तक यात्रियों को दहशत में यात्रा करनी पड़ी। उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत में जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। इस संबंध में एआरएम रुहेलखंड अरुण कुमार वाजपेई का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है, फिर भी इसकी जांच कराएंगे। दोषी मिलने पर चालक-परिचालकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

# बहराइच में दो स्थानों पर पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़, गोली लगने से दो घायल

**● बहराइच में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ हुई, जिसमें 50-50 हजार के इनामी दो अपराधी फिरोज और मुल्कराज पैर में गोली लगने से घायल हो गए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहराइच।** जिले में शनिवार की देर रात क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम, रामगांव व कैसरगंज पुलिस की शातिर अपराधियों के साथ दो अलग-अलग स्थानों पर मुठभेड़ हो गई। 50-50 हजार रुपये के इनामिया दोनों अपराधियों के पैर में मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल होने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों अपराधियों का जिले के अलावा अन्य जिलों में लंबा आपराधिक इतिहास है। जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए एसपी ने पुलिस टीमों का गठन करते हुए राजफाश करने का निर्देश दिया था। शनिवार की देर रात क्राइम ब्रांच की स्वाट व थाना रामगांव पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बीते 25 जून को बौंडी इलाके में पुलिस के साथ अपराधियों से हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी असलम पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया गया था और उसके जो दो साथी मौके से फरार हो गए थे, वे दोनों अपराधी मोटर साइकिल से भकला गोपालपुर की ओर से आ रहे हैं, उनके पास चोरी का माल और नजायज शस्त्र भी है। सूचना पर क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम व थाना रामगांव पुलिस की संयुक्त टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान अकिलापुर चौराहे से भकला गोपालपुर रोड पर पहुंचे तो दो संदिग्ध व्यक्ति एक बाइक पर सवार थे, उन्हे जब रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होने पुलिस टीम पर जानलेवा हमले की नियत से फायर कर दिया, आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा किए गए जवाबी फायर से एक अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से वह मौके पर गिर गया, जबकि उसका एक अन्य साथी मोटर साइकिल से फरार हो गया। घायल अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम फिरोज निवासी ग्राम मुड़कटी थाना बौंडी बताते हुए अपने फरार साथी का नाम मुल्कराज बताया। अभियुक्त फिरोज की तलाशी से 2040 नगद, दो झाला, दो मोबाइल, 01 देसी तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैसरगंज के रुकनापुर तिराहे से करसर बिटौरा पर कैसरगंज और स्वाट टीम के द्वारा कांबिंग के दौरान की जा रही चेकिंग में एक संदिग्ध मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार बदमाश ने पुलिस पर जानलेवा हमले की नियति से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अपराधी के पैर में गोली लगने से अपराधी वहीं गिर गया। पूछताछ में अपराधी ने अपना नाम मुल्क राज निवासी रायपुर भैसवा थाना बौंडी बताया। घायल अपराधी के पास से 10 बिछुआ, 2400 रुपये नगद, एक देशी तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस 315 बोर और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। घायल अभियुक्त मुल्कराज शातिर चोर और थाना बौंडी का हिस्ट्रीशीटर हैं व 50 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त हैं। घायल अभियुक्त मुल्कराज को भी प्राथमिक उपचार के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया है। एसपी विश्वजीत श्रीवस्तव ने मौके पर पहुंचकर दोनों घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



## दो महिलाओं के मंगलसूत्र व सोने के पेंडल हुए चोरी

**बिसवां (सीतापुर)-** मंशाराम मंदिर परिसर में सोमवार को भीड़ का फायदा उठाकर दो महिलाओं के मंगलसूत्र के सोने के पैडलम चोरी कर लिए गए। पहली घटना में नगर के कैथी टोला निवासी गीता पांडेय की बहू साक्षी पांडेय, पत्नी देवेश पांडेय, परिवार के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने आई थीं। इसी दौरान उनके मंगलसूत्र का सोने का पैडलम चोरी हो गया। दूसरी घटना में इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी रजनी, पत्नी योगेश, मुंडन संस्कार के लिए मंदिर आई थीं। भीड़ के बीच उनके मंगलसूत्र का सोने का पैडलम भी चोरी कर लिया गया। घटना के बाद पीड़ित महिलाओं ने डायल 112 और कोतवाली बिसवां पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा चोरों की तलाश में जुटी है।

## भामाशाह वेस्ट परिवार के है शिरोमणि -वैश्य नटवर गोयल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हम व्यापारियों को अपने आत्म सम्मान हेतु एकजुट रहना है एकता में ही प्रगति है। पूरा देश आज दानवीर भामाशाह का जन्मोत्सव मना रहा है। सीएम योगी ने भामाशाह के नाम पर व्यापारियों को सम्मान देने के लिए व्यापारिक कल्याण दिवस के रूप में इस दिन को घोषणा भी की। तथा आकाश देकर वैश्य समाज का सम्मान किया। आज पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद लखनऊ में लघु उद्योग निगम के वाइस चेयरमैन वैश्य नटवर गोयल के कार्यालय में भामाशाह के चित्रों पर माल्यार्पण कर द्वीप जलाकर सभी व्यापारी वर्ग ने जन्म जयंती मनाई। वैश्य सत्यप्रकाश गुलहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उद्योग व्यापार महासंघ तथा पूर्व राज्य मंत्री नानकदिन भुर्जी ने नटवर गोयल को अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया तथा सभी व्यापारी वर्ग ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

इसी के साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से आए हुए अलग-अलग क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सेवाएं देने वाले समाज सेवकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री नानक दिन भुर्जी, संपादक स्टेट हेड ज्योति गुप्ता पत्रकार, विश्व भूषण गुप्ता अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई चैरिटेबल ट्रस्ट,, पार्षद गीता गुप्ता, दीपू जयसवाल, सुनील व अन्य समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

## सुशील कुमार बच्चा का महासमिति ने किया सम्मान



**लखनऊ-** राजधानी लखनऊ में इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की मासिक बैठक सेक्टर 8 इंदिरा नगर में पीश्केश्र जैन के आवास पर हुई जिसमें इंदिरा नगर की मूलभूत जन समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान महासमिति के अध्यक्ष देवीशरण त्रिपाठी एवं महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती को लेकर मुख्य अभियंता विद्युत वितरण निगम तथा दूसरी तरफ कालोनियों में शुद्ध जल आपूर्ति को लेकर महाप्रबंधक जलकल उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा गया। बैठक के अंत में महासमिति के सदस्यों ने महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा को वित्त एवं लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति होने पर फूल मालाओं एवं अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह के दौरान बच्चा ने सभी का आभार व्यक्त किया और जनहित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, कैलाश जैन, कीर्ति चौधरी, बीश्एनश्र सिंह, नितिन पटेल, नवीन सिंह, सुशीला गुप्ता, महेश वाल्मीकि, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, सुनील त्यागी, उमाकांत सिंह, सुरेश पांडे, आरश्पीश्र सिंह, अच्छे लाल आदि शामिल हुए।

## जेठ मास की पूर्णिमा को भी शरबत वितरण किया गया



**बरेली/** जेठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामीणों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण का कार्यक्रम डंडियां सवदर अली के डॉक्टर सर्वेश गंगवार द्वारा राहगीरों को निजात दिलाने के लिए शरबत का वितरण किया गया यह कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम तीन बजे तक जारी रहा इस आयोजन में क्यों लड़िया नकटी नारायणपुर मार्ग पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया इसमें शमिल आईटी ग्राम प्रधान जगदीश उर्फ मुन्ना तुलाराम महातिया प्रधान जयवीर वर्मा सर्वेश कुमार हरि ओम वीरेंद्र पाल सुरेंद्र पाल आचार्य ओमप्रकाश नवीन कुमार तुलाराम पुजारी सहित अनेक लोग आयोजन में सहयोगी थे इस कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर सर्वेश कुमार गंगवार द्वारा आयोजित किया गया

## छेदीपुर में बने शौचालय में आने जाने का रास्ता नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैलानी-खीरी।** ग्राम पंचायत छेदीपुर में सालों से बने शौचालय में आने जाने का कोई रास्ता नहीं,जानता उठानी पड़ रही दिक्कत। सरकार द्वारा खुले में शौच जाने से बचने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रत्येक गांव में शौचालय बनवाए गए थे और बनवाए जा रहे हैं।लेकिन ग्राम छेदीपुर में खेतों के बीच शौचालय तो बनवा दिया गया,पर रास्ता नहीं दिया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग 10 से ऊपर इस शौचालय को बने हो गए हैं,पर रास्ता आज भी नहीं है।वैसे देखा गया है कि शौचालय के आस पास झाड़ियों का ढेर लगा और हालत जर्जर है।कुछ लोगों ने बताया है कि यह शौचालय पूर्व प्रधान सुमित्रा देवी पत्नी मंगू लाल के कार्यकाल में बना था,लेकिन रास्ता नहीं बना।स्क्रेटरी से पता करने पर उन्होंने बताया कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।वहीं वर्तमान प्रधान भगवान दीन ने बताया कि जब जब रास्ता बनवाने को कोशिश की गई,तो आस पास रहने वाले लड़ाई झगड़े पर अमादा हो जाते हैं।वैसे शौचालय के स्थान पर जाने से कुछ महिलाएं और पुरुष झगड़े जैसी स्थिति बनाने पर अमादा थे और कह रहे थे यह मंदिर का है।जबकि मंदिर अभी नया बन रहा है और रास्ते की जगह स्थानीय लोग चारे वाले खेत को दिखाकर रास्ते को बता रहे थे।जबकि रास्ता है ही नहीं।फिलहाल पंचायत चुनाव नजदीक हैं,तो आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है।बहुत सी महिलाओं और पुरुषों ने वर्तमान प्रधान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें सुविधाएं मिल रही हैं और सड़कें आदि सब कुछ बनवाई गई हैं।

# बरेली में अब सड़क पर कुत्तों को खाना खिलाया तो खैर नहीं, लगेगा जुर्माना

**● बरेली नगर निगम ने आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए 55 डॉग फीडिंग पॉइंट चिह्नित किए हैं और इन स्थलों के बाहर खाना खिलाने पर जुर्माना लगेगा। नदौसी में 6000 वर्गमीटर का शेल्टर होम बन रहा है और सीबीगंज में एबीसी सेंटर के संचालन के लिए टेंडर जारी किया गया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** शहर में खूंखार कुत्तों के उत्पात से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने डाग फीडिंग प्वाइंट चिह्निकरण तेज कर दिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में 55 डाग फीडिंग प्वाइंट चिह्नित कर लिए गए हैं। दावा किया जा रहा है कि जुलाई से इन डाग फीडिंग प्वाइंट पर ही संबंधित कालोनी, मुहल्लों के लोग आवारा कुत्तों को भोजन आदि दे सकेंगे। उसके अतिरिक्त स्थानों पर खाना देने पर निगम की ओर से गंदगी फैलाने पर जुर्माना और अन्य सख्ती बरती जाएगी। इसके साथ ही आवारा कुत्तों के बधियाकरण में तेजी लाने के लिए सीबीगंज के नदौसी में छह हजार वर्गमीटर में शेल्टर होम बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सीबीगंज में ही बने एनिमल बर्थ केयर सेंटर के संचालन को नए सिरे से निविदा आमंत्रित कर दी गई है। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह के अनुसार शेल्टर होम निर्माण के साथ ही शहर में डाग फीडिंग प्वाइंट भी चिह्नित किया जा रहा है। अब तक 55 प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं और चिह्निकरण का कार्य अब भी चल रहा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक जगहों से हटाने के लिए सभी निकायों को ठोस पहल करने के निर्देश दिए थे। साथ ही बीमार और खतरनाक कुत्ते जो मानक जीवन के लिए खतरा बन रहे उसे वैधानिक प्रोटोकाल के अनुसार मारने पर विचार करने को कहा था। इसके बाद निगम की ओर से शेल्टर होम बनाने के साथ ही एबीसी संचालन पर फोकस किया जा रहा है।

### इन मुहल्लों में चिह्नित किए डॉग फीडिंग प्वाइंट, लगेंगे बोर्ड-संकेतक

आवारा कुत्तों को भोजन सिर्फ चिह्नित स्थल पर ही दिया जाए इसके लिए डीडीपुरम, सीबीगंज, आवास विकास, संजय नगर, हजियापुर, नदौसी, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ समेत अन्य क्षेत्रों में आबादी से दूर 55 डॉग फीडिंग प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं। इसमें आरडब्ल्यूए का भी सहयोग लेने की बात कही जा रही है।

### सीबीगंज में कई बच्चों की हो चुकी है मौत

आवारा कुत्तों के हमले से सीबीगंज में बीते पांच वर्ष में 20 से अधिक बच्चे घायल हो चुके हैं। इनमें दो बच्चों की इलाज के दौरान मौत भी हो गई थी। आए दिन इस क्षेत्र में कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आती हैं। इसी तरह ग्रीनपार्क, शहर के सिविल लाइन, सुभाषनगर समेत अन्य क्षेत्र में भी आवारा कुत्तों का उत्पात हावी है।

# बदायूं: पीएनसी के क्वालिटी इंजीनियर का शव खाई में पड़ा मिला, हत्या या हादसा... जांच में जुटी पुलिस

**● बदायूं में पीएनसी कंपनी के क्वालिटी इंजीनियर जितेंद्र चंदेल का शव बाइक समेत 10 फीट गहरी खंती में मिला। पुलिस को प्रथम दृष्टया यह सड़क हादसे का मामला लग रहा है, वे शनिवार से लापता थे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उघैती (बदायूं)।** थाना क्षेत्र में पीएनसी कंपनी में कार्यरत एक क्वालिटी इंजीनियर का शव रविवार शाम चाचीपुर भट्ठे के पास सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खंती में बाइक समेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया मौत की वजह सड़क हादसा मान रही है। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के थाना नौगांव के वार्ड नौ कुलदीप मैरिज हाउस के पीछे रहने वाले जितेंद्र चंदेल के रूप में हुई है। वह बदायूं में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएनसी कंपनी में क्वालिटी इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। स्वजन के अनुसार, जितेंद्र शनिवार दोपहर करीब दो बजे इस्लामनगर क्षेत्र में टेस्टिंग कार्य के लिए बाइक से निकले थे। इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे संपर्क नहीं हो सका। उघैती पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। काफी तलाश के बाद रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे चाचीपुर के पास उनका शव और बाइक खंती में मिले। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृत्यु की जानकारी के बाद से स्वजन में कोहराम मचा हुआ है।

## परसेंडी चौराहे पर हर्षित पुस्तक भंडार का हुवा भव्य उद्घाटन

**तालगांव सीतापुर-** विकासखंड परसेंडी क्षेत्र के अंतर्गत परसेंडी चौराहे पर हर्षित पुस्तक भंडार शॉप का भव्य उद्घाटन किया गया। पुस्तक भंडार का उद्घाटन क्षेत्रीय नि. विधायक सुनील वर्मा भारतीय जनता पार्टी ने फीता काटकर किया पुस्तक भंडार के प्रोपराइटर सेक्रेट्री धिमौरा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शॉप पर समस्त प्रकार की किताबे ,रजिस्टर,उपस्तिथि पंजिका, पेन, कॉपी,रबर , कटर,पेंसिल,आदि उपलब्ध है एवम आने वाले समय में आधार द्वारा नकद आहरण ,जमा ,फोटो कापी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी नि. विधायक सुनील वर्मा ने प्रोपराइटर का हौसला अफजाई करते हुए हुए शॉप के उद्घाटन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी। इस मौके पर क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र राजवंशी,प्रतिनिधि संजय वर्मा इटारी,प्रधान राम मिलन दुघरा,प्रधान अरविंद कुमार पट्टी सेवई,पूर्व प्रधान अतुल वर्मा पट्टी सेवई,पूर्व प्रधान अशोक कुमार अन्नू जमुनापुर,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अनूप सिंह मोहरैया सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर गरजी प्रदेश स्तरीय बैठक, आंदोलन की चेतावनी

**● 74 जनपदों से पहुंचे करीब 250 पदाधिकारी, लंबित तीन सूत्रीय मांगों के शीघ्र समाधान की उठी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 29 जून उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक सोमवार को सिंचाई विभाग, उदयगंज स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंतलाल गौतम ने की, जबकि संचालन संघ के प्रदेश महामंत्री मयंक ने किया। बैठक में प्रदेश के 74 जनपदों से आए करीब 250 पदाधिकारियों ने भाग लिया और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मंच पर संघ के कोषाध्यक्ष अजीत वाल्मीकि, संगठन मंत्री श्रवणपाल तथा संप्रेक्षक क्रांति सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न कर्मचारी संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। इनमें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एस.पी. तिवारी, महामंत्री संजय कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष सतीश चंद्र श्रीवास्तव, संप्रेक्षक धर्मेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री रामनरेश यादव, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष रामलाल यादव, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष यू.पी. सिंह, मुख्य सलाहकार धीरेन्द्र बहादुर तथा उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन (पंचायतीराज) के प्रदेश महामंत्री अमरजीत प्रसाद मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मयंक ने कहा कि संघ की तीन सूत्रीय मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर से वार्ता के दौरान तीन माह में मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। प्रदेश अध्यक्ष बसंतलाल गौतम ने कहा कि सरकार अन्य सभी संवर्गों पर ध्यान दे रही है, लेकिन पंचायतीराज विभाग के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों से सफाई कार्य के अतिरिक्त प्लास्टिक एवं पन्नियां एकत्र कराने जैसे कार्य कराए जा रहे हैं, जो उनके मूल दायित्वों से अलग हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों का शोषण बंद नहीं हुआ और लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन जल्द ही आंदोलन की अगली रणनीति की घोषणा करेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, संप्रेक्षक, मंडल अध्यक्ष, मंडल मंत्री एवं मंडल उपाध्यक्षों सहित प्रदेशभर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सूना घर बन गया चोरों का निशाना, लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार,मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** नगर के वार्ड नंबर 03 शिव नगर कालोनी, बड़े शिवमार्ग निवासी विजय कुमार गुप्ता के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, नकदी एवं अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।पीड़ित विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 21 जून 2026 को अपने घर में ताला बंद कर वाराणसी गए हुए थे। सोमवार को उनके साले कृष्णगोपाल ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और गेट खुला पड़ा है। सूचना मिलने पर वह अपने पुत्र के साथ घर पहुंचे तो देखा कि घर के कमरों के ताले टूटे हुए थे तथा पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।पीड़ित के अनुसार, बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी के लॉकर को तोड़कर चोरों ने उनकी पत्नी माधुरी गुप्ता एवं बहू अंजली गुप्ता के दो सोने के हार, दो सोने की चेन, दो सोने के कड़े, दो मांगटीका, दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, दो करधनी सहित अन्य कीमती जेवरात चुरा लिए। इसके अलावा घर में सोलर पैनल लगवाने के लिए रखे गए दो लाख रुपये नकद भी चोर उठा ले गए। इतना ही नहीं, चोर घर के बाथरूम और किचन में लगी कुल 24 टोंटियां भी खोलकर अपने साथ ले गए।मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरी की घटना के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, जनभागीदारी से अभियान सफल बनाने के निर्देश

**देवरिया।** जुलाई माह में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई, जनजागरूकता और एहतियाती उपायों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जलभराव समाप्त करने, नालियों एवं जलजमाव वाले स्थानों पर नियमित एंटी-लार्वा छिड़काव कराने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सूअर बाड़ों को आबादी से दूर रखने और मुर्गी फार्मों में स्वच्छता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। आईसीडीएस विभाग को कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण सेवाओं से जोड़ने तथा हाई-रिस्क क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित कराने तथा आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम की सक्रिय भागीदारी को कहा। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्रों की नियमित निगरानी, कर्मियों की उपस्थिति की जांच तथा लापरवाही मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को सक्रिय करने, निजी स्थानों पर संचालित सत्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने, सभी सत्र स्थलों पर आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने तथा शत-प्रतिशत डिलीवरी रिपोर्ट पर विशेष बल दिया। बैठक में क्षय रोग नियंत्रण अभियान की भी समीक्षा की और इसे पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी विभाग अपने निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध ढंग से निर्वहन करेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, परियोजना निदेशक, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, डीसीपीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति के पुश्तैनी जमीन पर दबंगो का कब्जा

● पूर्व में रहे लेखपाल के द्वारा कूटर रचित तरीके से अपने लोगों के नाम किया गया। जमीन उसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया गया दूसरों के हाथ जमीन।

अनुसूचित जाति लगा रहे हैं कोर्ट का चक्कर नहीं मिल रहा कोई न्याय



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव के एक दर्जन से ज्यादा अनुसूचित जाति के पुश्तैनी जमीन 1375 फसली व 1415 फसली पूर्व में रहे लेखपाल छेदीलाल पटेल के द्वारा कुत्रचित तरीके से दस्तावेज तैयार करके अनुसूचित जाति की जमीन अपने लोगों के नाम करवा कर बाद में इस जमीन का बिक्री दूसरों के हाथ कर दिया गया जिससे अनुसूचित जाति के लोग एक दर्जन से ज्यादा लगा रहे हैं कोर्ट का चक्कर नहीं मिल रहा। उनको न्याय यहां तक की तहसील प्रशासन और क्षेत्रीय प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है वही पीड़ित परिवार का मांग है कि हमें उचित न्याय मिले हम लोग न्याय के चक्कर में 40 वर्षों से भटक रहे हैं हम लोगों की पुश्तैनी जमीन पहले लेखपाल के द्वारा अपने लोगों के नाम कराया गया उसके बाद जमीन को बेच लिया गया। पीड़ित परिवार के केवला पुत्र तेरसु उम्र लगभग 80 वर्ष ने बताया कि हम लोग चार भाई हैं तीन भाई मौके पर जिंदा है एक भाई की मौत हो गई है हम लोगों को प्रशासन के द्वारा इतना प्रताड़ित किया जाता है कि दबंग लोग जमीन भी पूरा कब्जा कर लिए हम लोगों की जमीन प्रशासन के द्वारा कटवाकर उनको ही दे दिया जाता है हम पूरा परिवार कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं न्याय के इतजार में बैठे हैं कब तक मिलेगा न्याय दूसरा भाई राज नारायण पुत्र तेरसु उम्र लगभग 70 वर्ष ने भी बताया कि हम लोगों के साथ फर्जी फंसा कर जमीन भी कब्जा किया गया।

वह राम लालू ने बताया कि हमारा जमीन पुलिस द्वारा एसडीम द्वारा लुटा जा रहा है हम लोगों को न्याय चाहिए हम लोग तहसील दिवस से लेकर कोर्ट तक का लगा रहे हैं चक्कर जमीन के आस में हम चारों भाइयों का पूरा परिवार एक दर्जन से ज्यादा परिवार कोर्ट का चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक नहीं मिला न्याय अब यह देखना है कि कब तक मिलता है हम लोगों को न्याय न्याय के इतजार में बैठा है एक दर्जन अनुसूचित जाति का परिवार जबकि इस मामले में तमाम यस आई व पुलिस कर्मियों को भी मिल चुकी है नोटिस।

### न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मारपीट और धोखाधड़ी का मुकदमा

**गोपीगंज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश पर गोपीगंज पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर उसके भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट, छेड़खानी, गाली-गलौज, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सुरियावां थाना क्षेत्र के रामचन्द्रपुर निवासी प्रमीला देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके भाई विक्की पाण्डेय ने ट्रक खरीदने के नाम पर वर्ष 2021 में उनसे करीब 22 लाख रुपये लिए थे। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर 24 मई 2026 को गोपीगंज स्थित सिद्धि अपार्टमेंट बुलाकर विक्की पाण्डेय, उसकी पत्नी रानी पाण्डेय तथा रामकृष्ण पाण्डेय ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री के साथ अभद्रता की गई, मोबाइल तोड़ दिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस को देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर गोपीगंज पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रितु बनी बरियाघाट रामलीला कमेटी की प्रथम महिला अध्यक्ष

● संतोष ऊमर महामंत्री एवं रविंद्र कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** बरियाघाट रामलीला कमेटी वासलीगंज मिर्जापुर की वार्षिक चुनावी बैठक पंचमुखी महादेव मंदिर स्थित सत्संग भवन में रविवार, 28 जून को देर शाम संपन्न हुई बैठक में चुनाव अधिकारी के रूप में कमेटी के संस्थापक सदस्य अक्षयवर नाथ केसरवानी उपस्थित रहे, जिनके समक्ष संरक्षक सदस्य सतीश चंद्र सर्राफ ने नए अध्यक्ष के लिए श्रीमती रीतु केसरवानी का प्रस्ताव रखा, जिसे कमेटी के लोगों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इसके साथ ही महामंत्री के रूप में संतोष ऊमर को तीसरी बार सर्वसम्मति से महामंत्री बनाया गया एवं कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता चुने गए। इस अवसर पर उपस्थित निवर्तमान अध्यक्ष अमरेश चंद्र मिश्र, पूर्व अध्यक्ष गौरव ऊमर, विवेक बरनवाल, रमाशंकर जायसवाल, अमित श्रीनेत सहित शत्रुघ्न केशरी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीतु केसरवानी एवं इस अवसर पर संस्थापक



सदस्य अछयवर नाथ केसरवानी ने कहा कि लगभग पाच दशक से अधिक समय से मेला लग रहा है। श्रीमती रितु केसरवानी मिर्जापुर के इतिहास में बरियाघाट रामलीला कमेटी की पहली बार महिला अध्यक्ष चुनी गई है। जो शशक्त नारी शक्ति का परिचायक है नव नियुक्त अध्यक्ष रितु केसरवानी ने कहा कि पंचमुखी महादेव एवं आप सभी के सहयोग से इस बार पूर्वांचल प्रसिद्ध बरिया घाट मेल को और भी शानदार ढंग से लगाने का कार्य किया जाएगा जिसमें सभी का सहयोग एवं सानिध्य अपेक्षित रहेगा। इस अवसर पर शत्रुघ्न केशरी, सभासद राधेश्याम गुप्ता, आकाश दुबे,समर चंद शर्मा,दीपक मिश्रा, विपिन पुजारी, जाह्नवी कसेरा, दीपा ऊमर , राजीव शुक्ला, गायत्री देवी,विमलेश अग्रहरि, हरिशंकर मोटवानी, प्रदीप गुप्ता, अमित गोयल, आकाश दूबे, बद्री अग्रहरि,सभासद वीरेंद्र मौर्य,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उद्योगों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : प्रभारी जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** प्रभारी जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कार्पेट सिटी औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। मुख्य प्रवेश द्वार पर हुए अतिक्रमण को हटाने, औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्पेट



एक्सपो मार्ट के संचालन के संबंध में उपायुक्त उद्योग एवं अधिकारियों ने बताया कि सीईपीसी के सदस्यों के साथ बैठक कर संचालन की रूपरेखा पर विचार किया गया है। मार्ट के संचालन एवं दुकानों के आवंटन की विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र ही जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्य के अनुरूप बैंक शाखाओं को आवेदन भेजे जा चुके हैं तथा अनेक प्रकरणों में स्वीकृति एवं ऋण वितरण की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। प्रभारी जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत प्रकरणों में ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाकर पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के औद्योगिक विकास एवं निर्यात संवर्धन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उद्योगों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए तथा जनपद में निवेश और रोजगार के अवसरों का विस्तार हो। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### मारपीट व जानलेवा हमले की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गांधी निवासी कृपाशंकर उपाध्याय ने थाना गोपीगंज में प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी एवं मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में घटना 27 जून 2026 की शाम की बताई गई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ जांच कर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लखनिया दरी जलप्रपात पर्यटक की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनिया दरी में रविवार को एक पर्यटक के डूबने से मौत हो गई। वाराणसी के जैतपुरा थाना अंतर्गत अलईपुरा से रविवार की सुबह पांच युवक मोहम्मद नासिर पुत्र मतीउर्रहमान 18वर्ष, मोहम्मद फैसल पुत्र एकलाख 17 वर्ष, मोहम्मद साकिब पुत्र समीम 18 वर्ष वाराणसी के राजपुर निवासी अलकमा 18 वर्ष व वैस 17 वर्ष दो बाइक से सवार होकर अहरौरा के समीप जलप्रपात लखनिया दरी घूमने आए थे। लखनिया दरी में डोंगिया से पानी सिंचाई हेतु छोड़ा गया है, जलप्रपात में झरना चलता देख नवयुवकों के मन में नहाने की लालसा महंगा पड़ गया। नहाते समय मोहम्मद नासिर गहरे पानी में चला गया जिसे देख साथियों में हड़कंप मच गया बचाने का प्रयास विफल होने पर घर वालों और पुलिस को सूचना दिए। थाना



प्रभारी अजय मिश्रा मौके पर पहुंचकर NDRF को सूचना दिए। शाम होने की वजह से एनडीआरएफ सोमवार की सुबह खोजबीन में जुटी। मृतक का शव बरामद कर लिया गया है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। लखनिया दरी में प्रतिबंध के बावजूद लोग लुके छिपे स्नान करने पहुंच ही जाते हैं। लोगों की असावधानी ही लोगों की जान का दुश्मन बनता है।

## प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में चोरो के द्वारा भारी सोनहुला पर किया गया हाथ साफ

● स्थानीय प्रशासन के हाथ नहीं लग रहे चोर उच्चका प्रशासन के ऊपर उठ रहा निशानियां सवाल मंदिर के अंदर हुई दर्शनार्थी महिला के साथ चोरी की घटना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा धाम मंदिर में सोमवार को दर्शन करने आई दो महिलाओं के साथ चोरी की घटना को चोरों ने दिया अंजाम। स्थानिक ग्रामीणों के मुताबिक चोर उच्चकों की कट रही चांदी, पुलिस का चोर उचक्कों में नहीं रहा खौफ, मंदिर में हर दिन बढ़ रही चोरी की वारदात, चोरी की घटना में अंकुश लगाने में स्थानीय पुलिस फेल, विवादित मंदिर प्रबंध समिति के बदौलत हो रही घटनाएं, बगैर पुलिस सत्यापन के नियुक्त हैं मंदिर प्रशासन की ओर से आधा दर्जन से अधिक पुजारी, अक्सर होती है मंदिर परिसर में छीना झपटी, प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है की हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर तथा मध्य प्रदेश के खटखरी से आई महिला श्रद्धालुओं की सोने की चैन कटी सूचना पर पहुंची पुलिस औपचारिकता के तौर पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी। स्थानी लोगों ने मंदिर प्रबंध समिति को भंग कर प्रशासन के हाथ मंदिर की जिम्मेदारी देने की कर रहे है बात।



सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में हमेशा होता रहता है चोरी की घटना नहीं जानकारी होने पर बाहरी लोगों के साथ वारदात होता है तो पुलिस उनको समझा बुझा कर भेज देती है उनके गांव बाद में नहीं चलता चोरों का पता सूत्र बताते हैं कि चोरी के वारदात में मंदिर के पुजारीयो की सम्मिलिता नजर आती है साल में जितने मेल लगते हैं गड़बड़ा शीतला धाम में हर मेल पर होता है चोरी का वारदात दर्शनार्थी महिलाएं रोकर गड़बड़ा धाम से वापस जाती है अपने घर नहीं मिलता दर्शनार्थियों को सही दर्शन पूजन करने का व्यवस्था सिर्फ चढ़ावा के फिराक में रहते हैं मंदिर के पुजारी व प्रशासन ग्रामीणों का मांग चोरी का हो खुलासा चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है हर सोमवार को लगने वाले मेले पर चोर नजर धसाए बैठे रहते हैं कब लगेगा बड़ा सामान हाथ चोरी के संबंध में हलिया थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन उठा नहीं वही क्षेत्रा अधिकारी लालगंज को भी फोन लगाया गया क्षेत्रा अधिकारी का फोन उठा नहीं कोई जबाब आया।

## कुंडीकला में 65 लाख रुपये की लागत से बनेगा सामुदायिक केंद्र, विधायक ने किया भूमिपूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद के विकास खंड डीघ अंतर्गत कुंडीकला गांव में रविवार को 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक बारात भवन (सामुदायिक केंद्र) का भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सार्वजनिक विकास के उद्देश्य से एकीकृत विकास योजना के अंतर्गत बनने वाला यह सामुदायिक केंद्र ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। भवन को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ ही परिसर में इंटरलॉकिंग, विद्युतीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान विधायक विपुल दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। सामुदायिक केंद्र जैसे जनोपयोगी निर्माण कार्य गांवों में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ समग्र विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा कि



सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका लक्ष्य है। विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और गांवों में लगातार जनहित की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से निर्माण कार्य में सहयोग करने तथा इसकी गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की। ग्रामीणों ने सामुदायिक केंद्र निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए खुशी जताई। उनका कहना था कि भवन बनने से गांव में विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। इस अवसर पर शैलेश पांडेय, विधानचंद दुबे, कमलाशंकर मिश्र, बृजेश पांडेय, शिवचंद शुक्ल, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, अभय पाण्डेय, पप्पू भारतीय, लालजी शुक्ल, संतोष पाण्डेय, राममोहन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक व उसकी मां से मारपीट

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोईलरा में पुरानी रंजिश और रास्ते से आने-जाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसकी मां के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोईलरा निवासी पंधारी यादव पुत्र विष्णु यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते 26 जून की रात लगभग नौ बजे गांव के ही जयशंकर यादव पुत्र सोहन लाल यादव तथा उसके पुत्र सनी यादव और कल्लू यादव ने पुरानी रंजिश तथा रास्ते के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पंधारी यादव की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची पंधारी यादव की माता नगीना देवी को भी आरोपितों ने लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई।घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल ज्ञानपुर रेफर कर दिया।पीड़ित की तहरीर के आधार पर गोपीगंज पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियां पूर्ण

● 02 से 04 जुलाई तक जनपद के 07 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** प्रभारी जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन आयोजन के लिए जनपद प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा का आयोजन जनपद के 07 परीक्षा केंद्रों पर 02 एवं 03 जुलाई, 2026 को प्रतिदिन दो-दो पालियों में तथा 04 जुलाई, 2026 को प्रथम पाली में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाए रखी जाएगी। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। तैनात अधिकारी परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्रों का निरीक्षण करेंगे तथा परीक्षा अवधि के दौरान लगातार निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुचित साधनों के प्रयोग की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संधारण, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, प्रवेश व्यवस्था तथा परीक्षा कक्षों में अनुशासन बनाए रखने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।



प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारु रखने तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कहा गया है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पर्याप्त पहले पहुंचें तथा अपने साथ प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र अवश्य रखें। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी भी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को लेकर प्रवेश न करें तथा परीक्षा से संबंधित सभी नियमों एवं निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत भदोही पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एंटी रोमियो टीमों एवं महिला पुलिसकर्मियों ने विद्यालयों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं व महिलाओं को उनके अधिकारों तथा महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 और सीएम हेल्पलाइन-1076 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए यह जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

● करदाताओं एवं व्यापारियों को किया गया सम्मानित, भामाशाह के त्याग और दानशीलता से प्रेरणा लेने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर तथा अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उत्कृष्ट करदाताओं एवं व्यापारियों को दानवीर भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने व्यापारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं छोटे व्यापारों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाते हुए व्यापार विस्तार का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने दानवीर भामाशाह के जीवन, त्याग और महाराणा प्रताप के संघर्ष में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। औराई विधायक दीनानाथ भास्कर ने कहा कि भामाशाह का जीवन राष्ट्रभक्ति, समर्पण और त्याग का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने व्यापारियों से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भामाशाह द्वारा महाराणा प्रताप को दिया गया आर्थिक सहयोग भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल कायम की। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के आयोजक एवं नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त राज्य कर ने भामाशाह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए व्यापारियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, राज्य कर विभाग के अधिकारी, डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, ज्ञानपुर नगर पंचायत चेयरमैन घनश्यामदास, व्यापारी, कलाकार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम की रंजिश ने लिया हिंसक रूप खैरहना गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष एक दर्जन घायल पांच की हालत गंभीर

**चंदापुर/रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र के चंदापुर थाना अंतर्गत खैरहना गांव में रविवार देर रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई जमकर लाठी-डंडों की मारपीट में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ शुक्रवार को निकले मुहर्रम के जुलूस के दौरान हुई कहासुनी बताई जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, जुलूस के दौरान अरमान ने शाकिर और शाबिर से मातम के माहौल में मजाक न करने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई और मामला रंजिश में बदल गया। बताया जाता है कि रविवार देर रात इसी पुरानी रंजिश के चलते रमजान, शाबिर और शाकिर ने अरमान पर लाठियों से हमला कर दिया। शोर सुनकर दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष के अरमान, शाहरुख और मंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के साबिर और शाकिर को भी गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा दोनों पक्षों के कई अन्य लोगों को भी चोटें लगीं। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया कि पांचों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही चंदापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों का कहना है कि यदि शुरुआती विवाद के समय ही दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया जाता, तो इतनी बड़ी घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल जिला रेफर



**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी क्रम में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मऊ नहर पुल के पास हुए इस हादसे में अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, मोतीगंज गांव निवासी 23 वर्षीय भागीरथ रविवार रात करीब नौ बजे किसी कार्य से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह मऊ नहर पुल के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भागीरथ सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और घायल भागीरथ को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कियाचिकित्सकों ने जांच के दौरान पाया कि भागीरथ का दाहिना पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और उसमें फ्रैक्चर है।सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया कि घायल युवक की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के संचालन को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मऊ नहर पुल के आसपास अक्सर तेज गति से वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अयोध्या राम मंदिर में 5 जून को अनर्थ हुआ, ट्रस्ट ने सूचना छिपाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे में कथित गबन के मामले में नए खुलासों ने विवाद को और गहरा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को इस बड़े घोटाले या चोरी की जानकारी मामले के सार्वजनिक होने से कई दिन पहले ही मिल गई थी। हालांकि, उस समय पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट के कुछ लोगों को 5 जून को आरोपी अविनाश शुक्ला के घर भेजा था। तलाशी के दौरान लाखों रुपये का कैश बरामद किया गया। इससे संकेत मिल रहा है कि पुलिस के कुछ अधिकारियों और ट्रस्ट दोनों को मामले की जानकारी पहले से थी। ट्रस्ट के उच्चाधिकारियों यानी चंपत राय आदि के अलावा ट्रस्ट के नज़दीक कुछ पुलिस अधिकारियों के पास थी। लेकिन न तो चंपत राय ने और न ही उन पुलिस अफसरों ने किसी भी तरह की एफआईआर की पहल की। कहा जा रहा है कि अविनाश शुक्ला के घर से रुपये बरामद करने के बाद चंपत राय और बाकी लोग चुप होकर बैठ गए। लेकिन अयोध्या (फैज़ाबाद) शहर में धीरे-धीरे कानोंकान यह खबर फैलने लगी। इसके बाद भाजपा के नज़दीक माने जाने वाले एक हिन्दी अखबार ने राम मंदिर में कैश चोरी और बरामदगी की पहली खबर 7 जून को छापी। इस तरह 5 जून की घटना 7 जून को सार्वजनिक हो गई। हालांकि उस हिन्दी अखबार से ऐसी खबर की उम्मीद नहीं थी। लेकिन वो छपी और राम भक्तों को जबरदस्त धक्का लगा। हालांकि, आरोप है कि अविनाश शुक्ला के घर पर छापा और लाखों की बरामदगी की कार्रवाई किसी दर्ज एफआईआर के आधार पर नहीं, बल्कि अनौपचारिक रूप से की गई थी। इसके बावजूद ट्रस्ट ने तत्काल पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई। मामला 7 जून को सार्वजनिक हुआ, जिसके बाद यह पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया और यह सवाल उठने लगे कि यदि 5 जून को ही कार्रवाई हो चुकी थी तो कानूनी प्रक्रिया शुरू करने में देरी क्यों हुई। चंपत राय के लोगों ने जो पैसे बरामद किए वो पैसे क्या ट्रस्ट में जमा कराए गए। क्या राम मंदिर का कर्मचारी अविनाश शुक्ला का लालच बढ़ गया और उसने ज्यादा कैश चोरी किया या फिर अपने हिस्से में ज्यादा पैसा ले लिया।

ये तमाम सवाल 5 जून की घटना को लेकर किए जा रहे हैं। 7 जून को हिन्दी अखबार में खबर छपने के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उसका हवाला देते हुए दावा किया था कि राम मंदिर के चढ़ावे में करोड़ों रुपये का हिसाब नहीं है और अदालत से मामले का स्वतः संज्ञान लेने की मांग की थी। इसके बाद मीडिया में इसकी कवरेज शुरू हो गई। 13 जून को मामले में लीपापोती की कोशिश शुरू हो गई। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर मामले की जांच के लिए स्ढ्ढञ्ज का गठन किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि इटावा के केदारेश्वर धाम में शिव मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद राम मंदिर जाएंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार अयोध्या दौरे के बावजूद इतनी बड़ी कथित अनियमितता कैसे नजरअंदाज हो गई। उन्होंने इसे 'दीये तले अंधेरा' जैसी स्थिति बताया। राम मंदिर में चढ़ावे और दान की कथित हेराफेरी के मामले में गिरफ्तार आठों आरोपियों के घरों पर रविवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए।शुक्रवार को आठों आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंदिर प्रबंधन से जुड़े आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से नकदी और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

## परीक्षा दिलाने के मामले को हाईकोर्ट ने सुबह छह बजे सुना, नौ बजे की परीक्षा में बैठने के दिए आदेश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने रविवार को एक अभ्यर्थी को सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) की मुख्य परीक्षा में शामिल होने के संबंध में सुबह छ बजे सुनवाई की। ग्रीष्म अवकाश के दौरान अपने आवास पर अभ्यर्थी शालिनी पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय ने उसे अंतरिम अनुमति देते हुए परीक्षा में शामिल होने का आदेश दिया। यह परीक्षा रविवार को ही सुबह नौ बजे से होनी थी। मुख्य न्यायमूर्ति की अनुमति से याची अभ्यर्थी ने अधिवक्ता के माध्यम से अर्जेंट सुनवाई का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान कहा कि न्यायहित में याची को परीक्षा में शामिल किया जाना आवश्यक है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद याची अभ्यर्थी को सुबह 9 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा में लखनऊ के किसी केंद्र में परीक्षा देने की अनुमति दी। लखनऊ पीठ में संभवतः यह पहला मौका है जब किसी मामले की सुनवाई न्यायहित में सुबह छह बजे की गई। उप्र लोकसेवा आयोग ने अभ्यर्थी को सिर्फ इस आधार पर मुख्य परीक्षा में शामिल होने से मना कर दिया था कि उसने अपने आवेदन फॉर्म की हार्डकॉपी पेश नहीं की थी। इसी आधार पर आयोग ने उसका आवेदन निरस्त कर दिया था। याची ने आयोग के इस आदेश को चुनौती देकर मुख्य परीक्षा में शामिल होने देने के अर्जेंट निर्देश जारी करने का आग्रह किया था। कोर्ट ने मामले में आयोग को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देकर अगली सुनवाई 29 जुलाई को तय की है।

## 65 साल के अपराधी को पुणे की अदालत से मृत्युदंड; बच्ची से किया था दुष्कर्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** पुणे की एक स्पेशल कोर्ट ने सोमवार को 65 वर्षीय व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है। उस पर नासरापुर गांव में तीन साल की मासूम बच्ची के अपहरण, उसके साथ बेरहमी से दुष्कर्म और हत्या का आरोप था। इस जघन्य वारदात के बाद पूरे महाराष्ट्र में भारी आक्रोश फैल गया था और कई जगह विरोध-प्रदर्शन हुए थे। इस मामले को 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' मानते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (स्पेशल जज) एस.आर. सालुंखे ने दोषी भीमराव कांबले को फांसी की सजा सुनाई। फैसला सुनाए जाने के समय कांबले कोर्ट में गवाहों के बॉक्स (विटनेस बॉक्स) में मौजूद था। फैसले का मुख्य हिस्सा पढ़ते हुए जज सालुंखे ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूत अभियोजन पक्ष के आरोपों को पूरी तरह साबित करते हैं और मामले में दोषी के खिलाफ गंभीर परिस्थितियां स्पष्ट रूप से स्थापित होती हैं। अभियोजन के अनुसार, भीमराव कांबले ने पुणे जिले के नासरापुर गांव में तीन साल की बच्ची को स्नैक्स देने और नवजात बछड़ा दिखाने का लालच देकर अपने साथ ले गया। इसके बाद वह उसे मवेशियों के बाड़े के पास बने एक शेड में ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न और अप्राकृतिक कृत्य किया। बाद में उसका मुंह दबाकर और छाती पर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। जज सालुंखे ने कहा, 'यह अपराध अत्यंत घिनौने और अमानवीय तरीके से किया गया। पीड़िता एक मासूम और पूरी तरह असहाय बच्ची थी। उसकी हत्या केवल अपनी हवस पूरी करने के लिए की गई, जो नैतिक पतन की पराकाष्ठा को दर्शाती है। यह बिना किसी उकसावे के, पूरी तरह सुनियोजित और ठंडे दिमाग से किया गया अपराध था। इसकी क्रूरता ने न केवल न्यायपालिका बल्कि पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।'

## किसानों का अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह 2 जुलाई 2026 से



**ब्यूरो प्रयागराज-** प्रयागराज भारती किसान यूनियन के किसानों ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 2 जुलाई से संगम में अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह करने की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष युवा अनुज सिंह ने बताया की शंकरगढ़ के ग्राम भादवा में प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाली सड़क बरसात के दौरान दलदल में तब्दील हो जाती है सड़क निर्माण की मांग को लेकर किसान पिछले 15 दिनों से धरने पर बैठे हैं लेकिन अब तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे और ना ही कोई ठोस कार्रवाई हुई प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर प्रमुख मांगों के समाधान का अवशोषण दिया गया था लेकिन समाधान नहीं हुआ ऐसा काम पाली ग्राम सभा में है आज 10 साल हो गया अभी तक पाली ग्राम सभा में रोड नाली तालाब नहीं खाली हुआ।

## कल्याणकारी योजना के तहत पत्नी को घर मिलने से CrPC की धारा 125 के तहत गुज़ारा-भत्ता मांगने के अधिकार से वंचित नहीं होती: इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि किसी कल्याणकारी योजना के तहत महिला को घर मिलना उसकी आजीविका का साधन नहीं माना जा सकता, जिससे वह अपने पति से CrPC की धारा 125 के तहत गुज़ारा-भत्ता मांगने के अधिकार से वंचित हो जाए। जस्टिस गरिमा प्रसाद की बेंच ने यह भी कहा कि पति केवल यह कहकर अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने की कानूनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकता कि वह बेरोज़गार है या बहुत कम कमाता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने पति द्वारा दायर एक क्रिमिनल रिविज़न याचिका खारिज की। इस याचिका में फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें उसे अपनी अलग रह रही पत्नी (प्रतिवादी नंबर 2) को 5,000 रुपये गुज़ारा-भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। रिविज़न याचिका दायर करने वाले पति का कहना था कि वह अनपढ़ है और ड्राइवर के तौर पर काम करता है, जिससे वह महीने में लगभग 5,000 रुपये कमाता है, लेकिन अभी वह बेरोज़गार है। यह भी कहा गया कि उसकी पत्नी (विपक्षी पार्टी नंबर 2) सिलाई-कढ़ाई का काम करके कमाती है और उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक घर भी मिला है। याचिकाकर्ता पति के अनुसार, उसने कभी अपनी पत्नी की उपेक्षा नहीं की और सुलह की कोशिशें भी की थीं।इसलिए यह तर्क दिया गया कि फैमिली कोर्ट ने पति की आर्थिक क्षमता से ज़्यादा गुज़ारा-भत्ता तय करके गलती की। दूसरी ओर, पत्नी ने फैमिली कोर्ट के सामने दलील दी थी कि दिसंबर 2016 में शादी के बाद उसे अतिरिक्त दहेज के लिए क्रूरता और उत्पीड़न का शिकार बनाया गया, जिसके कारण उसे अपना ससुराल छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उसने कहा कि पर्याप्त साधन होने के बावजूद, उसके पति ने उसकी उपेक्षा की और उसका भरण-पोषण करने से इनकार कर दिया। दोनों पक्षकारों की दलीलों पर विचार करते हुए जस्टिस प्रसाद ने शुरुआत में ही इस बात पर ज़ोर दिया कि CrPC की धारा 125 सामाजिक न्याय का एक उपाय है, जिसका मकसद महिलाओं को उपेक्षा और परित्याग से बचाना है। सिंगल जज ने 'चतुर्भुज बनाम सीता बाई 2007' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का ज़िक्र किया, जिसमें कहा गया कि 'अपना भरण-



पोषण करने में असमर्थ' होने का मतलब यह नहीं है कि गुज़ारा-भत्ता मांगने से पहले पत्नी का पूरी तरह से बेसहारा होना ज़रूरी है। बेंच ने 'भुवन मोहन सिंह बनाम मीना 2014' मामले का भी ज़िक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुज़ारा-भत्ता (मेंटेनेंस) की कार्यवाही का मकसद यह पक्का करना है कि पत्नी सम्मान के साथ जी सके और उसे आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। इन फैसलों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की कथित आय और कल्याणकारी लाभों के बारे में पति की दलील को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि 'सिर्फ़ दावों या बयानों को, जिनके समर्थन में कोई ठोस सबूत न हो, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सबूत नहीं माना जा सकता '।

# त्रिभाषा नीति पर सीबीएसई का यू-टर्न

**● नहीं होगी 10वीं में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड की नई गाइडलाइंस के अनुसार मौजूदा 10वीं कक्षा के छात्रों को अब तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। इस फैसले से लाखों छात्रों और अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। सीबीएसई की नई गाइडलाइंस के अनुसार मौजूदा कक्षा 10 के छात्रों पर यह नई त्रिभाषा नीति लागू नहीं होगी। इसके अलावा कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ रहे मौजूदा छात्रों को आगे चलकर कक्षा 10 में तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। जिन छात्रों ने पहले से दो विदेशी भाषाएं चुनी हैं, वे उन्हें जारी रख सकते हैं, लेकिन उनके साथ एक अतिरिक्त भारतीय भाषा पढ़ना भी जरूरी होगा। सीबीएसई की नई थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के अनुसार छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, जिनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय भाषाएं होना जरूरी है। तीसरी भाषा (R 3) के रूप में गैर-भारतीय भाषा भी चुनी जा सकती है, लेकिन शर्त यही है कि बाकी दो भाषाएं भारतीय हों। कक्षा 10 (2026-27) के मौजूदा छात्रों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्हें तीसरी भाषा की पढ़ाई या बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी और वे पुराने सिस्टम के अनुसार ही पढ़ाई जारी रखेंगे। वहीं कक्षा 9 के सभी छात्रों को तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा। इनमें से कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना जरूरी है, जबकि तीसरी भाषा के रूप में अंग्रेज़ी, फ्रेंच, जर्मन, अरबी या स्पेनिश जैसी गैर-भारतीय भाषा भी चुनी जा सकती है।सीबीएसई का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कई भारतीय भाषाओं में दक्ष बनाना और भाषा सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देना है, ताकि उनकी शिक्षा संतुलित और समग्र रूप से विकसित हो सके। बोर्ड चाहता है कि भाषा सीखना केवल एक विषय न होकर एक सार्थक, रोचक और ज्ञानवर्धक अनुभव बने, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद करे। इसके अलावा, सेकेंडरी स्टेज (कक्षा 9 और 10) में तीसरी भाषा (Rx) को शामिल करना मिडिल स्टेज (कक्षा 6 से 8) में शुरू हुई भाषा सीखने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से सीबीएसई से जुड़े स्कूलों में भाषा नीति को लागू करने के लिए विस्तृत गाइडलाइंस जारी करना आवश्यक माना गया है। अगर आप पहले से दो भारतीय भाषाएं पढ़ रहे हैं (जैसे हिंदी और तमिल), तो आप तीसरी भाषा के रूप में कोई दूसरी भारतीय भाषा या कोई गैर-भारतीय भाषा (जैसे अंग्रेज़ी या फ्रेंच) चुन सकते हैं।

अगर आप एक भारतीय और एक गैर-भारतीय भाषा पढ़ रहे हैं (जैसे तमिल और अंग्रेज़ी), तो आपको तीसरी भाषा के रूप में कोई भी भारतीय भाषा चुननी होगी। अगर आप दो गैर-भारतीय भाषाएं पढ़ रहे हैं (जैसे अंग्रेजी और फ्रेंच), तो 2026-27 के लिए एक विशेष छूट दी जाएगी। आप इन्हें जारी रख सकते हैं, लेकिन आपको तीसरी भाषा के रूप में एक भारतीय भाषा जोड़नी अनिवार्य होगी।

## नव नियुक्त काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया के नेतृत्व में संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा : रजनीकांत श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रांत सहसंयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव ने काशी स्थित प्रदेश कार्यालय में नव नियुक्त काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया से भेंट करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा आध्यात्मिक मंगलकामना के रूप में हनुमान चालीसा, आरती एवं मंत्रों का संकलन भेंट करते हुए जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन है, जहाँ समर्पित, कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत एवं संगठन के प्रति समर्पण के आधार पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाते हैं। एक साधारण कार्यकर्ता का क्षेत्रीय अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुँचना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति और संगठनात्मक परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अशोक चौरसिया के कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक दक्षता एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की कार्यशैली से काशी क्षेत्र का संगठन और अधिक सशक्त होगा। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की सभी सीटों पर ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी।

## भाजपा कार्यकर्ता की पत्नी से मोबाइल छीनकर बदमाश फरार,पुलिस से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**नैनी कोतवाली।** क्षेत्र स्थित मानस नगर मोहल्ले में रविवार शाम भाजपा कार्यकर्ता धर्मराज पटेल की पत्नी अंबिका पटेल से बाइक सवार उच्चकों ने मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। अंबिका पटेल ने नैनी चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।इस मामले में नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया की छिनैती की कोई घटना नही है यह मोबाइल चोरी की घटना है।

## विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**● मंत्री नंदी ने अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं उसका प्रयोग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सर्किट हाउस के सभागार में विकास कार्यो, कानून व्यवस्था की समीक्षा में लम्बित प्रकरणों की विवेचना समय से किए जाने गम्भीर वादों के निस्तारण में प्रभावी कार्रवाई , 112 के लिए जो रिस्पांश समय निर्धारित है, उसमें पहुंचने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले एवं प्रयोग करने वालो के विरूद्ध अभियान सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का कड़ा निर्देश मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने दिया है। अवैध खनन के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई किए जाने का गुण्डा एक्ट, गैगेस्टर एक्ट, पास्को एक्ट से सम्बंधित लम्बित विवेचनाओं को शीघ्रता से किए जाने के जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया। विद्युत बिल सुधार हेतु लम्बित आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के उन्होंने जर्जर खम्भों को तत्काल बदलने तथा निर्धारित समय के अनुसार विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने। पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए उप निदेशक कृषि को लम्बित आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने मैटेरियल की जांच भी समय-समय पर करने कहीं पर भी एक्सपायरी दवा न रहे। फैमिली आईडी बनाने के कार्य को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है।

## केला खिलाने के बाद सड़क पर फेंका छिलका, उठे स्वच्छता पर सवाल

**बिसवां, सीतापुर।** नगर में स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी को लेकर उस समय चर्चा शुरू हो गई, जब नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पु जायसवाल द्वारा एक बंदर को केला खिलाने के बाद उसका छिलका वहीं सड़क पर फेंकने का आरोप लगाया गया। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि जब सार्वजनिक जीवन से जुड़े जनप्रतिनिधि ही स्वच्छता के नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश कैसे देंगे। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के लिए उचित नहीं है और जनप्रतिनिधियों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से अपील की है कि स्वच्छता अभियान केवल प्रचार तक सीमित न रहे, बल्कि जनप्रतिनिधि भी उसका पालन करें और शहर को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## भाजपा संगठनात्मक चुनाव मे वैश्यों की उपेक्षा राजनीतिज्ञ होना जरुरी-- ध्रुवचन्द जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** पिछड़े वैश्य समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने अपना हक लेने हेतु सिर्फ़ मतदान करना एवं चन्दा देने की मानसिकता को त्याग दिया अब स्वयं विधानसभा तथा लोकसभा का चुनाव लड़ने का जज़्बा दिखाई दे रहा है। टिकट नही मिलेंगे तो निर्दल लड़ेंगे तभी पिछड़े वैश्य समाज के लोगों का चौमुखी विकास सम्भव है। स्मरण रहे कि कई समाज के लोगों मे राजनैतिज्ञ जागरूकता आई तो उनके समाज के कई प्रातों मे कई मुख्यमंत्री बने यहाँ तक कि सबसे कमजोर समाज के लोगों मे भी राजनीतिज्ञ समझदारी आई कई समाज के नेता भी कई प्रातों मे मुख्यमत्री हुए तथा केन्द्र सरकार मे बड़ी संख्या मे केबिनेट मंत्री बनाए गये वर्तमान मे भी केन्द्र एवं राज्य सरकारों मे केबिनेट मंत्री है किन्तु पिछड़े वैश्यों की संख्या केन्द्र सरकार एवं कई राज्यों की सरकारों मे केबिनेट मंत्री तक नही है अगर कहीं है तो न के बराबर है। इसका मुख्य कारण पिछड़े वैश्यों मे विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा-शक्ति न के बराबर था इसलिए अधिकतर राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में पिछड़े वैश्यों को टिकट नहीं देते थे किंतु कुछ वर्षो विशेष कर पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों भाजपा सहीत अन्य दलों से चुनाव लड़ने हेतु टिकट लेने का प्रयास किया था कुछ आंशिक सफलता उत्तर प्रदेश मे मिली थी उसका मुख्य कारण भाजपा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश आदरणीय स्वतंत्र देव सिंह थे। स्मरण रहे कि 2017 के विधानसभा चुनाव मे मात्र तीन टिकट मिला था तीनों सीटों पर बड़ी मतो से जीत हासिल हुई थी महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं महिलाओं व युवाओं का 31लोगों का प्रतिनिधि मंडल लखनऊ स्थित बंगले पर मिलकर विस्तार से अवगत कराते हुए अधिक सीट देने की मांग सिंह जी से किया गया था अध्यक्ष जी ने आश्वासन दिया था कि सन 2022 के विधानसभा चुनाव में संख्या की बढ़ोतरी अवश्य की जाएगी परिणाम स्वरूप तीन के जगह 6 टिकट मिले 5 जीते एक सीट पर हारने का मुख्य कारण उस जिले मे एक सीट भी भाजपा जीत नहीं पाई थी। स्वतंत्र देव सिंह के हटते ही 2024 के लोकसभा चुनाव में महासभा की एक भी बात नही सुनी गई 2024 के लोकसभा चुनाव मे भी एक टिकट नहीं दी गई इसकी पुनरावृत्ति हुई तो चुनाव



निर्दल लोग लड़ेंगे। यूपी कार्यकारिणी में 2026 मे भी वैश्यों की पूरी उपेक्षा जारी है एक भी उपाध्यक्ष एव एक भी महामंत्री नही बने है उक्त ब्यान अखिल भारतीय कलवार जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय महासचिव ध्रुवचन्द जायसवाल ने जारी की ध्रुवचन्द जायसवाल ने कहा कि यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चन्दभान गुप्ता के समय वैश्यों की विधानसभा मे जो विधायको की संख्या थी वह संख्या आज नहीं है जब कि जनसंख्या कई गुना बढ़ी किन्तु वैश्यों की संख्या घट गई है अब युवाओं एवं महिलाओं मे राजनैतिक जागरूकता आ रही है अपना हक लेने के लिये तेज-गति से बढ़ रहें है जो महासभा के साथ है विचारो से प्रभावित है उन्हें टिकट दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वैश्य बन्धुओं से भी तन-मन-धन के साथ सहयोग कराने की रणनीति बनी है।

# खान सर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें! बॉडीगार्ड्स के गन लाइसेंस पाए गए अवैध, केस डायरी दर्ज हुआ नया अपडेट

**● पुलिस जांच में फैजल खान के बॉडीगार्ड तालेबर सिंह और प्रदीप के हथियारों के लाइसेंस में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। तालेबर का लाइसेंस बिहार के लिए वैध नहीं था।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** पुलिस की जांच में फैजल खान के दोनों बॉडीगार्ड के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। जांच के बाद कई नए व गंभीर बिंदुओं को अपडेटेड केस डायरी का हिस्सा बनाया गया है, जो आने वाले दिनों में खान सर और उनके सुरक्षाकर्मियों की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। टाउन डीएसपी-01 ने बताया कि जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि जिस हथियार से फायरिंग की गई थी, वह तालेबर सिंह का है। तालेबर सिंह उत्तर प्रदेश के कासगंज का निवासी है। उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया है। उत्तर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने और यहां सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास कोई वैध अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद वह बिहार में अवैध रूप से बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। वहीं, दूसरे बॉडीगार्ड प्रदीप के पास ऑल इंडिया का लाइसेंस था। हालांकि दोनों पर फायरिंग करने का आरोप है। इस मामले की जांच चल रही है। फिलहाल दोनों जेल में बंद है। टाउन एसडीपीओ-1 ने बताया कि इस पूरे मामले की गहनता से वैज्ञानिक और कानूनी जांच की जा रही है। हथियारों के लाइसेंस और उनके परमिट से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला गया है, जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। ऐसे में उनके लाइसेंस रद कर हथियार सीज किए जा सकते हैं। वहीं फायरिंग मामले में कोर्ट से सजा सुनाई जा सकती है। जांच में यह भी सामने आया है कि गैर कानूनी तरीके से हथियार लेकर बिहार में नौकरी करने की जानकारी स्थानीय प्रशासन, आर्म्स मजिस्ट्रेट या संबंधित थाने को नहीं दी गई थी। पुलिस ने बताया कि जब तालेबर सिंह को अपने बॉडीगार्ड के तौर पर हायर किया था, तब उन्होंने भी इसका कभी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया। मामले की जांच केवल एक सुरक्षाकर्मी तक सीमित नहीं है। दूसरे बॉडीगार्ड प्रदीप कुमार के हथियार की जब जांच की गई, तो पता चला कि उसका हथियार उत्तर प्रदेश के मैनपुरी का है। इस हथियार के पास ऑल ओवर इंडिया का परमिट तो है, लेकिन यह लाइसेंस प्रदीप को उसके पिता की हत्या के बाद केवल सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) के लिए मुहैया कराया गया था। जांच में आरोप लगा है कि प्रदीप ने सिक्योरिटी एजेंसी के साथ मिलकर निजी फायदे के लिए इस हथियार का गलत इस्तेमाल किया, जो कि आर्म्स लाइसेंस के तय मानकों के सर्वथा विपरीत है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में फर्जी बायोमीट्रिक अधिकारी गिरफ्तार, जमुई का रहने वाला है शातिर

केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को मुजफ्फरपुर में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर के मिठनपुरा स्थित चैपमैन बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक शातिर युवक खुद को बायोमीट्रिक सत्यापन करने वाली एजेंसी का बड़ा अधिकारी बताकर केंद्र के भीतर घुसने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, मौके पर तैनात असली बायोमीट्रिक टीम की मुस्तैदी और सतर्कता के कारण इस जालसाज को रंगे हाथ दबोच लिया गया। केंद्राधीक्षक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो जमुई जिले का रहने वाला है। चैपमैन स्कूल परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के अंगूठे के निशान और बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए 'टाइम' कंपनी की ओर से कुल 11 कर्मचारियों की आधिकारिक ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें 9 ऑब्जर्वर और 2 सुपरवाइजर शामिल थे। परीक्षा शुरू होने के दौरान ही एक अज्ञात युवक अचानक केंद्र के भीतर दाखिल हुआ। उसने वहां मौजूद कर्मियों के सामने खुद को 'सायन सियोर' कंपनी का कर्मचारी बताया और दावा किया कि उसकी ड्यूटी भी इसी केंद्र पर है। उसने अपना नाम जय प्रकाश कुमार बताते हुए खुद को कंपनी का सीएसओ (चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर) घोषित कर दिया। उसके हाव-भाव और बातचीत के तरीके को देखकर वहां पहले से मौजूद असली बायोमेट्रिक टीम को गहरा संदेह हुआ। बायोमीट्रिक टीम ने जब मुस्तैदी दिखाते हुए कथित सीएसओ जय प्रकाश से उसकी कंपनी का आईडी कार्ड (पहचान पत्र) और जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिनियुक्ति पत्र मांगा, तो वह बगलें झांकने लगा और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामला संदिग्ध लगते ही टीम ने तुरंत केंद्राधीक्षक और अपने उच्च अधिकारियों को अलर्ट किया। चूंकि मामला सिपाही भर्ती परीक्षा की सुरक्षा और पारदर्शिता से जुड़ा था, इसलिए इसकी सूचना तुरंत सिटी एसपी और एसएसपी को दी गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सिटी एसपी के निर्देश पर मिठनपुरा थाने की पुलिस तुरंत चैपमैन स्कूल पहुंची और संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाने ले आई। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के तिरकहिया गांव का रहने वाला है।

### मुजफ्फरपुर में खूनी पारिवारिक विवाद, छोटे भाई ने चक्की से वार कर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट



जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। नवादा चौक के निकट दो भाइयों के बीच हुए झगड़े में छोटे भाई ने बड़े भाई पर चक्की (जांता) से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

**सिर पर चक्की से किया हमला**

मृतक की पहचान 40 वर्षीय संतोष महतो के रूप में हुई है। वह शत्रुघ्न महतो के पुत्र थे। आरोप है कि किसी घरेलू विवाद को लेकर संतोष महतो और उनके छोटे भाई अशोक महतो के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और अशोक ने जांता से संतोष के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस**

घटना की जानकारी मिलते ही मुशहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेज दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह पारिवारिक विवाद बताई जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पटना के फतुहा में फोरलेन पर हादसा: बरात से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत

**फतुहा (पटना)।** तेज रफ्तार का कहर जारी है। एक बार फिर फतुहा में फोरलेन पर दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। घटना रविवार देर रात की है। किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक की जान चली गई। घटना से मातम पसर गया। उनकी पहचान फतुहा के डुमरी गांव निवासी विष्णुधारी यादव के पुत्र शालू कुमार (19 वर्ष) तथा मोदिर मिस्त्री के पुत्र दीपक कुमार (20) के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार शालू और दीपक एक बरात में शामिल होने गए थे। बेलदारीचक में बरात में शामिल होने के बाद दोनों देर रात लौट रहे थे। फोरलेन पर अज्ञात वाहन ने दोनों को कुचल दिया। आसपास के लोगों ने उन्हें फतुहा पीएचसी पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पहचान होने के बाद उनके स्वजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। फोरलेन पर आए दिन हो रहे हादसे पर लोगों ने चिंता जताई है। खासकर रात के समय जिस तरह से वाहन बेकाबू रहते हैं। इसपर लगाम कसने की जरूरत बताई गई। लोगों ने कहा कि तेज रफ्तार की वजह से दो परिवारों का चिराग बुझ गया। आखिर इसके लिए जिम्?मेदार कौन है।

## 20 वर्षों की सेवा के बाद मध्य विद्यालय शिवपुर की रसोइया मोहनी मसोमात को भावभीनी विदाई




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखण्ड:-** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम शिवपुर स्थित मध्य विद्यालय में सोमवार को विद्यालय की रसोइया मोहनी मसोमात को 20 वर्षों की निष्ठापूर्ण एवं सराहनीय सेवा के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह का माहौल भावुक हो गया। विद्यालय परिवार, बच्चों एवं ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि मोहनी मसोमात ने पिछले दो दशकों तक पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनका कार्यकाल पूरी तरह निष्कलंक और प्रेरणादायी रहा। उनके विद्यालय से विदा होने पर पूरा विद्यालय परिवार अपने बीच एक अभिभावक जैसी शख्सियत की कमी महसूस करेगा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संजू कुमारी ने कहा कि मोहनी मसोमात का विद्यालय परिवार के साथ 20 वर्षों का सफर आपसी प्रेम, सहयोग और आत्मीयता से भरा रहा। उन्होंने बच्चों के प्रति हमेशा मातृत्व भाव रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके योगदान को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। विदाई समारोह के दौरान बच्चे और शिक्षिकाएं भावुक हो गईं। वहीं मोहनी मसोमात भी बच्चों के साथ बिताए गए वर्षों की यादों को साझा करते हुए कई बार भावुक नजर आईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मो. एहतेशाम, शिक्षिका वैजयंती देवी, संयोजिका किरण देवी, रसोइया सुमित्रा देवी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## सागवान के पत्ते पर आमंत्रण देकर सांसद मनीष जयसवाल को दिया गया पारंपरिक न्योता

**● सांसद प्रतिनिधि रंजीत चन्द्रवंशी के पहल पर आदिवासी समाज ने सांसद को पत्ते पर लिखकर सौंपा आमंत्रण पत्र**

**मनीष जयसवाल ने कहा- प्राकृतिक पत्र से पेड़ों की कटाई कम की जा सकती है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** हूल दिवस के पावन अवसर पर खोड़ाहार आदिवासी समाज ने परंपरा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए समाज के पदाधिकारी सुनील टोप्पो ने सांसद प्रतिनिधि रंजीत चन्द्रवंशी के पहल पर हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल को सागवान के हरे-भरे पत्ते पर लिखकर पारंपरिक आमंत्रण पत्र भेंट किया और उन्हें 30 जून (मंगलवार) हूल दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यह पहल केवल एक औपचारिक आमंत्रण नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति गहरे जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश भी थी। सागवान के पत्ते में आमंत्रण देकर यह दिखाया कि कैसे बिना कागज के उपयोग के भी पारंपरिक तरीकों से महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाया जा सकता है, जिससे पेड़ों की कटाई को कम किया जा सके और प्रकृति को संरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर आदिवासी समाज के सचिव सुनील टोप्पो व सांसद प्रतिनिधि रंजीत चन्द्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से सागवान के पत्ते पर लिखा आमंत्रण पत्र सांसद को सौंपा और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सांसद मनीष जयसवाल ने इस पहल की खुले मन से सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति का संरक्षक रहा है। उनकी जीवनशैली में पर्यावरण के प्रति गहरी समझ और संवेदनशीलता दिखाई देती है, जो आज के समय में पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब पर्यावरण असंतुलन एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। सागवान के पत्ते पर आमंत्रण देना एक छोटा प्रयास जरूर है, लेकिन इसका संदेश बहुत बड़ा और दूरगामी है। श्री जयसवाल ने कहा कि यदि हम अपनी पारंपरिक जीवनशैली को अपनाएं, तो पर्यावरण पर दबाव कम किया जा सकता है।



सागवान के पत्ते पर आमंत्रण लिखने की यह परंपरा न केवल सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखती है, बल्कि कागज की खपत को घटाकर पेड़ों की रक्षा में भी योगदान देती है।

**पेड़ों की कटाई रोकने की अपील**

सांसद श्री जयसवाल ने आम लोगों से भी अपील की कि वे कागज के अनावश्यक उपयोग से बचें और जहां संभव हो वहां प्राकृतिक विकल्पों को अपनाएं। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और संतुलित प्रकृति भी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि समाज सामूहिक रूप से ऐसे छोटे-छोटे कदम उठाए, तो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बड़ा बदलाव संभव है। हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए हूल दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी।

## मुजफ्फरपुर में पुत्र व बहू ने ईंट एवं झाड़ू से पीट-पीटकर मां को मार डाला

**बेटे के रहते गांवों में मांगकर खाती थी महिला**

**मुशहरी (मुजफ्फरपुर)।** मुशहरी थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर में रविवार दोपहर एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों ने महिला के पुत्र व बहू पर ईंट एवं झाड़ू से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृत महिला की पहचान प्रहलादपुर निवासी शत्रुधन शाही की पत्नी शांति देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहें। ग्रामीणों के अनुसार मृतका शांति देवी का पुत्र मधुसूदन शाही एवं उसकी पत्नी लंबे समय से उसके साथ मारपीट व मानसिक प्रताड़ित करते थे। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों कई-कई दिनों तक उन्हें भोजन भी नहीं देते थे। मजबूर होकर वृद्धा गांव और टोले में लोगों से भोजन मांगकर गुजारा करती थी। लगातार प्रताड़ना एवं मारपीट के कारण उनकी शारीरिक स्थिति काफी कमजोर हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि शांति देवी ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परेशानी बताकर समाधान की गुहार लगाई थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद कुछ सफेदपोश लोग मामले को दबाने और लीपापोती करने में जुट गए। वहीं, मधुसूदन शाही ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप से इनकार किया है। उनका कहना है कि रविवार को सास और बहू के बीच मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। मां की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। किसी ने बताया की गाछी में गिर गई हैं, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस काफी देर तक घटना की जानकारी नहीं होने की बात कहती रही। शाम में ग्रामीणों ने एसएसपी को सूचना दी। इसके बाद मुशहरी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## सड़क पर अचानक गाय आने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो युवक गंभीर घायल



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बाँसपहाड़ी के समीप सोमवार को सड़क पर अचानक गाय आ जाने से एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मुर्गोमुंडा थाना क्षेत्र निवासी ताजमूल अंसारी (19 वर्ष) तथा अनवर हुसैन (16 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों किसी कार्य से जामताड़ा जा रहे थे। इसी दौरान बाँसपहाड़ी के पास सड़क पर अचानक गाय आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारायणपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। दोनों की स्थिति पर डॉक्टरों की निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर मवेशियों के खुलेआम विचरण पर चिंता जताते हुए प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## संवाद ने जोड़े बिखरे रिश्ते, मध्यस्थता केंद्र की पहल से फिर एक हुआ परिवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लातेहार, झारखंड:-** न्यायालय परिसर सोमवार को एक ऐसी सुखद घटना का साक्षी बना, जिसने यह साबित कर दिया कि आपसी संवाद और समझदारी से बड़े से बड़े पारिवारिक विवाद का समाधान संभव है। लंबे समय से अलग रह रहे एक दंपति ने मध्यस्थता केंद्र की पहल पर अपने मतभेद भुलाकर दोबारा साथ रहने का फैसला किया। इस निर्णय से उनके बच्चों और परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में संचालित मध्यस्थता केंद्र में दोनों पक्षों के बीच कई चरणों में बातचीत कराई गई। शांतिपूर्ण माहौल में दोनों को अपनी-अपनी बातें रखने का अवसर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने आपसी सहमति से अपने रिश्ते को एक और मौका देने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं बार एसोसिएशन लातेहार के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शहदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया तथा अधिवक्ता रंजन यादव और बिरसा उरांव ने भी लगातार समन्वय बनाकर समाधान की दिशा में प्रयास किए। समझौते के बाद दंपति अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी घर लौट गया। न्यायालय परिसर में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परिवार का टूटना केवल दो व्यक्तियों का अलग होना नहीं होता, बल्कि इसका असर बच्चों और पूरे परिवार पर पड़ता है। ऐसे में मध्यस्थता के माध्यम से परिवारों को फिर से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि मध्यस्थता केंद्र का उद्देश्य केवल कानूनी विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि संवाद के जरिए रिश्तों को बचाना और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना भी है। यह मामला इस बात का उदाहरण है कि धैर्य, विश्वास और बातचीत से पारिवारिक रिश्तों में नई शुरुआत की जा सकती है।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियन बना सुपौल का लाल, अब चीन में करेगा भारत का प्रतिनिधित्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता








**सुपौल।** जिले के सात वर्षीय होनहार खिलाड़ी गीतांक आयुष ने अपनी असाधारण प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का गौरव बढ़ाया है। उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित कियो सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप-2026 में गीतांक ने अंडर-7 वर्ष (25 किलोग्राम वर्ग) में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अब उसकी निगाह सितंबर-अक्टूबर में चीन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता पर है, जहां वह भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। 4 से 7 जून तक देहरादून के मल्टी पर्पस हॉल, परेड ग्राउंड में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बिहार की ओर से उतरे गीतांक ने पूरे टूर्नामेंट में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबले शानदार अंतर से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गीतांक के कोच सुभाष कुमार ने बताया कि पहले मुकाबले में उसने सिक्किम के रेयांश क्षेत्री को 6-0 से हराया। दूसरे दौर में कर्नाटक के एम. गौड़ा विहान को भी 6-0 से मात दी। सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश के एरोन जॉर्ज को 8-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में महाराष्ट्र के शौर्य प्रजापति को 6-0 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब गीतांक का चयन चीन में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सितंबर-अक्टूबर में होने वाली इस प्रतियोगिता में वह भारतीय टीम का हिस्सा होगा। इसके लिए उसे विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश के लिए पदक जीत सके। कम उम्र में मिली इस बड़ी उपलब्धि से गीतांक के परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव और जिले के लोगों में भी गर्व और उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गीतांक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है और वह क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बन गया है। कोच सुभाष कुमार ने विश्वास जताया कि यदि गीतांक को बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं मिलती रहीं तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के लिए स्वर्णिम सफलता अर्जित करेगा। अब पूरे जिले की उम्मीदें चीन में होने वाली प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां यह नन्हा खिलाड़ी एक बार फिर तिरंगा ऊंचा लहराने के इरादे से उतरेगा।

## लायंस क्लब ऑफ मधुपुर एवं पीएमजेएफ़ लायन सुजीत कुमार की पहल से विद्यालय में स्थापित हुई वॉटर चिलर मशीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवघर, झारखंड:-** लायंस डिस्ट्रिक्ट 322A के द्वितीय उप-जिलापाल पीएमजेएफ़ लायन सुजीत कुमार द्वारा अपनी पूज्य माता स्वर्गीय सीता देवी की स्मृति में प्रदत्त तथा लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सहयोग से राजकीयकृत +2 विद्यालय, मारगोमुण्डा में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए स्थापित वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन सोमवार को उनके करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस जनहितकारी पहल से विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्षभर शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। विशेषकर गर्मी के मौसम में यह सुविधा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुविधा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर पीएमजेएफ़ लायन सुजीत कुमार ने कहा कि समाजहित में किए जाने वाले सेवा कार्य केवल आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं करते, बल्कि सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को भी सुदृढ़ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का विकास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है और ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहने चाहिए। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि क्लब समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े अनेक सेवा प्रकल्प संचालित किए जाते रहेंगे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार ने लायंस क्लब ऑफ मधुपुर एवं पीएमजेएफ़ लायन सुजीत कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वॉटर चिलर मशीन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से समाज और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार, शिक्षक अहसान जमील, हेमचंद रजक, मोहम्मद इसराफिल, गौतम तिवारी, केशव मंडल, पुरुषोत्तम शाही, प्रेमचंद, चंदन कुमार, गजेंद्र प्रसाद, मुकेश चौधरी, विष्णु कुमार, मोहम्मद मासुम एवं प्रदीप कुमार झा, अन्य लायन सदस्य, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरपुर में सीसीटीवी और तकनीकी जांच से पुलिस ने खोला चोरी का राज, नकद व चोरी के आभूषण बरामद

**मुजफ्फरपुर।** नगर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर क्लब में 50 लाख जेवर चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस दौरान तीन शातिर को गिरफ्तार किया गया है। ठिकाने से 1.60 लाख रुपये नगद और चोरी की गई कई जेवर भी बरामद किए गए है। सिटी एसपी मो महबुल्लाह अंसारी ने इसकी जानकारी दी। बताया गया कि 22 जून की रात्रि में नगर थानान्तर्गत स्थित मुजफ्फरपुर क्लब में हो रहे रिसेप्शन समारोह के दौरान अज्ञात अभियुक्तों द्वारा बैग में रखे जेवरात एवं नगद रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में एलएस कॉलेज की प्राचार्य प्रो कनुप्रिया के द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर नगर थाना कांड दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए सफल उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक, नगर के अनुश्रवण एवं अपर पुलिस अधीक्षक, नगर-01 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में प्रभारी जिला आसूचना इकाई एवं थानाध्यक्ष, नगर की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा कांड के सफल उद्भेदन के लिए सीसीटीवी फुटेज का निरंतर अवलोकन व मानवीय एवं तकनीकी आसूचना संकलन के आधार पर लगातार कार्य किया जा रहा था।

## पटना में फर्जी पुलिस बनकर आए, सैल्यूट मारा और 28 किलोग्राम चांदी लेकर हुए फुर्र

**● पटना में फर्जी पुलिसकर्मियों ने कोलकाता के ज्वेलर्स स्टाफ से 28 किलोग्राम चांदी के जेवरात ठग लिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में खुद को पुलिसकर्मी बताकर बदमाशों ने कोलकाता की एक नामी ज्वेलरी दुकान के कर्मचारियों से 28 किलोग्राम चांदी के जेवरात ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उपेंद्र कुमार और रोहित सिंह कोलकाता के आवेद खान की दुकान खान ज्वेलर्स में काम करते हैं। दोनों कर्मचारी चांदी के जेवरात लेकर कोलकाता से बस द्वारा पटना पहुंचे थे। वे रात के करीब आठ बजे बैरिया बस स्टैंड पर उतरे। वहां से उन्हें बाकरगंज स्थित श्री ज्वेलर्स जाना था। इसके लिए दोनों ने एक ऑटो रिजर्व किया और बाकरगंज के लिए रवाना हो गए।

ऑटो जैसे ही कांटी फैक्ट्री रोड के पास पहुंचा, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां आ धमके। दोनों युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए ऑटो को रुकवा लिया और स्टाफ से पूछताछ करने लगे। इसी बीच पीछे से एक और युवक वहां पहुंचा, जिसने आते ही उन दोनों कथित पुलिसकर्मियों को बाकायदा सैल्यूट किया। इस नाटकीय घटनाक्रम के कारण पीड़ित कर्मचारियों को उन पर शक नहीं हुआ और वे उन्हें सचमुच का पुलिस अधिकारी समझ बैठे। नकली पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा और जांच का हवाला देते हुए उपेंद्र कुमार के पास मौजूद 28 किलोग्राम चांदी से भरा पिट्ठू बैग अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद उन्होंने दोनों स्टाफ से कहा कि वे पीछे-पीछे थाने पहुंचें। उपेंद्र और रोहित जब तक उनकी इस चाल को समझ पाते और कुछ प्रतिक्रिया दे पाते, तब तक तीनों संदिग्ध बदमाश बाइक पर सवार होकर 28 किलो चांदी समेत मौके से फरार हो गए। उपेंद्र के बैग में 28 किलो चांदी थी, जबकि उनके साथी रोहित के पास 33 किलो चांदी के जेवरात सुरक्षित बच गए।

**चित्रगुप्त नगर थाने में मामला दर्ज**

ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित कर्मचारियों ने तुरंत स्थानीय चित्रगुप्त नगर थाने से संपर्क किया। उपेंद्र कुमार के लिखित बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हुलिए के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि इस पूरे मामले का उद्भेदन जल्द ही कर लिया जाएगा और आरोपित सलाखों के पीछे होंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## कम पानी वाली फसलों की करें खेती, 50% अनुदान पर उपलब्ध हैं बीज

**देवरिया।** संभावित सुपर एल नीनो के प्रभाव से इस वर्ष सामान्य से कम या अनियमित वर्षा की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को खेती की रणनीति बदलने की सलाह दी है। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसान मानसून की स्थिति के अनुसार कम पानी की आवश्यकता वाली दलहनी, तिलहनी और श्री अन्न (मोटे अनाज) की फसलों को प्राथमिकता दें। ऊंची भूमि, जहां पानी नहीं रुकता, वहां धान के बजाय इन फसलों की बुआई अधिक लाभकारी होगी। उन्होंने बताया कि राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उड़द, अरहर, मूंगफली और तिल के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा मूंग, अरहर, मूंगफली, तिल, कोदो, सांवा और मडुआ के निःशुल्क मिनीकिट भी किसानों को दिए जा रहे हैं। किसानों से कृषि विभाग की वेबसाइट पर अपनी जोत के अनुसार बीजों की ऑनलाइन बुकिंग करने की अपील की गई है। बुकिंग के बाद विकासखंड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर पॉस मशीन से सत्यापन कर बीज प्राप्त किए जा सकते हैं। वहीं, जिन किसानों की भूमि नीची है और जहां वर्षा का पानी भरता है, उन्हें धान की डीएसआर (सीधी बुआई) विधि अपनाने की सलाह दी गई है।

## बीआरडी पीजी कॉलेज ने 14.14 लाख रुपये विलंब शुल्क माफी कि कुलाधिपति से लगाई गुहार

देवरिया। बीआरडी पीजी कॉलेज, देवरिया ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा आवेदन पत्रों पर लगाए गए 14.14 लाख रुपये के विलंब शुल्क को माफ करने की मांग करते हुए राज्यपाल / कुलाधिपति को पत्र भेजा है। प्राचार्य ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय में आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, लेकिन तकनीकी व नेटवर्क संबंधी समस्याओं तथा अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कुछ छात्रों के आवेदन समय से पूरे नहीं हो सके। इसके चलते विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय पर 14.14 लाख रुपये का विलंब शुल्क लगा दिया। पत्र में कहा गया है कि परीक्षा शुल्क समय से जमा कराने की सभी आवश्यक कार्रवाई की गई थी और देरी किसी वित्तीय अनियमितता के कारण नहीं हुई। महाविद्यालय ने कुलाधिपति से आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए शुल्क माफ करने की मांग की है।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

### 78 वाहनों का चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को जिलेभर में मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं शक्ति दीदी अभियान चलाया गया। विभिन्न थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरूक किया। उधर, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने शहर के गोरखपुर रोड, मालवीय रोड, बस स्टैंड, जलकल रोड और साकेत नगर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस, नो-पार्किंग और सड़क पर सवारी भरने वाले बस, ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 78 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहन सीज किए गए। यातायात पुलिस ने नियमों के पालन की अपील करते हुए कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## माह जुलाई,2026 की सिंचाई बन्धु की बैठक 14 जुलाई को

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - अधिशासी अभियन्ता एवं सचिव सिंचाई बन्धु सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र की सिंचाई बन्धु की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित की जाती है। माह जुलाई,2026 की सिंचाई बन्धु की बैठक 14 जुलाई,2026 को चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह बढ़ौली राबर्ट्सगंज में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 02.00 बजे तक लाल बहादुर पाण्डेय उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण हेतु जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारीगण को 09 जून 2026 को आयोजित बैठक में प्राप्त हुई समस्याओं का निस्तारण आख्या 7 दिवस में उपलब्ध कराने को कहा है।

# गीडा सेक्टर-22 के होटलों पर उठे सवाल, एक सप्ताह में दुष्कर्म की दूसरी घटना से मचा हड़कंप

● बिना मानकों के संचालित हो रहे होटलों पर कार्रवाई की मांग, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा।** गीडा सेक्टर-22 में संचालित हो रहे होटलों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। एक सप्ताह के भीतर होटल में युवती से दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बिना आवश्यक अनुमति और सुरक्षा मानकों के दर्जनों होटल संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ताजा मामले में एक गांव की युवती को खाना खिलाने के बहाने गीडा क्षेत्र स्थित एक होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। घटना के बाद आरोपी युवती को छोड़कर फरार हो गया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने परिजनों को पूरी जानकारी दी। पिता की तहरीर पर सहजनवा पुलिस ने आरोपी विजय प्रताप शुक्ला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता के अनुसार, आरोपी और युवती एक ही गांव के निवासी हैं तथा दोनों के बीच पहले से बातचीत होती थी। आरोप है कि इसी परिचय का फायदा उठाकर आरोपी युवती को होटल ले गया और वारदात को अंजाम दिया।

**एक सप्ताह पहले भी दर्ज हुआ था दुष्कर्म का मामला**

इससे पहले सहजनवा थाना क्षेत्र की ही एक अन्य युवती के साथ होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया था। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि रिश्तेदारी में गांव आने-जाने वाला युवक युवती को होटल ले गया और दुष्कर्म कर फरार हो गया। इस मामले में सहजनवा पुलिस ने खरैला निवासी युवराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

**बिना अनुमति संचालित होटलों पर उठ रहे सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सेक्टर-22 में दो दर्जन से अधिक होटल संचालित हैं, जिनमें अधिकांश के पास आवश्यक अनुमति और सुरक्षा संबंधी मानक नहीं हैं। फायर सेफ्टी सहित अन्य नियमों की भी अनदेखी किए जाने के आरोप हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद इन होटलों की निगरानी और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 6.इस संबंध में गीडा क्षेत्राधिकारी कीर्ति निधि आनंद ने बताया कि सभी संबंधित विभागों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर होटलों की जांच की जाएगी। मानकों, लाइसेंस और आवश्यक अभिलेखों की पड़ताल होगी तथा बिना नियमों के संचालित होटलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रतिष्ठानों को दोबारा नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ऑटो में बैठी चार महिलाओं ने रची ऐसी चाल, पैर दबाकर उड़ा दी 10 ग्राम सोने की चेन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां - गोरखपुर।** सहजनवा क्षेत्र में महिलाओं द्वारा चेन चोरी की एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। ऑटो में सवार चार महिलाओं ने पहले एक महिला का ध्यान भटकाने के लिए उसका पैर दबाना शुरू किया और फिर बड़ी सफाई से उसके गले से करीब 10 ग्राम सोने की चेन पार कर फरार हो गईं। पीड़िता को घटना की भनक तब लगी, जब वह अपने मायके पहुंची। जानकारी के अनुसार, संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के झीलखाल बंजरिया निवासी विंदू देवी अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से खलीलाबाद पहुंचीं।

वहां से ऑटो द्वारा सहजनवा आईं, जहां उनका भाई ई-रिक्शा से उन्हें घर ले जा रहा था। रास्ते में दीनदयाल राजकीय महाविद्यालय के पास चार महिलाओं ने ऑटो रुकवाकर बोकटा चौराहे तक चलने की बात कही। ऑटो में बैठने के बाद महिलाएं लगातार विंदू देवी का पैर दबाती रहीं और इसी दौरान उनके गले से सोने की चेन निकाल ली। बोकटा चौराहे पर चारों महिलाएं उतरकर फरार हो गईं। मायके पहुंचकर स्नान के दौरान जब विंदू देवी ने गले में चेन नहीं देखी तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने पिपरौली चौकी पहुंचकर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी। चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और पुलिस आसपास के साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में यात्रियों, खासकर महिलाओं के बीच दहशत का माहौल है।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता , पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर एवं गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल मार्गदर्शन में थाना पन्नूगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एवं वर्ष 2025 की पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-101/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम* में वांछित अभियुक्त संजय कुमार उर्फ संजय दीवाना पुत्र रामकुवर, निवासी ग्राम सरईगढ़ टोला खदरा, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 35 वर्ष, को दिनांक 28.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर पकरहट नहर पुलिया थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त दिनांक 13.05.2026 से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार एवं वांछित चल रहा था।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्याएं, अफसरों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार को आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही सभी पत्रावलियों और संदर्भ पत्रों का संचालन अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से किए जाने के निर्देश भी दिए। जनता दर्शन के दौरान सलेमपुर तहसील के मठिया इंदौली निवासी संदीप कुमार ने पिता की बीमारी और आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए अंत्योदय राशन कार्ड की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। वहीं, ग्राम गोबराई की पुष्पा देवी ने पारिवारिक विवाद के कारण घर में रहने नहीं दिए जाने की शिकायत की। इस पर डीएम ने उपजिलाधिकारी सदर को राजस्व टीम और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और किसी भी शिकायत को लंबित न रखें।

## देवरिया को मिल सकता है पहला राज्य विश्वविद्यालय, बीआरडी पीजी कॉलेज का प्रस्ताव शासन पहुंचा

● 70 एकड़ परिसर, 4000 विद्यार्थी, पीएचडी तक पढ़ाई और 72 नियमित शिक्षक; राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानकों का दिया हवाला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी खबर सामने आई है। बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने की कवायद तेज हो गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने उत्तर प्रदेश शासन को विस्तृत प्रस्ताव भेजकर संस्थान को राज्य विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने की मांग की है। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विश्वविद्यालय बनने के लिए आवश्यक शैक्षणिक, शोध और आधारभूत संरचना के अधिकांश मानकों को पूरा करता है। 1954 में स्थापित बीआरडी पीजी कॉलेज पूर्वांचल के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल है। वर्तमान में यहां कृषि, विज्ञान, कला और बीएड संकायों में करीब चार हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। स्नातक, परास्नातक और पीएचडी स्तर तक शिक्षा एवं शोध की सुविधा उपलब्ध है। कृषि संकाय में 11 स्नातक, चार परास्नातक और 11 शोध विषय संचालित हैं, जबकि विज्ञान और कला संकाय में भी कई विषयों में शोध कार्य हो रहा है।

प्रस्ताव के अनुसार महाविद्यालय के पास 70 एकड़ का विशाल परिसर, 55 एकड़ कृषि फार्म, आधुनिक प्रयोगशालाएं, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, बैंक, खेल मैदान, इनडोर स्टेडियम, प्लेसमेंट सेल, एनएसएस, रोवर्स-रेंजर्स और मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। संस्थान में 80 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 72 नियमित शिक्षक कार्यरत हैं।

प्राचार्य प्रो. प्रताप नारायण सिंह ने शासन को भेजे प्रस्ताव में कहा है कि प्रदेश सरकार प्रत्येक जनपद में विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। ऐसे में बीआरडी पीजी कॉलेज अपनी शैक्षणिक विरासत, संसाधनों और शोध क्षमता के आधार पर राज्य विश्वविद्यालय बनने का मजबूत दावेदार है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो देवरिया को अपना पहला राज्य विश्वविद्यालय मिलेगा और पूर्वांचल के हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। यह कदम पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# गोरखपुरः ई-रजिस्ट्री के विरोध में सातवें दिन भी प्रदर्शन, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने सरकार पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला गोरखपुर।** प्रदेश सरकार की प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में गोला तहसील परिसर में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं का आंदोलन सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने तहसील परिसर में जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उपनिबंधन कार्यालय के सामने धरना दिया। आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी ने सरकार की नीतियों की आलोचना की।

धरने को संबोधित करते हुए विनय शंकर तिवारी ने कहा कि सरकार लोककल्याण की बजाय व्यापारिक सोच के साथ काम कर रही है। उनका दावा था कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं सहित इससे जुड़े लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल व्यवस्थाओं में तकनीकी त्रुटियों के कारण आम नागरिक पहले से परेशान हैं, ऐसे में संपत्ति से जुड़े मामलों में ई-रजिस्ट्री लोगों के लिए नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करना चाहती है और पुरानी रजिस्ट्री व्यवस्था को ही जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी फिलहाल आंदोलन को समर्थन दे रही है तथा आगे की रणनीति सरकार के रुख के अनुसार तय करेगी। इस दौरान कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन, गोला के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम संबोधित ज्ञापन विनय शंकर तिवारी को सौंपा। ज्ञापन में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था वापस लेकर पुरानी प्रणाली बहाल करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रस्तावित व्यवस्था से लाखों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी और आम नागरिकों को कानूनी व तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। धरने में अध्यक्ष रंतिदेव मिश्र, महामंत्री आमोद गौड़ सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक और स्टाम्प विक्रेता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश, स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय एवं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर पहुंचकर दवा पर्चा काउंटर, वार्ड, अल्ट्रासाउंड कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, एनएससीयू कक्ष, डायलिसिस यूनिट तथा दवा वितरण काउंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद प्रभारी मंत्री विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत कलवारी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। सचिवालय में संचालित योजनाओं और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई।

आंगनबाड़ी केंद्र पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा पोषण पोटली वितरित कर कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कंपोजिट विद्यालय कलवारी में प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों से सवाल पूछकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकाधिक बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर संचालित करने के निर्देश दिए तथा पेंशन योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर बल दिया।

विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 18 घंटे से कम बिजली आपूर्ति किसी भी स्थिति में



स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभान्वित करने तथा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इसी अवसर पर ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा कवच परियोजना के अंतर्गत रोजा संस्थान के सहयोग से 50 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, जिससे बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक पल्टूराम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक राम प्रताप वर्मा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मीर अखाड़े की पारंपरिक पगड़ी की रस्म हुई संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मोहर्रम की 12वीं तारीख पर रविवार देर रात मीर साहब अखाड़े की पारंपरिक पगड़ी की रस्म सम्मान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अखाड़े से जुड़े पदाधिकारी, खिलाड़ी और स्थानीय लोग मौजूद रहे, खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। कार्यक्रम के दौरान मीर साहब अखाड़े के सदर अनवार खलीफा, नायब खलीफा अहमद खां कड़ू मामा तथा अमन बेग को विधिवत पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। पगड़ी की रस्म पूरी होने के बाद अखाड़े के खिलाड़ियों ने अपने पारंपरिक खेल और शारीरिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक युद्धक कलाओं से जुड़े विभिन्न करतब दिखाए, जिन्हें देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। उस्ताद इकबाल खलीफा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए अखाड़े की वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाया। आयोजन के दौरान मोहर्रम की परंपराओं और अखाड़ा संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। इस अवसर पर इकराम अली, खिलाड़ी शहजाद राईन, वहीद राईन, अफजल अली, इरशाद अली, इमरान खलीफा, अबरार अली, आमिर अली, आकिब अली, असद अली, दिलशाद अली, अकरम अली, सैफ अली, इसरार अली, इकरार अली सहित अखाड़े के अनेक खिलाड़ी एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे मोहर्रम की परंपराओं को जीवंत रखने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

## आग से घर गृहस्थी का सामान और नगदी जलकर हुई नष्ट, लगाई गुहार

**कोंच (जालौन)-** पनयारा गांव में तेज हवाओं के चलते एक कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। इस हादसे में गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने करीब दो लाख के नुकसान का दावा करते हुए सोमवार को एसडीएम हेमंत पटेल से आर्थिक सहायता दिलाने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र बालकिशुन घटना के समय अपने निजी कार्य से कोंच गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 11 बजे तेज हवा के कारण उनके कच्चे खपरैल मकान में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घर में रखा लगभग 8 क्विंटल गेहूं, 30 क्विंटल भूसा, पंखा, प्लास्टिक का कूलर, साइकिल, खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन, कच्चा खपरैल मकान, बांस-बल्ली तथा घर में रखी 10,500 रुपये की नकदी जलकर नष्ट हो गई। आगजनी की घटना में करीब दो लाख के नुकसान का दावा किया गया है। घटना की सूचना तत्काल यूपी 112 और दमकल विभाग को दी गई। दमकल वाहन गांव पहुंचा, लेकिन संकरे रास्ते के कारण मकान तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास कर आग पर काबू पाया। पीड़ित ने एसडीएम कोंच को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराते हुए नुकसान का आकलन कराने तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

● मानक के विपरीत खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर सख्ती, दुकानदारों को दिए गए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभागीय टीम ने मानक के विपरीत खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान ठेले, खोमचे, फलों एवं सब्जियों की दुकानों, चाट-पकौड़ी, जूस, कटे फल, मिठाइयों तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, कटे फलों की खुले में बिक्री न करने तथा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



अभियान के दौरान दुकानदारों एवं खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगा। जनसामान्य से भी अपील की गई है कि वे केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें तथा किसी भी प्रकार की खाद्य अनियमितता की सूचना संबंधित विभाग को दें।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - सोमवार दिनांक 29.06.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे। साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उत्पीड़न पाए



जाने पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन प्रकरणों में तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# संक्षिप्त खबरें

## एलीवेटेड हाइवे पर ट्रक ने मारी बाइक सवार युवक को टक्कर, युवक की मौत,चालक फरार



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना गुजैनी क्षेत्र में एलीवेटेड हाइवे पर बीतीं देर रात तेज़ रफ़्तार ट्रक की टक्कर से डियूटी से घर लौट रहे प्रिंटिंग प्रेस कर्मी की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दबौली दो निवासी गौरव त्रिवेदी 42 दादा नगर स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत थें। परिवार में पत्नी शिखा दो बेटे प्रिस और शिवम् और मां गुड्डी हैं छोटे भाई सौरभ ने बताया कि गौरव शनिवार देर रात फैक्ट्री से बाइक से घर लौट रहे थे, गुजैनी एलीवेटेड हाइवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल हैलट अस्पताल पहुंचाया,, यहां उपचार शुरू होने से पहले ही डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस को उनकी जेब से मिले मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को हादसे की सूचना दी। गुजैनी थाना प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, मामले की जांच की जा रही है।

## कानपुर शहर की बंद मिलों से बड़ी मात्रा में लोहा चोरी




**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर शहर की देश में नामी रही कपड़ा मिले बंद तों है ही बंद होने के चलते बड़ी मात्रा में कीमती मशीनें और लोहा चोरी हो रहा है इसे ठिकाने लगाने के लिए फर्जी कंपनिया बना ली गई है जिसके चलते वे विल बनाकर अन्य राज्यों में बेंच दिया जाता है, साथ ही जीएसटी की चोरी भी हो रही है, इस पर्दे के पीछे कोई बड़ा गिरोह शामिल है कानपुर पुलिस रविवार देर रात के बाद एसजीएसटी के साथ मिलकर शहर के कबाड़ के गोदामों में छापेमारी शुरू की,चोरी कहां और कितनी हुई अभी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इस गिरोह में कुछ सफ़ेद पोश नेताओं का भी हाथ हो सकता है। पुलिस की जानकारी के अनुसार कबाड़ का बडा काम करने वाला एक गिरोह बंद पड़ी मिलों में मशीनों उनकी इमारतों में लगा लोहा चुरानें का काम लंबे समय से कर रहा है पुलिस ने कुछ नाम और कुछ गोदाम चिंहित कर लिए हैं। गिरोह को पकड़ने के लिए शहर के चकेरी, नौबस्ता और आसपास के क्षेत्र में कबाड़ के गोदामों में छापेमारी की गई,शहर की बंद पड़ी मिलें हैं जैसे लक्ष्मी रतन काटन मिल,न्यू विक्टोरिया मिल, स्वदेशी काटन मिल, लाल इमली, एल्गिन मिल, इस प्रकार क़रीब 10/11 मिले शहर की बंद पड़ी है,इन मिलों से अधिकतर लोहा और मशीनरी की चोरी कर के कबाड़ में बेच दिया जाता है।

## पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रेशर हॉर्न, मॉडीफाइड साइलेंसर, हूटर लगे वाहनों के हुए चालान

**354 वाहनों पर कार्यवाही, डीसीपी यातायात की अपील यातायात नियमों का पालन करें।**

कानपुर। कानपुर नगर पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया और कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 27.06.2026 से दिनांक 28.06.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 354 वाहनों का चालान किया गया। अभियान के तहत दोपहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्रवाई की गई। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली/लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई । नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें।

# 20.98 करोड़ के कारोबार का समन मिला तो उड़े होश

**● छात्रा बोली– मेरे आधार-पैन का हुआ दुरुपयोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** शहर की एक बीए छात्रा को उस समय बड़ा झटका लगा, जब आयकर विभाग से 20 करोड़ 98 लाख रुपये की कथित आय छिपाने के मामले में समन प्राप्त हुआ। मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाली छात्रा ने आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी फर्म संचालित किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार शहर के गिरिजाबाग मोहल्ला निवासी बीए छात्रा रश्मि सविता को आयकर विभाग, चंडीगढ़ की ओर से आयकर अधिनियम की धारा 131(1) के तहत समन भेजा गया। समन में 20.98 करोड़ रुपये के कथित कारोबार और आय से संबंधित मामले में जवाब तलब किया गया।

समन मिलने के बाद रश्मि ने मामले की जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनके आधार और पैन कार्ड का कथित रूप से दुरुपयोग कर दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र में आरएस इंटरप्राइजेज नाम से फर्म संचालित की गई। छात्रा का कहना है कि न तो उसने कोई फर्म खोली है और न ही करोड़ों रुपये के किसी कारोबार से उसका कोई संबंध है। रश्मि के पिता अजय शंकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद सामान्य है और उन्होंने कभी कोई कंपनी या व्यवसाय शुरू नहीं किया। ऐसे में करोड़ों रुपये के कारोबार का नोटिस मिलने से पूरा परिवार सदमे में है।

पीड़िता ने आयकर विभाग को अपना जवाब भेज दिया है। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा है। उसने फर्जी तरीके से आधार और पैन कार्ड का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब मामले में पुलिस और आयकर विभाग की जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविकता सामने आ सकेगी।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** बिस्कोहर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरिकवा केरवानिया में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन रविवार रात्रि कथा व्यास पंडित काली प्रसाद मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का दिव्य मिलन सच्चे प्रेम, अटूट विश्वास और धर्म की विजय का प्रतीक है। विवाह प्रसंग का वर्णन सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कथा के समापन पर महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंत्र राम यादव, गीता यादव, सौदागर, मुरली, शिवदेव, जगराम, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को गिरफ़्तारी के महज़ 14 घंटे के भीतर ही मिल गई जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को मंदिर महंत पर हमले के मामले में 59 दिन तक फरार रहने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन गिरफ्तारी के महज़ 12 से 14 घंटे के भीतर ही पुलिस द्वारा शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करने के कारण उसे न्यायालय से तुरंत जमानत मिल गई और वह रिहा हो गया। कानपुर के रावतपुर इलाके में स्थित त्रिलोकी धाम आश्रम के महंत रविकांत शुक्ला पर 29 अप्रैल को अजय ठाकुर और उसके साथियों ने जानलेवा हमला किया था। घटना के बाद से ही वह फरार था। आखिरकार, पुलिस ने उसे रतनलाल नगर/बर्रा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।आरोपी अजय ठाकुर के खिलाफ हत्या के प्रयास, दुष्कर्म, लूट, पॉक्सो, और गुंडा एक्ट सहित कुल 32 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। फरार होने के बावजूद, अजय ठाकुर सोशल मीडिया पर लगातार रील्स पोस्ट करके पुलिस को चुनौती दे रहा था। पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार किया, लेकिन शांतिभंग (Section 151) की सामान्य धाराओं के तहत चालान करने के कारण वह रविवार सुबह ही जमानत पर जेल से बाहर आ गया। जेल से बाहर आते ही अजय ठाकुर ने सोशल मीडिया पर अपने समर्थकों को धन्यवाद देते हुए एक और रील पोस्ट कर दी। मात्र 12 घंटे में जमानत मिलने और सोशल मीडिया पर इस प्रकार का जश्न मनाने के कारण कानपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे।

# घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास एवं जनकल्याण कार्यों को मिली नई गति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए विधायक सरोज कुरील द्वारा विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया,,इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से किसानों, ग्रामीणों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तथा क्षेत्र के आधार भूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित 41 नवीन नलकूप परियोजना के अंतर्गत ग्राम पहेवा, खंड विकास क्षेत्र पतारा में नव निर्मित नलकूप संख्या 337 जी जी का लोकार्पण संपन्न हुआ,यह नलकूप क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के साथ क्रषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इसी क्रम में विधायक निधि योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025/26 में खंड विकास पतारा क्षेत्र के गांव भण्डारा, पहेवा, में वीरेंद्र यादव के घर से फौजी के दरवाज़े तक इटरलाकिग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। लगभग 13,77 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी विधायक निधि योजना के अंतर्गत खंड विकास भीतरगांव क्षेत्र के गुगरा गांव में सुनीर कुरील के दरवाजे से कपूर सिंह के दरवाजे तक 300 मीटर इटरलाकिग सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण भी संपन्न हुआ,20,54 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह सड़क ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। विकास की नई गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025/26 में खंड विकास भीतरगांव क्षेत्र के कुआं खेड़ा में बारातशाला से हुलासपुर डामर मार्ग तक इटरलाकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। 34,12 लाख रुपए की लागत एवं 515 मीटर लंबाई वाले इस विकास कार्य से ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन की सुविधा भी बेहतर होगी, तथा जल निकासी की सुविधा बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों के हित, जनकल्याण तथा ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के सुन्दरी करण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता हैं जनता के विश्वास और सहयोग से विकास की यह यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## घाटमपुर में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक मौत हो गई। यह घटना घाटमपुर से हमीरपुर रोड़ पर हुई, जहां ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। आपको बताते चलें कि म्रतक की पहचान झांसी निवासी सुजीत राठौर पुत्र रामेश्वर राठौर के रुप में हुई है, सुजीत अपनी पत्नी प्रभा के साथ घाटमपुर कस्बे के टीचर कालौनी मोहल्ले में किराए के कमरे में रहता था, और प्राइवेट काम करता था,उनकी शादी को लगभग एक साल हुआ था। शनिवार देर रात सुजीत अपनी बाइक से अलिया पुर के पास से घर लौट रहे थे। हमीरपुर रोड़ के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, और घायल सुजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर ले जाया गया। वहां पर डॉक्टरो ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया, कस्बा घाटमपुर चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है, और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जारी अभियान में बर्रा पुलिस के शिकंजे में फंसा शातिर वाहन चोर, तीन वाहन भी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी बर्रा पुलिस की निरंतर सक्रियता ने एक गिरफ्तार कर उसके पास से तीन मोटर साइकिलें भी बरामद करने में सफलता प्राप्त कर ली। यह सफलता पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान के क्रम में दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त सुमित रामटेक के निर्देशन व एसीपी नौबस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बर्रा रविंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिली। अब पुलिस के गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक तीन मोटर साइकिलों समेत इस शातिर वाहन चोर गणेश उर्फ चेतन वर्मा पुत्र राज कुमार वर्मा निवासी 386 के ब्लॉक पार्क के कोने पर थाना बर्रा को गिरफ्तार करने वाली इस टीम में सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह, संदीप कुमार सेन, कांस्टेबल , अंकुर पंवार, बबलू कुमार और गौरव कुमार आदि भी शामिल रहे।

अवगत कराते चलें कि तीन मोटर साइकिलों समेत इस शातिर वाहन चोर गणेश उर्फ चेतन वर्मा को जिस चौकी क्षेत्र बर्रा में गिरफ्तार करने जैसी महत्व पूर्ण सफलता मिली। आजकल उसकी कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल सब इंस्पेक्टर समर सिंह के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके चौकी प्रभारी समर सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ विभाग में सराहनीय सेवाओं के अनुभवी सब इंस्पेक्टर समर सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी समर सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। अब वह अपनी टीम के साथ अन्य अपराधियों की तलाश में भी जुटे हैं।

# व्यापारी कल्याण दिवस समारोह में प्रतापगढ़ के 10 उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने की। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़े 10 उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सम्मानित करदाताओं को 'प्रतापगढ़ के भामाशाह' की संज्ञा देते हुए कहा कि व्यापारी समाज प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में व्यापारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन त्याग, उदारता, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा की अनुपम मिसाल है। ऐसे महान व्यक्तित्व की जयंती पर ईमानदारीपूर्वक कर अदा करने वाले व्यापारियों को सम्मानित करना समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली पहल है। अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनकी सुरक्षा तथा समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं सुझावों को उचित मंच पर रखें, जिससे उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों राजेन्द्र कुमार केसरानी, विजय कुमार गुप्ता, उमा प्रकाश अग्रहरि ने भामाशाह के त्याग, दानशीलता और राष्ट्रसेवा के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आये हुये व्यापारी प्रतिनिधियों का आभार एवं धन्यवाद उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह ने किया।

कार्यक्रम में राज्य कर विभाग प्रतापगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत विभिन्न श्रेणियों के एसजीएसटी करदाताओं में से चयनित 10 बड़े करदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चयन कारोबार की विभिन्न श्रेणियों एवं कर योगदान के आधार पर किया गया। 50 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर श्रेणी में शिवशंकर सिंह (सिद्धार्थ टीवीएस) तथा भूपेन्द्र सिंह (राठौर मेडिकल स्टोर) को सम्मानित किया गया। वहीं 5 करोड़ से 50 करोड़ रुपये की श्रेणी में वीरेन्द्र कुमार सिंह



(गांधी ऑटो सेल्स) और रामयज्ञ बरनवाल (बरनवाल आयरन स्टोर) को सम्मान मिला। इसी प्रकार 1.5 करोड़ से 5 करोड़ रुपये की श्रेणी में रविन्द्र कुमार एवं राम आसरे शुक्ला, जबकि 1.5 करोड़ रुपये तक की श्रेणी में राकेश कुमार सिंह तथा प्रीति सिंह को सम्मानित किया गया। महिला उद्यमी वर्ग में निर्मला सिंह (अक्षत ट्रेडर्स) एवं शीला त्रिपाठी (श्री बद्रीनाथ ऑटो सेल्स) को उत्कृष्ट करदाता के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग से आये प्रतिनिधि श्याम लाल वर्मा गायन मण्डली द्वारा जयन्ती पर लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आनन्द कुमार सिंह एवं इमरान खान असिस्टेण्ट कमिश्नर, राम आसरे यादव व कमलेश कुमार वर्मा राज्य कर अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मचारियो सुरेश ऊमरवैश्य, हरिकेश प्रजापति, संजीत यादव आदि ने अपना योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य कर अधिकारी सुरेश ने किया।

# मनरेगा में लूट मचाने वाले कप्तानगंज बीडीओ के गले में अटका RTI का फंदा

**● आजीवन लूट में संलिप्त व कल से सेवानिवृत्ति पर जाने वाले कप्तानगंज बीडीओ राज्य सूचना आयोग में तलब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखंड कप्तानगंज मनरेगा भ्रष्टाचार व सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाने में महारत रखने वाले कप्तानगंज बीडीओ चन्द्रभान उपाध्याय भले ही 30 जून को सेवानिवृत्त हो जायेगें लेकिन राज्य सूचना आयोग ने उन्हें तलब कर उनके कृत्यों का हिसाब शुरु कर दिया है। भ्रष्टाचार करके साक्ष्य मिटाने के लिए बीडीओ का कार्यकाल हमेशा चर्चा में रहेगा।

मिली जानकारी के अनुसार कल यानी 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कप्तानगंज बीडीओ चन्द्रभान उपाध्याय का कार्यकाल काफी चर्चाओं में रहा है, मामला चाहे मनरेगा भ्रष्टाचार का हो या फिर जनसूचनाओं के जबाब से जुड़ा हो बीडीओ ने खूब मनमानी उड़ान दिखाया है। इनके कार्यकाल को आर्थिक कार्यकाल कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा क्योंकि इनका कार्यकाल मनरेगा भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है और एक भी जनसूचना आवेदन ऐसा नहीं होगा जिसका निस्तारण इनके द्वारा नियमानुसार किया गया हो, जनसूचना आवेदकों को दौड़ाने में इन्होने जो आनन्द उठाया है उसी का खामियाजा है कि ग्राम पंचायत रमवापुर के एक प्रकरण में राज्य सूचना आयोग ने इन्हें तलब कर इन्हें कृत्यों का हिसाब शुरु कर दिया है, मामले बहुतेरे हैं जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद भी इनको दौड़ भाग के अवसर मिलते रहेंगे।

## चार दुर्लभ कछुए के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** अंतू थाना के एसआई जगदेव सिंह को सूचना मिली कि जगदीशपुर गांव के पास रामनगर भोजपुर जाने वाले मार्ग पर कुछ व्यक्ति तालाब से दुर्लभ प्रजाति के कछुओं का शिकार कर बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल वहां पहुंचकर चार कछुओं को बरामद करते हुए आरोपी विश्वनाथ सरोज पुत्र शिवमूरत,मिथुन सरोज पुत्र रामपाल सरोज,अशोक सरोज पुत्र रामसजीवन,छोटे लाल सरोज पुत्र चंदिका सरोज निवासीगण ग्राम हांडौर थाना लीलापुर को हिरासत में ले लिया।वन विभाग के दरोगा परीक्षित मिश्रा सूचना पर पहुंचे और कछुओं की पहचान कर बताया कि भारतीय देशी कछुआ है जो दुर्लभ प्रजाति के है और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम अंतर्गत संरक्षित प्रजाति है। पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम अंतर्गत सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# सन्त कबीर उत्कट समाज सुधारक थे- डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महान समाज सुधारक एवं तत्वदर्शी सन्त कबीर की जयंती सृजनाकुटीर, अजीतनगर में श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सन्त कबीर की रचनाओं - तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आंखन की देखी, झीनी झीनी बीनी चदरिया, कबीर खड़ा बाजार में इत्यादि की व्याख्या भी की गई। अध्यक्षता करते हुए लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार, समीक्षक एवं अनुवादक डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि कबीर समाज में व्याप्त रूढ़ियों, कुरीतियों और अंधविश्वास के विरुद्ध खुलकर बोलते थे। जाति,पंथ, ऊंच नीच भेदभाव मिटाकर मानवता की स्थापना उनका लक्ष्य था। वे महान समाज सुधारक थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कबीर के चिंतन का केंद्र जनकल्याण था। वे कुरीतियों को दूर करने और समाज को जोड़ने पक्षधर थे और सबके अनुकूल मर्यादाजनक समाज बनाना चाहते थे। आनन्द मोहन ओझा ने कबीर पर रचना पाठ किया और कहा कि कबीर निर्गुण निराकार ब्रह्म के उपासक थे। वे विरक्त सन्त थे।संचालन साहित्यकार शिक्षक अनिल कुमार निलय ने किया। काव्यपाठ करने वालों में कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, राधेश्याम दीवाना, समाजसेवी सुनील कुमार सिंह, राजेश हर्षपुरी व सौम्या सिंह प्रमुख रहे।

## शांति भंग की आशंका में चार गिरफ्तार, 200 वाहनों का चालान

**भदोही।** जनपद पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए अभियान के तहत शांति भंग की आशंका में चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध भी पुलिस ने सघन अभियान चलाया। यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 175 दोपहिया और 25 चारपहिया वाहनों सहित कुल 200 वाहनों का चालान किया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 2 लाख 76 हजार रुपये का समन शुल्क अधिरोपित किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की है।

# सरैया अतिबल में मनरेगा कार्यों के नाम पर जारी दो फर्जी आनलाइन मस्टर रोल हुआ पूर्ण

**● आनलाइन जारी फर्जी मस्टर रोल की भुगतान की तैयारी में जुटे ग्राम प्रधान अवधेश सिंह सचिव, ज्ञ्ज्ञ व एपीओ मनरेगा की मिली भगत से ग्राम प्रधान अवधेश सिंह फर्जी भुगतान में मार सकते हैं बाजीप्रभारी बी.डी.ओ विनय कुमार द्विवेदी के लिए चुनौती बना ग्राम पंचायत सरैया अतिबल के फर्जी भुगतान को रोकना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के कड़े निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायत सरैया अतिबल में मनरेगा फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है । ग्राम प्रधान अवधेश सिंह ने नाला खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर ऑनलाइन फर्जी मस्टर रोल जारी करवा कर सरकारी धन को लूटने के प्रयास में जुटे हैं फर्जी मस्टर रोल के भुगतान को रोकना प्रभारी बी.डी.ओ दुबौलिया विनय कुमार द्विवेदी के लिए चुनौती बना हुआ है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत सरैया अतिबल में मनरेगा कार्यों के नाम पर दो फर्जी ऑनलाइन मस्टर रोल जारी हुआ था पहला कार्य राम धीरज के चक्र से धोबी घाट तक नाला खुदाई व सफाई कार्य व दूसरा कार्य रामानंद के खेत के बगल तालाब खुदाई कार्य था दोनों मनरेगा कार्यों के नाम पर प्रतिदिन 167 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई है ।मीडिया टीम ने ग्राम पंचायत सरैया अतिबल में चल रहे मनरेगा कार्यों का धरातलीय पड़ताल किया था तो ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अवधेश सिंह के द्वारा विकास कार्यों में किए जा रहे लूटमारी के खेल का खुलासा कर दिया था । ग्रामीणों ने मीडिया टीम को बताया था कि ग्राम पंचायत सरैया अतिबल में मनरेगा कार्य कहां पर होता है ? कितने मजदूर मनरेगा कार्य करते हैं ? किसी को पता ही नहीं रहता है अर्थात् मनरेगा मजदूर धरातल पर कम कागज में ज्यादा मनरेगा करते हैं।




सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान अवधेश सिंह द्वारा जारी ऑनलाइन फर्जी दोनों मस्टर रोल पूर्ण हो चुका है और ग्राम प्रधान अवधेश सिंह दोनों पूर्ण फर्जी मस्टर रोल का फर्जी भुगतान कराने के लिए एड़ी से छोटी लगा दिए हैं अर्थात् कमीशन चाहे जितना देना पड़े परन्तु पूर्ण फर्जी ऑनलाइन मस्टर रोल जीरो ना हो। सचिव , तकनीकी सहायक (जेई) व एपीओ मनरेगा भी कमीशन की लालच में आकर फर्जी भुगतान करने में पूरा सहयोग कर रहे हैं। जब जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान अवधेश सिंह को फर्जी भुगतान में पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है तो ग्राम पंचायत सरैया अतिबल का संचित विकास कैसे होगा? ग्राम पंचायत वासी 05 वर्षों से ग्राम पंचायत की विकास के लिए आस लगाए बैठे हैं परंतु ग्राम पंचायत सरैया अतिबल का समग्र विकास होना मुश्किल है। अब देखना यह है कि प्रभारी खंड विकास अधिकारी दुबौलिया विनय कुमार द्विवेदी ग्राम पंचायत सरैया अतिबल के पूर्ण फर्जी मस्टर रोल भुगतान को रोक पाते हैं या लेन-देन करके मामले को रफा-दफा कर देते हैं ? उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसी भी हाल में ग्राम पंचायत सरैया अतिबल में फर्जी भुगतान नहीं होने पाएगा यदि फर्जी भुगतान हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### केशव गोयल ने एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) फरीदकोट का चार्ज संभाला



**फरीदकोट-** गोयल ने आज एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) फरीदकोट का चार्ज संभाला। चार्ज संभालने के बाद, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। केशव गोयल एक अनुभवी एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर हैं और इससे पहले वे चीफ मिनिस्टर पंजाब के जॉइंट प्रिंसिपल सेक्रेटरी, AMD मिल्कफेड और डायरेक्टर, स्कूल एजुकेशन (सेकेंडरी), पंजाब के तौर पर काम कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने राज्य सरकार के अलग-अलग डिपार्टमेंट में भी अहम एडमिनिस्ट्रेटिव जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभाई हैं। चार्ज संभालने के बाद, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर केशव गोयल ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर पंजाब सरकार की पब्लिक वेलफेयर स्कीमों को असरदार तरीके से लागू करना उनकी प्रायोरिटी होगी। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की पूरी टीम के साथ कोऑर्डिनेट करके लोगों को ट्रांसपेरेंट, अकाउंटेबल और समय पर एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस देने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समय पर सॉल्यूशन और अलग-अलग डिपार्टमेंट के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन पक्का किया जाएगा।

### केतन मर्डर केसः कोर्ट ने सिया और चेतन की पुलिस कस्टडी 5 दिन और बढ़ाई

**पुणेः** पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में आरोपी सिया गोयल और चेतन की आज वडगांव कोर्ट में पेशी हुई. अदालत ने दोनों को 5 दिन के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया. अब सिया और चेतन 3 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में रहेंगे. पुलिस ने दोनों आरोपियों की दोबारा रिमांड की मांग की थी। इससे पहले पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों को लोनावला ग्रामीण पुलिस स्टेशन लाया गया. पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें वडगांव पुलिस स्टेशन के लॉकअप में रखा गया. फिर दिन में दोनों को वडगांव कोर्ट में पेश किया गया। हालांकि सिया गोयल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने पुलिस कस्टडी बढ़ाने का विरोध किया और कहा कि आरोपों को सही जांच और ट्रायल के जरिए साबित किया जाना चाहिए। वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने आईएएनएस से कहा, 'मेरी कोशिश रहेगी कि कस्टडी न बढ़े. आरोपी ने हर तरह से पुलिस का सहयोग किया है और सभी सवालों के जवाब दिए हैं. परिवार के सदस्यों ने भी अपना बयान दर्ज करवा दिया है. पुलिस को पूछताछ के लिए पर्याप्त समय मिल चुका है. आरोपी 20 साल की लड़की है, इसलिए मुझे लगता है कोर्ट भी इस पहलू को देखेगा और न्यायिक हिरासत में भेज देगा. इसके बाद हम कानूनी प्रक्रिया को बढ़ाएंगे।' आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा, 'इस मामले में तथ्य कोई साफ संकेत नहीं देते. पहली नजर में ऐसा कोई बयान नहीं है जो हत्या की दिशा में इशारा करता हो. कुछ शक के अलावा मुझे इसमें ऐसा कुछ नहीं दिखता जो ऐसे नतीजे का समर्थन करता हो।' सिया गोयल के वकील ने कहा, 'मुझे यह मानना बहुत अजीब लगता है कि इतने गंभीर आरोपों का सामना कर रही कोई आरोपी, उस व्यक्ति को जिसे वह कथित तौर पर मारना चाहती थी, चार बार उसी जगह ले जाएगी. यह बात मुझे मुमकिन नहीं लगता।' हालांकि, सूत्रों ने बताया है कि अब तक की जांच में पुलिस ने कई डिजिटल सबूत जब्त किए हैं. इसके अलावा, जिस स्थान पर केतन अग्रवाल की हत्या हुई थी, वहां घटनाक्रम का सीन रिक्रिएशन भी किया गया है।

### स्कूल वाहनों के दस्तावेजों का सत्यापन कराने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**भदोही।** जनपद के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में संचालित वाहनों की सुरक्षा एवं वैधता सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इसके तहत विद्यालय संचालकों एवं प्रबंधकों को कार्यालय बुलाकर स्कूल वाहनों के वैध अभिलेखों का सत्यापन कराया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय ने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अपने-अपने स्कूल वाहनों के वैध प्रपत्र, नंबर प्लेट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान उपस्थित विद्यालयों के अभिलेखों का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे विद्यालयों को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र अपने वाहनों के समस्त वैध दस्तावेजों का सत्यापन कराएं। बीएसए ने स्पष्ट किया कि यदि बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी विद्यालय द्वारा वाहन संचालित किया जाता है तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा तथा उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा-राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता, तीन दशक पुरानी पानी की समस्या सुलझने का दावा

**● यमुना के पानी को हरियाणा के हथिनीकुंड बराज से राजस्थान के तीन जिलों चूरू, सीकर और झुंझुनू में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए पहुंचाने के लिए आज हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सोमवार को नई दिल्ली में हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच यमुना जल परियोजना को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हुए. इस मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल भी मौजूद रहे।

**तीन दशक पुरानी समस्या का समाधान**

अमित शाह ने कहा कि इस समझौते से दोनों राज्यों के लोगों की करीब 30 साल पुरानी पानी की समस्या का समाधान हो गया है. उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकारी संघवाद' और 'संवाद से समाधान' के मंत्र का उदाहरण है. उनके मुताबिक अगर राज्य मिलकर काम करें तो लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का भी समाधान निकाला जा सकता है। यह दोनों राज्यो के लिये विन विन सिचुएशन हैं।

**राजस्थान तक पहुंचेगा यमुना का पानी**

समझौते के तहत जुलाई से अक्टूबर के बीच पश्चिमी यमुना नहर से करीब 580 एमसीएम पानी राजस्थान भेजा जाएगा. यह पानी तीन बड़ी भूमिगत पाइपलाइनों के जरिए पहुंचाया जाएगा. हर पाइपलाइन का व्यास 3.6 मीटर से अधिक होगा. इससे राजस्थान और हरियाणा के कई इलाकों में पीने के पानी की आपूर्ति होगी।

**हथिनीकुंड बैराज से बिछेगी 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन**

राजस्थान सरकार के मुताबिक, यमुना जल परियोजना के अंतर्गत राजस्थान के हिस्से का 577 एमसीएम (Million Cubic Meters) यमुना जल हरियाणा स्थित हथिनीकुंड बैराज से लगभग 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन प्रणाली के माध्यम से चूरू जिले के हंसियावास जलाशय तक पहुंचाया जाएगा. इस परियोजना की अनुमानित लागत 34,102 करोड़ रुपये है।

**इन जिलों को होगा फायदा**

सरकार के मुताबिक इस परियोजना से राजस्थान के सीकर, चूरू और झुंझुनू जिलों को फायदा मिलेगा. वहीं हरियाणा के भिवानी और फतेहाबाद के लोगों को भी पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा. सरकार का कहना है कि इससे खास तौर पर सूखे और कम बारिश वाले इलाकों को राहत मिलेगी.

**पानी का बेहतर इस्तेमाल होगा**

अमित शाह ने कहा कि बारिश का जो पानी अब तक बेकार चला जाता था, उसका बेहतर उपयोग किया जाएगा. इस पानी से लोगों की प्यास बुझाई जाएगी. बड़े तालाब भी भरे जाएंगे. इससे भूजल स्तर बढ़ाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

**विवाद से बचने का भी दावा**

सरकार के मुताबिक इस समझौते में लागत पानी के बंटवारे, रखरखाव और निगरानी जैसी सभी बातों को शामिल किया गया है. विवाद होने पर समाधान की व्यवस्था भी तय की गई है. गृहमंत्री ने कहा कि यह ऐसा प्रारूप है जो आने वाले कई दशकों तक बिना विवाद के लागू रह सकता है।

**लाखों लोगों को मिलने की उम्मीद राहत**

इस परियोजना का उद्देश्य पश्चिमी यमुना नहर से भूमिगत पाइपलाइन के जरिए राजस्थान के हिस्से का यमुना जल पहुंचाना है. सरकार का कहना है कि इससे राजस्थान को वर्ष 1994 के जल बंटवारा समझौते के तहत मिले हिस्से का बेहतर इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

## मुंबई छोड़ उतराखंड के पुश्तैनी घर और खेतों में वक्त बिता रही हैं हिमानी शिवपुरी

**● शाहरुख खान, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम कर चुकीं एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी मुंबई की चकाचौंध और ट्रैफिक से दूर उतराखंड की वादियों में वक्त बिता रही हैं।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्लीः** शाहरुख खान, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम कर चुकीं एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी मुंबई की चकाचौंध और ट्रैफिक से दूर उतराखंड की वादियों में वक्त बिता रही हैं. वहीं उन्होंने उतराखंड में अपने पुश्तैनी घर और खेतों की झलक अपनी इंस्टाग्राम फैमिली को दिखाई है. जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि बॉलीवुड और टीवी की दुनिया का जाना माना नाम बन चुकीं एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी उत्तराखंड के देहरादून में मिडिल क्लास गढ़वाली परिवार में पली-बढ़ी हैं. इसके चलते वह उतराखंड में वक्त बिताते हुए नजर आती हैं और अपनी फैमिली के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताते हुए दिखती हैं।

**पहाड़ों की सैर पर हैं हिमानी शिवपुरी**

एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी का गांव उतराखंड के भटवाड़ी में है. जहां पहाड़ों के बीच अपने परिवार के साथ वह सुकून से जिंदगी गुजार रही हैं. इसी के चलते इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी फैमिली के साथ इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया. जहां वह काफल और बेरू जैसे फलों का लुत्फ उठाते हुए नजर आई और इन फलों की खास बताती हुई दिखीं. वीडियो और तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. बॉलीवुड और टीवी की दुनिया में पहचान बनाने से पहले हिमानी शिवपुरी उत्तराखंड के देहरादून में रहा करती थीं. उनका एक मिडिल क्लास गढ़वाली परिवार था. पिता हरिदत्त भट्ट शैलेश की कविताओं और हिंदी की क्लासेस से प्रेरित होकर उन्होंने स्कूल के स्टेज पर अपनी चमक को बढ़ाया. भाई हिमांशु भट्ट के साथ खेलते हुए दून स्कूल के बॉयज हॉस्टल में ड्रामा की प्रैक्टिस की, फिर डीएवी कॉलेज से केमिस्ट्री की डिग्री ली, लेकिन दिल ने कहा कि एक्टिंग करनी है. वह दिल्ली आ गई और एनएसडी में 1982 से 1984 तक ट्रेनिंग ली, 'अब आएगा मजा' से सपोर्टिंग रोल से करियर की शुरुआत की।

## होशियारपुर में इंटेंसिफाइड पल्स पोलियो कैंपेन के पहले दिन 89,840 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**होशियारपुर-** सिविल सर्जन डॉ. मंदीप कमल ने गढ़शंकर इलाके के पोलियो बूथों का इंस्पेक्शन किया हेल्थ डिपार्टमेंट पंजाब की गाइडलाइंस के मुताबिक, होशियारपुर जिले में 28 से 30 जून तक चलाए जा रहे इंटेंसिफाइड पल्स पोलियो कैंपेन के पहले दिन, पांच साल से कम उम्र के 89,840 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई, जिसमें से 1,40,768 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का टारगेट था, जो कुल टारगेट का 63.82 परसेंट है। कैंपेन के दौरान, सिविल सर्जन डॉ. मंदीप कमल ने गढ़शंकर इलाके में अलग-अलग पोलियो बूथों और वैक्सीनेशन एक्टिविटीज़ का इंस्पेक्शन किया।

बूथों पर तैनात हेल्थ वर्कर्स से बातचीत करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी योग्य बच्चा पोलियो डोज़ से वंचित न रहे और हर बच्चे तक समय पर पहुँच पक्का किया जाए। उन्होंने टीमों के काम की तारीफ़ करते हुए उन्हें पूरी लगन से कैंपेन को सफल बनाने के लिए मोटिवेट किया। डॉ. मंदीप कमल ने कहा कि जो बच्चे किसी वजह से



पहले दिन पोलियो ड्रॉप्स से छूट गए थे, उन्हें 29 और 30 जून को घर-घर जाकर कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्थ डिपार्टमेंट की बूथ, मोबाइल और ट्रांजिट टीमें पूरे कैंपेन के दौरान एक्टिव रहेंगी ताकि हर एलिजिबल बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जा सकें। उन्होंने सभी पेरेंट्स से अपील की कि अगर उनका कोई भी पांच साल से कम उम्र का बच्चा अभी भी पोलियो डोज़ से वंचित रह गया है, तो वे हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों का सहयोग करें और अगले दो दिनों में अपने बच्चे को ज़रूरी तौर पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो-फ्री समाज बनाने के लिए लोगों का सहयोग बहुत ज़रूरी है।

## थाना मॉडल टाउन पुलिस ने इलाके में दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**लुधियाना-** माननीय पुलिस कमिश्नर लुधियाना स्वप्न शर्मा IPS और असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस सिविल लाइंस लुधियाना सरबजीत सिंह PPSG, चीफ ऑफिसर थाना मॉडल टाउन लुधियाना इंस्पेक्टर गुरशिंदर कौर की अच्छी लीडरशिप में एक टीम ने इलाके में दहशत का माहौल बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 16-06-2026 को थाना मॉडल टाउन में केस नंबर 133 के तहत सेक्शन 331(4), 305, 125, 324(4), 191(3), 190, 351(2) BNS और 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस मामले में करीब 30-35 लोगों ने डॉ. अंबेडकर नगर इलाके में जानलेवा हथियारों और गोलियों से घरों और गलियों में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए और बुरे लोगों के खिलाफ अभियान के तहत दो आरोपियों माधव चौधरी पुत्र मुकेश चौधरी उर्फ सोनू चौधरी निवासी 169/1, गली नंबर 5, डॉ. अंबेडकर नगर, लुधियाना और साहिल उर्फ पागल पुत्र सुभाष निवासी गांव महमूदपुरा, लुधियाना को गिरफ्तार किया है।

## कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ETO ने मीरां चक और मक्खनविंडी गांवों में किया पब्लिक मीटिंग प्रोग्राम

**● मौके पर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उन्हें तुरंत हल करने के निर्देश दिए**

**सुल्तानविंड चौक फ्लाईओवर लोगों को समर्पित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद**

**अमृतसर जिले में 25 जिम साइट लोगों को समर्पित, सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए प्रति**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमृतसर-** पंजाब के लोक निर्माण और बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ETO ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के मीरां चक और मक्खनविंडी गांवों में पब्लिक मीटिंग प्रोग्राम किए, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही जरूरी कार्रवाई करने और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को उनके घरों के पास सरकारी सेवाएं देने और हर समस्या को तुरंत हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोक मिलनी प्रोग्राम का मकसद लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना और सरकारी सेवाओं को और असरदार बनाना है। उन्होंने साफ किया कि विकास के कामों में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लोगों की भलाई से जुड़े हर काम को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। स. हरभजन सिंह ETO ने कहा कि आज अमृतसर जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में कुल 25 ओपन जिम साइट लोगों को समर्पित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हर जिम साइट पर करीब 5 लाख रुपये का खर्च आया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य भर में 3,500 नई जिम साइट और 3,100 खेल के मैदान बना रही है ताकि युवाओं को हेल्दी लाइफस्टाइल और खेलों से जोड़ा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आज ही माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने फरीदकोट के गांव चांद बाजा से राज्य भर में 500 जिम साइट का औपचारिक उद्घाटन किया है। कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि



सुल्तानविंड चौक पर नया फ्लाईओवर लोगों को समर्पित करना अमृतसर के विकास में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के चालू होने से अमृतसर से तरनतारन और गुरुद्वारा शहीद साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं और आम राहगीरों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी और उनका सफर आसान, सुरक्षित और समय बचाने वाला हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने और हर सेक्टर में विकास को नई गति देने के लिए लगातार काम कर रही है, जिसका फायदा राज्य के हर वर्ग को मिल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग विभागों के अधिकारी, पंच-सरपंच, गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

## धेमाजी के बाढ़ प्रभावित इलाके का जायजा लिया मंत्री केशव ओर सुशांत बोरगोहाईन ने

**● बाढ़ पीड़ितों को सहायता के लिए प्रस्तुत है सरकारः मंत्री सुशांत बोरगोहाईन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश और बड़े पैमाने पर भूमिस्खलन ने नेस्ले हिस्से की धेमाजी जिले में तबाही मचा दी है। रविवार को असम अरुणाचल के सीमांत लिकाबली से 14 किलोमीटर उपर माघी बस्ती में भयानक भूस्खलन के कारण सीजी नदी में बांध पड़ गई थी। सिलापथार से अरुणाचल प्रदेश के आलो, बसर, डापोरिजू जाने वाले सभी गाड़ियों को रोक दिया जाए। प्रदेश के लोवर सियांग जिला प्रशासन की तरफ से सावधानी बरतने के लिए माइक से घुषण करते ही धेमाजी के गाई नदी किनारे की गाओ में अफरातफरी मच गई । बंद पानी खुलने की डर से लोग बिना सोए रात बिताई। चिमेंन नदी की बढ़ती पानी ने चिमेन बालिखुटी गांव के चार लोग अपनी पशुधनों को ढूंढते हुए नदी में बहे गए इनमेसे तीन लोगों को बचा लिया



गया, लेकिन चिमेन बालिखुटी का सुदामय यादव, खबर लिखते समय तक लापता है। धेमाजी जिले में अब तक 9 राहत शिविर बनाए गए हैं। जोनाई तेहचिल में 4 सीसीबरगांव में 2 और गोगामुख में 1 राहत शिविर लगाई गई है। बाढ़ ने जिले के 300 से ज़्यादा गांवों पर असर डाला है। इनमें से 31 जोनाई तेहचील में और 14 सीसीबरगांव तेहचिल में हैं। अब तक धेमाजी जिले में लगभग 12,000 लोग बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। धेमाजी जिले में बाढ़ को मद्दनजर रखते हुए मुख्यमंत्री ने धेमाजी बाढ़ परिस्थितियों की जायजा लेने कल शाम को जल संसाधन मंत्री सुशांत बोरगोहाईन एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री केशव महंत को निर्देश दिया था। मूक7के के निर्देश अनुसार दोनों मंत्रियों ने आज जिले की बाढ़



प्रभावित इलाके एवं राहत शिविरो की दौरा कर परिस्थित का जायजा लिया। दोनों मंत्रियों ने मीडिया को दिए पानी अपनी व्यान में कहा बाढ़ पीड़ित लोगों स्वास्थ्य एवं खाद्य की ध्यान दिया गया है इसमें कई कमी नहीं है। अचानक हुई भारी बारिश के कारण इस तरह की परिस्थिति का समाना करना पड़ रही है। आज जगह जगह पानी कम हुई है। एक दो दिन बारिश नहीं होने से लोग अपनी अपनी घर वापस जा सकेंगे। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की सभी समस्याओं को जल्द ही हल करने का भी वादा किया। धेमाजी जिले की बाढ़ परिस्थिति निरीक्षण के दौरान संसद प्रदान बरुआ, विधायक भुवन पेगू, विधायक प्रशांत फूकन , विधायक जीवन गोगोई, सहित जिला प्रशासन के अधिकारियो ने दोनों मंत्रियों को संघ दिया।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल रेफर

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर शुकुलपुर गांव निवासी एक युवक द्वारा विषाक्त पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिहरपुर शुकुलपुर गांव निवासी मंजीत (40) पुत्र रामसजीवन किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अस्पताल पहुंचने के बाद कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसके मुंह से झाग निकलने लगा, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों ने तत्काल चिकित्सकों को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिकित्सकों ने युवक का परीक्षण किया। हालत गंभीर पाए जाने पर प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि युवक के पास से उसकी पत्नी का आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। हालांकि उसने किन परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन किया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। स्थानीय पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

## जर्मनी के स्टेड में अंधाधुंध गोलीबारी, 5 लोगों की मौत

**● पुलिस ने कहा कि वे शहर के केंद्र के बाहर एक इलाके में बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं. स्टेड की आबादी लगभग 50,000 है और यह हैम्बर्ग के पश्चिम में स्थित है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


जर्मनी में खुलेआम सड़क पर गोलीबारी हुई है, पुलिस ने बताया कि सोमवार को उत्तरी जर्मनी के शहर स्टेड में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई. कई लोग घायल भी हुए हैं. जर्मन समाचार एजेंसी स्त्रश्चड्ड ने पुलिस के हवाले से बताया कि दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है. कई प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई लोग गोली लगने से घायल हुए हैं. हालांकि, पुलिस ने अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शहर के केंद्र के दक्षिण में स्थित डैंकर्सस्ट्रासे की एक इमारत में





हुई. पुलिस का कहना है कि जर्मनी में हुई जानलेवा गोलीबारी के बाद अब जनता को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने कहा कि वे गोलीबारी की घटना की पृष्ठभूमि और असल में क्या हुआ था, इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल के ठीक सामने रहने वाले विटाली मर्टेंस ने बताया कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी और 'पूरे इलाके को तुरंत सील कर दिया गया.' उन्होंने आगे कहा कि 'पुलिस ने मुझे वहां से हटा दिया।' जर्मनी में बंदूक से जुड़े कानून अमेरिका की तुलना में ज्यादा सख्त हैं, और वहां बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं कम ही होती हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि ऐसी घटनाएं कभी नहीं होतीं. स्टेड की आबादी लगभग 50,000 है और यह हैम्बर्ग के पश्चिम में स्थित है।

## 108 कलशों से हुआ भगवान जगन्नाथ का महास्नान, 16 जुलाई को निकलेगी भव्य रथ यात्रा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, माता सुभद्रा एवं सुदर्शन महाराज का 108 पवित्र कलशों के जल से महास्नान स्नान पूर्णिमा विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महास्नान के उपरांत दोपहर 12 बजे भगवान ने गजानन हाथी वेश में श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन दिए।

इस अवसर पर विशेष आरती, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद बहल ने बताया कि आज के यजमान दीपक सिंघल और उनका परिवार रहा। उन्होंने बताया की स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा 13 दिनों तक 'अनसर काल' में रहेंगे। इस अवधि में भगवान अस्वस्थ माने जाते हैं और श्रद्धालुओं को प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को भगवान का नेत्रोत्सव नेत्रोत्सव आयोजित होगा, जिसमें भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा दोपहर 3 बजे सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बालक नाथ मंदिर, सेक्टर-71 मौसी घर पहुंचेगी, जहां भगवान कुछ दिनों तक विराजमान रहेंगे। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## जिले में तीन दिन के पल्स पोलियो कैंपेन की शुरुआत



**जालंधर-** माता-पिता से इस कैंपेन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए, वालिया ने कहा कि पांच साल से कम उम्र के हर बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स ज़रूर पिलानी चाहिए ताकि भारत पोलियो-फ्री देश बना रहे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों को पूरा सहयोग दें और यह पक्का करें कि इस कैंपेन के दौरान कोई भी योग्य बच्चा कवरेज से न छूटे। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राजेश गर्ग भी मौजूद थे। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि कैंपेन की सफलता के लिए जिला प्रशासन और हेल्थ डिपार्टमेंट ने बड़े पैमाने पर इंतज़ाम किए हैं। जिले भर में 2,203 टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें 2,107 घर-घर जाने वाली टीमें, 66 मोबाइल टीमें और 30 ट्रांजिट टीमें शामिल हैं। वैक्सीनेशन कैंपेन पर कड़ी नज़र रखने और इसे आसानी से चलाने के लिए 267 सुपरवाइज़र भी तैनात किए गए हैं।

## दिल्ली HC ने पलटा ट्रायल कोर्ट का आदेश, स्कूल में बच्ची से दुष्कर्म के केस में जमानत रद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनकपुरी इलाके के एक निजी स्कूल में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित 57 वर्षीय कर्मचारी ललित कुमार को ट्रायल कोर्ट की ओर से दी गई जमानत को दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को रद कर दिया। न्यायमूर्ति विनोद कुमार पीठ ने पीड़ित की अपील याचिका को स्वीकार करते हुए आरोपित ललित कुमार को एक जुलाई कोर्ट दो बजे बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण (पाक्सो) कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि अदालत दिल्ली पुलिस व पीड़ित के तर्कों से सहमत है और आरोपित की जमानत को रद किया जाता है। पुलिस की तरफ से पेश हुए एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया था कि यह इस तरह के मामले में ट्रायल कोर्ट को मुख्य आरोपित को कोई राहत देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा था कि यह पाक्सो अधिनियम की धारा-छह के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न का स्पष्ट मामला है और इसमें कम से कम 20 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने तर्क दिया था कि बच्ची ने पहले ही आरोपित की पहचान कर ली थी और उस पर विशेष आरोप लगाए थे। वहीं, पिछली सुनवाई पर पीड़िता की मां ने आरोपित के बेटे पर उन्हें डराने व धमकाने का आरोप लगाया था। आरोपित के वकील ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा था कि इस मामले के बुनियादी तथ्य टिक नहीं सकते। पीड़िता की मां ने एक मई को जनकपुरी पुलिस स्टेशन में शिकायत कराकर आरोप लगाया था कि स्कूल के समय के दौरान आरोपित ने उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था। यह भी कहा कि बच्ची 30 अप्रैल को स्कूल गई थी और घर लौटने पर उसने दर्द की शिकायत की। मां के पूछने पर लड़की ने बताया कि उसे स्कूल में एक सुनसान जगह पर ले जाया गया और वहां पर आरोपित ने उसके साथ गलत हरकत की। बच्ची की मां की



शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(एक) (दुष्कर्म) और पाक्सो एक्ट की धारा-छह (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि बच्ची ने आरोपित की पहचान की और इसके बाद स्कूल के केयरटेकर को एक मई को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, अभियोजन पक्ष के सख्त विरोध के बावजूद भी ट्रायल कोर्ट ने सात मई को आरोपित को जमानत दे दी। अधिकारियों से घटना को छिपाने के आरोप में एक शिक्षक को भी गिरफ्तार किया गया था।